रांची एवं डालटनगंज (मेदीनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 80,519.34 +622.00

डॉलर 83.519 +0.011

रांची सर्राफा
10 ग्राम 72,770 | 01 किलो 99,990

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



आषाढ़ शुक्ल पक्ष 09, संवत 2081 | रांची, सोमवार, 15 जुलाई 2024, वर्ष-25, अंक- 163, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज-12 विदेश में रहने वाले भारतीय देश के...

## एआईएम के कर्मचारी के जुबानी सुनिए कोचिंग का काला सच

**रजनीश । रांची**

**रांची ।** राजधानी में संचालित एआईएम कोचिंग संस्थान में जो गोरखधंधा चल रहा है उसकी कहानी कोई और नहीं खुद वहीं कार्यरत और संस्थान की ओर से शोषित कर्मचारी बताते हैं। उन कर्मचारियों की बताई बातों को हम हू ब हू रख रहे हैं। कर्मचारियों का नाम उनकी नौकरी और सुरक्षा के मद्देनजर गोपनीय रखा जा रहा है।

कर्मचारियों ने बताया कि हमारे यहां पढ़ने वाले बच्चे नॉन स्कूलिंग के हैं और सभी नीट के लिए इंरोल्ड हैं। नॉन स्कूलींग में आपका एडमिशन किसी स्कूल में हो जाएगा। स्कूल में नामांकन करवाना हमारे संस्थान की जिम्मेदारी है। कौन से स्कूल में नामांकन करवाते है पूछे जाने पर कर्मचारी ने कहा कि एलए गार्डन, चुटिया। इस संबंध में जब स्कूल के नंबर 9102997029 पर संपर्क कर जानकारी मांगी गई या प्रचार्य से बात कराने को कहा गया तो टाल मटोल करने के बाद फोन काट दिया गया। एआईएम कोचिंग संस्थान के कर्मचारियों ने बताया कि हमरे यहा जितने भी स्टूडेंट हैं वे यहीं पर नामांकित हैं। जब राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता ने पूछा कि स्कूल के सर्टिफिकेट का वेल्यू है ना? इसपर कहा... हां पूरा वेल्यू है। हमारे यहां सीबीएसई से नॉन स्कूलींग हो रहा है।

पढ़ाएगें हम, लेकिन सर्टिफिकेट स्कूल ही देगा जो सीबीएसई से मान्यता प्राप्त है। 11वीं का मार्क्स स्कूल से दे दिया जाएगा। 12वीं का परीक्षा देना होगा। प्रैक्टिकल का सारा माकर्स फूल मिलेगा। यह हमारी जिम्मेदारी है। 11वीं में परीक्षा नहीं देना है। रिजल्ट मिल जाएगा। सुबह 8 बजे से दो बजे तक क्लास चलता है। जैसे स्कूल में चलता है, वही हैबिट रहेगा। 6 घंटे का डेली क्लास शेड्यूल है।

**कोचिंग की कलंक कथा**

### सेवानिवृत प्रोफेसर ने बताए अपने अनुभव

रांची विवि के एक सेवानिवृत प्रोफेसर ने बताया कि रांची के अधिकतर बड़े-बड़े नामी स्कूलों में अच्छे शिक्षक नहीं है। इन नामचिन स्कूलों में जो शिक्षक पढ़ते है वे ठिक से नहीं पढ़ाते। यही कारण है कि कोचिंग संस्थान चल रहे हैं। कोचिंग संस्थानों में पढ़ाने वाले भी अच्छे नहीं है। बड़े नाम वाले स्कूल ये क्यों नहीं बताते है कि हमारे स्कूल में क्लास 1 से 12वीं तक पढ़ने वाले छात्र ने अच्छा किया है। ये स्कूल 11वीं में क्रीमी बच्चों को लेते है वही बच्चे आईआईटी, मेडिकल और अन्य परीक्षा पास करते हैं। जैसे-तैसे कोचिंग खोल रहे है और चला रहे हैं। हमारे जमाने में कोचिंग की कोई व्यवस्था नहीं थी, तो फिर कैसे अच्छा करते थे। एक बहुत बड़े नाम वाले स्कूल में बच्चे सुबह स्कूल जाना पसंद करते हैं क्योंकि इसके बाद वे कोचिंग जा कर पढ़ते हैं।




**निर्देश जारी...**

## रांची में 21 जुलाई के बाद स्मार्ट मीटर होंगे प्रीपेड



**रांची।** राजधानी रांची के उपभोक्ताओं के घरों में लगे स्मार्ट मीटर 21 जुलाई के बाद से प्रीपेड होने लगेंगे। इसे चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जायेगा। इसके लिए दिशा-निर्देश जारी किया जाएगा। इस संबंध में झारखंड ऊर्जा संचरण निगम (जेयूएसएनएल) के एमडी केके वर्मा ने बताया कि जिनका मोबाइल नंबर टैग नहीं हुआ है वह संबंधित बिजली ऑफिस जाकर कंज्यूमर नंबर के साथ अपना मोबाइल नंबर टैग करा लें, ताकि वाट्सएप पर भी सेवा मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 से बिजली राजस्व का काम देख रही एचसीएल की सेवा अब समाप्त कर दी गयी है। अब जेबीवीएनएल राजस्व के सारे काम को अपने हाथ में ले रहा है। इसी कड़ी में रांची में लगे स्मार्ट मीटर को प्रीपेड किया जायेगा। इसे डिवीजन वाइज अलग-अलग चरणों में किया जायेगा। रांची में अब तक 2.5 लाख घरों में स्मार्ट मीटर लग चुके हैं। लक्ष्य 3.5 लाख घरों का है। अबक 25 हजार उपभोक्ताओं के मीटर प्रीपेड किये जा चुके हैं। अगस्त तक सबका मीटर प्रीपेड किया जाना है।

**हौसला बुलंद** पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप के चेहरे के दाहिने हिस्से से खून बह रहा था जब उन्हें ले जाया जा रहा था, तो उन्होंने हवा में **हाथ उठाया**



# डोनाल्ड ट्रंप पर जानलेवा हमला

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर एक चुनावी रैली में जानलेवा हमला हुआ है। ट्रंप पर गोली चलाई गई, जिसमें वो घायल हो गए। उन्हें तुरंत हॉस्पिटल ले जाया गया। रिपब्लिकन पार्टी औपचारिक रूप से उन्हें व्हाइट हाउस के लिए अपना उम्मीदवार घोषित करने के लिए सम्मेलन शुरू करने वाली थी, उससे ठीक एक दिन पहले उन पर हत्या का प्रयास किया गया। गोली लगने के बाद ट्रंप जमीन पर गिर पड़े। सीक्रेट सर्विस के एजेंटों ने उन्हें बचाने के लिए ट्रंप को घेर लिया, और फिर उन्हें अंदर ले गए। पूर्व राष्ट्रपति के चेहरे के दाहिने हिस्से से खून बह रहा था। जब उन्हें ले जाया जा रहा था, तो उन्होंने हवा में हाथ उठाया। उन्हें इलाज के लिए स्थानीय चिकित्सा सुविधा में ले जाया गया। गोली चलाने वाले शूटर को उसी वक्त गोली मार दी गई। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि शूटर रैली स्थल के बाहर एक इमारत में छिपा था। रैली में आये लोगों में से एक की मौत हो गई। एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

शेष पेज 11 पर

### पीएम ने ट्रम्प पर हुए हमले को लेकर जताई चिंता

**नई दिल्ली।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी से आगामी चुनाव में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प पर एक चुनावी रैली के दौरान हुए हमले को लेकर दुनिया भर के राष्ट्राध्यक्षों ने चिंता जताई है। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार सुबह एक्स पर लिखा, दोस्त डोनाल्ड ट्रंप पर हमले से काफी चिंतित हूं। इस घटना की कड़ी निंदा करता हूं। राजनीति और लोकतंत्र में हिंसा की कोई जगह नहीं है। उनके जल्द ठीक होने की कामना करता हूं।

## हेमंत सोरेन ने पत्नी कल्पना के साथ काशी विश्वनाथ व विंध्याचल मंदिर में की पूजा-अर्चना

**अपनी सरकार के साथ आगे बढ़ने के लिए मां विंध्या का से आशीर्वाद मांगने आया हूं. मां के आशीर्वाद से ही बल मिलता है, जो हमारा संकल्प है उसे जारी रखेंगे**







**आस्था की ओर...** सोरेन पति-पत्नी ने काशी के कोतवाल काल भैरव को हाथ जोड़कर प्रणाम किया साथ ही बाबा विश्वनाथ का अभिषेक किया।

**नवीन मेल संवादाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रविवार को बनारस पहुंचे। यहां उन्होंने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बाबा विश्वनाथ से झारखंडवासियों की सुख, शांति, समृद्धि और स्वास्थ्य की कामना की। इसके बाद मुख्यमंत्री काल भैरव के मंदिर पहुंचे और वहां भी प्रार्थना की। इस दौरान हेमंत सोरेन की पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन भी मौजूद रहीं। इससे पहले मुख्यमंत्री बनारस की गलियों में घूमे। उन्होंने कहा कि बनारस की गलियों में दुनिया का सार छिपा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेने ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर बनारस की सारी तस्वीरें साझा की है। पहले पोस्ट में मुख्यमंत्री बनारस की गलियों में घूमते नजर आ रहे हैं। इस फोटो के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा कि बनारस की गलियों में दुनिया का सार छिपा है। दूसरे पोस्ट में हेमंत ने चार तस्वीरें शेयर की है, जिसमें वो बाबा विश्वनाथ की पूजा-अर्चना करते नजर आ रहे हैं। तीसरे पोस्ट में भी हेमंत ने चार फोटोज शेयर किया है। इसमें दोनों पति-पत्नी काल भैरव को हाथ जोड़कर प्रणाम कर रहे हैं। हेमंत सोरेन शनिवार को ही वाराणसी पहुंचे हैं। वे वहां एक निजी कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे हैं। इसके पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मिजार्पुर स्थित विंध्याचल धाम पहुंचे।

शेष पेज 11 पर

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **8292553444** पर भेज सकते हैं।

आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।

**आज | कल**




### भारत ने जिम्बाब्वे को 42 रनों से हराया




## भारत ने जिम्बाब्वे को 4-1 पराजित किया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** पांच मैचों की टी20 सीरीज के अंतिम मुकाबले में भारतीय टीम ने जिम्बाब्वे को 42 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने 4-1 से सीरीज अपने नाम कर ली है। इससे पहले भारतीय टीम ने दूसरे (100 रन), तीसरे (23 रन) और चौथे (10 विकेट) टी20 मैच में जीत दर्ज की थी। वहीं, जिम्बाब्वे को पहले मुकाबले में 13 रनों से जीत मिली थी। रविवार को हरारे के हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेले गए पांचवें टी20 मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट पर 167 रन बनाए। जवाब में जिम्बाब्वे 18.3 ओवर में 10 विकेट पर 125 रन ही बना सकी। भारत ने यह मैच 42 रनों से जीत लिया।

## इंदौर ने 24 घंटे में सर्वाधिक पौधारोपण का विश्व रिकॉर्ड

**इन्दौर।** पिछले सात साल से लगातार देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर ने एक और बड़ा रिकॉर्ड बनाया है। इंदौर वासियों ने एक ही दिन में 11 लाख से ज्यादा पौधे लगाकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने मध्यप्रदेश शासन को 24 घंटे की अवधि में सर्वाधिक पौधारोपण का प्रमाण-पत्र प्रदान किया है। इंदौर के नाम वर्ल्ड रिकॉर्ड का यह प्रमाण पत्र मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार शाम रेवती रेंज में ग्रहण किया। उत्सवी वातावरण में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य में बड़ी संख्या में पौधारोपण कर इंदौर ने यह रिकॉर्ड कायम किया है।




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्रहण किया गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की ओर से प्रमाण-पत्र

## लातेहार में नहाने के दौरान डैम में डूबने से दो लड़कों की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत हरिजन टोला के पास रविवार को डैम में डूबने से दो लड़कों की मौत हो गयी। मृतकों में मोहम्मद अफरोज (10) और रुपेश कुमार (11) हैं। दोनों बालूमाथ के हरिजन टोला के रहने वाले थे। मिली जानकारी के अनुसार रुपेश और अफरोज कुछ अन्य लड़कों के साथ रविवार को नहाने के लिए पास में स्थित डैम में गए थे। नहाने के दौरान दोनों गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। दोनों को डूबता देख उनके साथ नहाने गए अन्य लड़के दौड़ते हुए गांव आए और लोगों को घटना की जानकारी दी। घटना की सूचना मिलने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण डैम के पास पहुंचे और पानी में डूब रहे दोनों लड़कों को बाहर निकाला। इसके बाद तत्काल दोनों को बालूमाथ अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बात दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद डीएसपी आशुतोष सत्यम के निर्देश पर पुलिस की टीम मामले की छानबीन आरंभ कर दी है।



● घटना की सूचना मिलने के बाद डीएसपी आशुतोष सत्यम के निर्देश पर पुलिस की टीम ने मामले की छानबीन आरंभ कर दी है।

**इंडिया**

## चुनावी सर्वे और राजनीतिक स्थिति से सतर्क भाजपा समय से पहले मैदान में

लोकसभा चुनाव में अपेक्षा से कम सीटें आने पर भाजपा इस बार चुनाव की घोषणा से पहले ही फील्डिंग कर रही है ।



**सुनील बादल**

आदिवासी सीटों पर हुए नुकसान की भरपाई के लिए अभियान के क्रम में लोहरदगा में बोकारो के विधायक बिरंची नारायण ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान जिस तरह की स्थिति रही, उसमें स्पष्ट है कि भारतीय जनता पार्टी 51 विधानसभा सीटों में आगे रही है। आगामी विधानसभा चुनाव में हम 51 से ज्यादा सीट से चुनाव जीतेंगे। इसके लिए हमने पूरी तैयारी की है, जहां पर थोड़ी बहुत कमी रह गई है, उसे दूर करते हुए हम ज्यादा से ज्यादा सीट जीतने का दावा कर रहे हैं। वैसे तो सभी दलों के बीच झारखंड विधानसभा चुनाव की राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है पर इसे भारतीय जनता पार्टी ने काफी गंभीरता से लिया है। पार्टी की ओर से हर दिन तैयारियां की जा रही हैं। भाजपा को चुनाव से पहले कराए आंतरिक सर्वे ने चिंता में डाल दिया है। इस आंतरिक सर्वे का उद्देश्य सीटों में पार्टी उम्मीदवार के चयन से लेकर जीत की संभावना का आकलन और विरोधियों की पकड़ और जीत की संभावना का आकलन बताया जाता है। इस साल के अंत तक होने वाले विधानसभा चुनाव की आतंरिक सर्वे की रिपोर्ट की गूंज दिल्ली तक पहुँच गई है जिस कारण है लोकसभा चुनाव के तुरंत बाद केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को विधानसभा चुनाव प्रभारी और असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा को सह प्रभारी नियुक्त किया गया। दोनों नेताओं को चुनाव के पहले की रणनीतिक तैयारियों की जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। सूत्रों के अनुसार पार्टी की आंतरिक सर्वे की रिपोर्ट में बताया गया है की यदि अभी चुनाव हो जाए, तो बीजेपी को सिर्फ 15 से 20 सीटों पर ही सफलता मिलेगी। यानी वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव की तुलना में सीटों की संख्या में पांच की कमी आएगी। वर्ष 2019 में बीजेपी को 25 सीटें मिली थी। झामुमो के बाद बीजेपी दूसरी सबसे बड़ी पार्टी थी, लेकिन तब सरकार बनाने के लिए आवश्यक 41 का संख्या जुगाड़ कर पाने में विफल होने के कारण पिछले पौने पांच वर्षों से राज्य में विपक्ष में है।लोकसभा चुनाव 2024 में भी बीजेपी-एनडीए को झारखंड में झटका लगा है । वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी-एनडीए गठबंधन ने राज्य की 14 में से 12 सीटों पर जीत हासिल की थी जिसमें बीजेपी को 11 और एनडीए में शामिल सहयोगी दल आजसू पार्टी को एक सीट मिली थी । लेकिन इस बार के चुनाव में बीजेपी को सिर्फ 8 और आजसू पार्टी को एक सीट मिली। इस तरह से तीन सीटों का नुकसान उठाना पड़ा। हालांकि लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान बीजेपी-आजसू पार्टी उम्मीदवारों को राज्य की 55 विधानसभा सीटों पर बढ़त हासिल हुई।विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर बीजेपी की ओर से कई सांगठनिक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। 14 जुलाई को केंद्रीय मंत्री और पार्टी के विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान रांची और कार्यकर्ताओं से भी मिले हौसला बढ़ाया राज्य सरकार को विफल बताया।

16 को असम के सीएम और बीजेपी के विधानसभा सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा रांची जाएंगे। 17 जुलाई को संगठन प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान दोनों झारखंड दौरे पर रहेंगे। लक्ष्मीकांत दीक्षित जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के कार्यक्रम में शामिल होंगे। जबकि शिवराज सिंह चौहान रांची और हटिया विधानसभा क्षेत्र के कार्यक्रम में शामिल होंगे। रणनीतिकार अमित शाह 20 जुलाई को 20 हजार कार्यकर्ताओं के बीच बीजेपी के विधानसभा चुनाव अभियान की शुरुआत करेंगे। यह पहला अवसर है, जब एक साथ प्रदेश से लेकर मंडल स्तर के पार्टी पदाधिकारी और कार्यसमिति के सदस्य बैठेंगे और चुनाव जीतने की रणनीति बनाएंगे।राजनीतिक पंडितों का मानना है कि भाजपा को समर्पित और कद्दावर नेताओं की उपेक्षा नहीं करनी चाहिए और बिना जनाधार वाले नेताओं को टिकट बंटवारे जैसे फैसलों से दूर रखना चाहिए वरना विधानसभा में अनहोनी हो सकती है । दूसरी चुनौती झामुमो की जनजातीय मतदाताओं के सामने अपने को पीड़ित और षड्यंत्र का शिकार बताकर पकड़ मजबूत करने से रोकने की है और तीसरी सरयू राय जैसे वरिष्ठ पूर्व भाजपाई को संभालने की है जो कभी हेमंत सोरेन से तो कभी नितीश से मिलकर उन्हें डरा रहे हैं।



## 'एक्स' पर पीएम मोदी के 100 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को एक बड़ा मील का पत्थर हासिल किया। पीएम मोदी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले नेता बन गए। एक्स पर उनके फॉलोअर्स की संख्या 100 मिलियन हो गई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा, एक्स पर 100 मिलियन! इस जीवंत माध्यम का हिस्सा बनकर और चचार्ओं, वाद-विवादों, जानकारियों, लोगों के आशीर्वाद, रचनात्मक आलोचनाओं आदि का आनंद लेने के लिए मैं बहुत खुश हूं। पीएम मोदी ने कहा कि वह भविष्य में भी ऐसे ही समय की उम्मीद कर रहे हैं। राजनीति में सोशल मीडिया की भूमिका के मामले में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्पष्ट रूप से सबसे आगे हैं। उनकी सोशल मीडिया पर फॉलोइंग अन्य सभी नेताओं से कहीं ज्यादा है। उदाहरण के तौर पर, विपक्ष के नेता राहुल गांधी के 26.4 मिलियन फॉलोअर्स हैं, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के 27.5 मिलियन फॉलोअर्स हैं



● राजनीति में सोशल मीडिया की भूमिका के मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्पष्ट रूप से सबसे आगे हैं।

शेष पेज 11 पर

## एक नजर

### तीन महिनों से ट्रांसफार्मर खराब ग्रामीण परेशान



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत लुपिग पंचायत में बीते तीन महीनों से ट्रांसफार्मर जल गया है। ग्रामीण अंधेरे में जीवन यापन करने पर मजबूर है ग्रामीणों का कहना है कि बिजली विभाग के अधिकारियों को ट्रांसफार्मर चलने का सूचना दे चुके हैं मगर अभी तक किसी तरह का पहल नहीं किया गया है वही बीजेपी के कार्यकर्ता राजेंद्र साई ने कहा कि ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए केंद्रीय राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ से इस विषय में बातचीत हुई है उन्होंने विभाग के स्कूटी इंजीनियर को एक सप्ताह के अंदर नया ट्रांसफार्मर लगाने का आदेश दिया है। इसको लेकर ग्रामीणों में खुशी का माहौल देखा जा रहा है।

### विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया गया

**रांची।** चान्हो प्रखंड के सोंस पंचायत अंतर्गत दो स्थानों में रविवार को कलवट निर्माण शिलान्यास किया गया है। यह कलवट निर्माण सोंस पंचायत के ओम प्रकाश साहू के घर के नजदीक और दूसरा सोंस मस्जिद से लेकर महली टोला के पास निर्माण होगा। यह कलवट निर्माण 15 वें वित्त आयोग झारखंड सरकार द्वारा पारित किया गया है। कलवट का शिलान्यास जिला परिषद सदस्य चान्हो मो आदिल अजीम के कर कमलों द्वारा किया गया। वहीं रोल पंचायत के गुटुवा में नाली निर्माण का शिलान्यास जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने किया। मौके पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास का काम निरंतर चलता रहेगा। जनता की परेशानियों का हल करने की भरपूर कोशिश करूंगा। वहीं चान्हो पश्चिमी के जिला परिषद सदस्य आदिल अजीम ने कहा कि मस्जिद के पास नाली की पानी के कारण आने जाने वालो को बहुत परेशानी हो रही थी।

### चान्हो के सोनचिपी स्थित ललमटिया मेला 17 जुलाई को

**चान्हो।** मुहर्रम मेला का आयोजन चान्हो के सोनचीपी स्थित ललमटिया मैदान में 17 जुलाई को किया जाएगा। 17 जुलाई को होने वाली मोहर्रम पर्व को लेकर रविवार को जुल्फान अंसारी की अध्यक्षता बैठक की गयी। बैठक को संबोधित करते हुवे जुल्फान अंसारी ने कहा कि सामाजिक सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने से भाईचारगी बना रहता है। शांतिपूर्ण माहौल स्थापित करना हम सब की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रशासन भी शांतिपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने को लेकर पूरी तरह से अलर्ट है। नशापान कर ताजिया के जुलूस में भाग लेने वाले लोगों पर कार्रवाई की जायेगी। डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया है। आपको बता दे कि इस मेला में 84 गांव के अखाड़े धारी अपने-अपने जुलूस के साथ मेला में शामिल होते हैं। यहां भीड़ भी काफी होती है। प्रशासन भी हम लोगों के सहयोग में हमेशा तात्पर्य रहने का आश्वासन दिए हैं साथी हम लोगों से 50 वॉलिंटियर और मोबाईल नम्बर भी देने को कहा गया है।

**नए पदाधिकारियों का सम्मान समारोह आयोजित**

# असली पूजा तो बुजुर्गों का सम्मान व माता पिता के चरणों में होती है : थाना प्रभारी



**नवीन मेल संवाददाता, सिल्ली।** सिल्ली-बुंडू मोड़ चौक पर एसठित सुंदर कुंज लॉच में सिल्ली वारिस्ट नागरिक संघ के वारिस्ट नागरिको के द्वारा जन समस्या समिति के चयनित सदस्य का सम्मान समारोह आयोजित की गई। समारोह की अध्यक्षता देवनारायण सिंह ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिल्ली थाना प्रभारी मोहित कुमार उपस्थित थे। उन्होंने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा असली पूजा तो बुजुर्गों का सम्मान व माता-पिता के चरणों में होती है। जबकि बुजुर्गों का सम्मान करना हमारी परंपरा है। उन्होंने कहा कि वृद्धजनों से हमें प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सदैव मार्गदर्शन मिलता है। उन्होंने कहा कि संयुक्त परिवार में बुजुर्गों की सदा आवश्यकता महसूस की जाती है। वहीं वरिष्ठजनों के अनुभव से आने वाली पीढ़ी को आशीर्वाद के तौर पर लाभ मिलता है। जब भी आप सभी को हमारी सहायता की आवश्यकता पड़ेगी तो हम हमेशा आपके साथ हैं। डा विवेक कुमार ने कहा कि एक समृद्ध राष्ट्र युवाओं की ऊर्जा और वरिष्ठजनों के अनुभव से ही समाज और समृद्ध राष्ट्र का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि आज हमारे देश में सर्वाधिक युवा है, बुजुर्ग उन्हें मार्गदर्शन देते रहें तो भारत को अग्रणी देश बनाया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे हैं रतनलाल महतो ने कहा कि उन्होंने स्वयं सेवानिवृत होने के बाद अपने जीवन में चुनौतियां महसूस की और फिर शहजार होम्स में पूर्ण रूपेण सहभागिता की ताकि अपने और साथियों को वह एक हैप्पी एजिंग की तरफ ले जा सके। कार्यक्रम से पूर्व अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की इस मौके पर राधे श्याम साहू,कार्तिक मांझी, सत्यनारायण पतार, मुची राम महतो, नरेश चंद्र महतो, सुशील कोइरी, निवारण चौधरी, रोशन कुमार सोमनाथ महतो, मधुर नाथ महली, हरिनाथ स्वासी, भुनेश्वर प्रसाद साव, रघुनाथ महतो, नगेद्र नाथ गोस्वामी, योगेश्वर महतो, हरिशंकर महतो, अभय साहू, कृष्ण कुमार महतो,समेत काफी संख्या लोग उपस्थित थे।

## सांस्कृति कार्यक्रम से शुरू हुआ बीआईटी का 70वां स्थापना दिवस



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिरला इंस्टिच्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के 70वें स्थापना दिवस के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बीआईटी के मेसरा कैंपस में हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन स्थापना दिवस के पूर्व संध्या किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के कुलपति प्रो. इंद्रनील मन्ना, छात्र मामलों के डीन डॉ. भास्कर कर्ण और अन्य शामिल थे। पूर्व छात्र और अंतरर्राष्ट्रीय संबंध के एसोसिएट डीन डॉ श्रद्धा शिवानी ने पूर्व छात्रों का स्वागत किया। प्रो. इंद्रनील मन्ना ने छात्रों को संबोधित किया। इसके बाद उन्होंने पूर्व छात्रों को प्रोत्साहित किया कि वे अपने कॉलेज से संबंध स्थापित करें। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत स्थानीय कलाकारों की एक ग्रुप के नृत्य प्रस्तुति से हुआ। इसके बाद तापस ग्रुप द्वारा शास्त्रीय कथक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। संस्थान के पूर्व छात्रों द्वारा भी एक प्रस्तुति दी गई और इसके बाद एक इंटरएक्टिव सत्र का आयोजन हुआ। इसके बाद युवा कलाकार अब्दुल रजीक ने पहले भी मैं, रमता जोगी, और बुल्लेया जैसे गानों पर अपनी प्रस्तुती दी।

**बेड़ो थाना क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से मुहर्रम का जुलूस निकालने का लिया निर्णय**

# पुलिस प्रशासन असामाजिक तत्वों पर रखेगी कड़ी नजर



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो प्रखंड के नरकोपी एवं बेडो.थाना परिसर में मोहर्रम पर्व एवं जुलूस को लेकर अलग-अलग शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बेड़ो थाना में थाना प्रभारी नकुल शाह वहीं नरकोपी थाना में थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान की अध्यक्षता एवं संचालन में आयोजित शांति समिति की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बेड़ो थाना में आयोजित बैठक के दौरान पुर्व सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय ने कहा कि मुहर्रम का जुलूस शांति पूर्ण वातावरण में निकालने की जरूरत। पुलिस के निगरानी में जुलूस निकाली जाएगी। पुलिस प्रशासन सामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखे। बेड़ो के घाघरा में 18 जुलाई को मुहर्रम की जुलूस निकाली जाएगी जबकि करांजी में 20-21 जूलाई को मुहर्रम का जुलूस निकाला जाएगा। चचकोपी में 17 जूलाई को मुहर्रम मेला का आयोजन होगा। लगातार हो रही बारिश के कारण हाठु में जुलूस निकालने में अभी संशय की स्थिति बनी हुई है। वहीं कादोजोरा, केशा, तुको में तय समय के अनुसार 17 को ही मुहर्रम मनाया जाएगा। बैठक में सब इंस्पेक्टर रौशन कुमार, पूर्व सांसद प्रतिनिधि सह पूर्व उप प्रमुख धनंजय कुमार राय, बलराम सिंह, नौशाद अंसारी, बबलु खान, कलीम अंसारी, मनोज कुमार साहु सहित कई लोग मौके पर मौजूद थे। वहीं दूसरी ओर नरकोपी थाना में आयोजित बैठक के दौरान सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय के अनुसार आगामी 17 जूलाई को नरकोपी थाना क्षेत्र के मंदरो, बाजरा, ईटा नरकोपी सहित विभिन्न गांवों से शांतिपूर्ण तरीके से मुहर्रम का जुलूस निकाली जाएगी। जूलूस डुमरी में आयोजित मुहर्रम मेले में पहुंचेगी जहां अस्त्र-शस्त्र परिचालन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस दौरान थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान ने कहा कि जूलूस के दौरान किसी भी असामाजिक तत्वों को जुलूस में शामिल होने की इजाजत नहीं होगी। किसी भी तरह की गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जुलूस पर पुलिस प्रशासन की नजर रहेगी।

## तेज गति से असंतुलित होकर मोपेड सवार गड्ढे में गिरा गंभीर रूप से घायल



**लापुंग।** लापुंग थाना क्षेत्र के फतेहपुर ककरिया सड़क पर डाडी. मोड़ के पास टीवीएस मोपेड पर सवार सोगडा.थाना सिसई निवासी 34 वर्षीय देवेन्द्र महतो सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। उसके सिर में चोटें आई हैं और उसकी कलाई टूट गई है।सड़क से गुजर रहे समाजसेवी इमरान खान ने उसे उठाकर पुलिस की मदद से लापुंग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। इमरान खान ने बताया कि रविवार की शाम 630 बजे सोगडा. थाना सिसई निवासी 34 वर्षीय देवेन्द्र महतो मोपेड पर सवार होकर गोविंदपुर से कारुम गांव लौट रहा था। तभी मुख्य सड़क से तालाब के पास तेज गति में होने के कारण उसकी मोपेड असंतुलित होकर दूर गड्ढे में जा गिरी। जिससे वह घायल हो गया। सोगडा. निवासी देवेंद्र महतो एक शादी समारोह में भाग लेने कारुम गांव आया था और किसी जरूरी काम से गोविंदपुर गया था। घटना के बाद घटनास्थल पर गिरे हुए घायल को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। अन्ततः इमरान खान एवं पुलिस की मदद से घायल हॉस्पिटल पहुंचा। घटना की जानकारी उसके घर वालों को भी सूचित कर दिया गया।

## राजस्थान का अफीम डोडा तस्कर रांची पुलिस की गिरफ्त में, भारी मात्रा में डोडा बरामद



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विगत शनिवार को वरीय पुलिस अधीक्षक रांची को एनएच-33 मुख्य सड़क के रास्ते तमाड की ओर से नामकुम की ओर एक अफीम डोडा लदा कन्टेनर ट्रक सं0- एचआर-38एस-4743 के आने की गुप्त सूचना प्राप्त हुई। वरीय पुलिस अधीक्षक रांची के द्वारा सत्यापन एवं त्वरित कार्रवाई के लिए पुलिस उपाधीक्षक (मु०) प्रथम, राँची के नेतृत्व में नामकुम थाना के पुलिस पदाधिकारियों एवं क्यूआरटी बल को शामिल करते हुए एक छापामारी दल का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा प्राप्त आसूचना पर सत्यापन व त्वरित आवश्यक कार्रवाई करते हुए नामकुम थाना के रामपुर स्थित टाटा रोड पंजाबी बाबा के पास वाहन चैकिंग लगाकर कन्टेनर ट्रक सं०-ल्फ़्र38र-4743 को पकड़ा गया। वाहन चालक से पुछताछ करने पर उसके द्वारा वाहन में चावल लदे होने की बात कही गयी तथा मां दिवारी राइस मिल प्राइवेट लिमिटेड गोसाईडीह बुंडू न 33 रात रांची नंबर 1148 एवं मैसर्स झारखंड लुधियाना ट्रांसपोर्ट लोरी ब्रोकर नंबर 649 और कमीशन एजेंट न 33 पोस्ट कुज्जू रामगढ़ कैंट -825316 का दस्तावेज प्रस्तुत किया गया, जिसे देखने से संबंधित कागजात चावल से संबंधित होना पाया गया, परन्तु वाहन का भौतिक निरीक्षण करने पर ट्रक में अफीन डोडा से भरा हुआ 198 प्लास्टिक बोरा पाया गया। छापामारी दल को स्पष्ट हो गया कि डोडा आपूर्त्तिकत्र्ताओं एवं तस्करो द्वारा षडयंत्र पूर्वक चावल का फर्जी कागजात बनाकर उसके स्थान पर अफीम डोडा का अवैध व्यापार, परिवहन व तस्करी किया जा रहा है।

### कुएं में डूबने से भाई बहन की मौत

**मांडर।** बकरी चराने गए दो सगे भाई बहन की कुएं में डूबने से मौत हो गई। घटना रविवार शाम थाना क्षेत्र के लोयो पंचायत अंतर्गत सकरा गांव की है। बताया जाता है बिगा उरांव के बारह वर्षीय पुत्री खुशी उरांव और नव वर्षीय पुत्र निखिल उरांव दोनों भाई-बहन दोपहर में बकरी चराने घर से थोड़ी दूर खेतों में गए थे। बकरी चराते हुए एक कच्चा कुएं के निकट जा पहुंचे उसी दौरान निखिल खेलते हुए कुएं में जा गिरा उसे कुएं में डूबता देख बहन से रहा नही गया और खुशी भी बचाने के लिए कुएं में कूद गई। वहीं थोड़ी दूर में काम कर रहे लोगो को इसकी जानकारी मिली तो तत्काल दोनों को बचाने का प्रयास करने लगे। पर जब तक दोनों भाई-बहन को कुएं से बाहर निकाला गया तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद से जहां परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है वहीं पूरे गांव में लोग घटना को लेकर सदमें में थे। ग्रामीणों द्वारा घटना की जानकारी मांडर पुलिस मिली तभी गांव पहुंच कर पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गाय।

## दुकान का ताला तोड़ नगदी समेत एक लाख का सामान ले भागे चोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के चर्च रोड स्थित एक दुकान में चोरों ने नगदी समेत एक लाख रुपए का सामान की चोरी कर ली। घटना शनिवार देर रात की है। इस संबंध में संचालक गौरव कुमार सिन्हा ने रविवार को लोअर बाजार थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। गौरव ने पुलिस को बताया कि उनका प्रतिष्ठान चर्च रोड में है। रविवार भोर में उनके दुकान मालिक ने फोन किया और बताया कि प्रतिष्ठान खुला है। वह प्रतिष्ठान पहुंचे तो देखा कि ताला गायब था। भीतर 10 हजार नगदी के अलावा 90 हजार रुपए का सामान गायब है। इसके बाद वह थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## अनगड़ा में 20 और सिकिदिरी में 17 जुलाई को निकलेगा मुहर्रम का जुलूस

**अनगड़ा।** मुहरर्म को लेकर रविवार को अनगड़ा और सिकिदिरी थाना में शांति समिति की बैठक हुई। अनगड़ा की बैठक में निर्णय हुआ कि 20 जुलाई को मासू, तुरूप और चिलदाग से मुहर्रम का जुलूस गोंदलीपोखर तक निकाला जाएगा। मुख्य अतिथि बीडीओ जयपाल सोय ने लोगों से भाईचारगी से त्योहार मनाने का आह्वान किया। वहीं सिकिदिरी थाना प्रभारी ने लोगों को अफवाह फैलानेवालों पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही है। सोशल मीडिया पर किसी प्रकार की आपत्तिजनक पोस्ट नहीं करने का आह्वान किया है। अनगड़ा में थाना प्रभारी चमरा मिंज और सिकिदिरी में थाना प्रभारी दीपक सिन्हा ने बैठक की अध्यक्षता की। मौके पर अनगड़ा में प्रमुख दीपा उरांव, मुस्तफा अंसारी, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र मुंडा, जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुंडा, रामपोदो महतो, अवनींद्र कुमार, डॉ रिझू नायक, रामकृष्ण चौधरी, रामसाय मुंडा और सिकिदिरी में एसआई वरुण कुमार, आदि मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### स्वामी विवेकानंद सरोवर तट पर भव्य गंगा आरती का आयोजन



**रांची।** रांची के एतिहासिक स्वामी विवेकानंद सरोवर के तट पर रविवार को भव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया। इसका आयोजन गंगा यात्री पियूष पाठक के नेतृत्व में हुआ। इस अवसर पर सभी भक्तों ने अपनी झारखंड की सभी नदी, तालाबों, डैमो, सरोवरों, जलासयों को स्वच्छ और सुंदर रखने का संकल्प भी लिया। मौके पर मुख्य रूप से रोटी बैंक के संचालक विजय पाठक, कानकुब्ज सोनार संघ के उमेश प्रसाद,समाजसेवी आशुतोष द्विवेदी, आयुष पाठक, जय श्रीवास्तव, हरीश कुमार, सुधांशु, कुणाल, हर्ष तिर्की, मनमोहन सिंह समेत कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### चोर का नाम बताने वालों का नाम गुप्त रखा जायेगा



**मांडर।** शर्मा एंटरप्राइजेज दुकान का सीसीटीवी फुटेज है जैसा आप देख पा रहे होंगे की एक स्कूटी सुजुकी कंपनी की एक्सेस 125 आगे पीछे नंबर प्लेट नहीं है। गाड़ी में सिर्फ एक ही और लुकिंग ग्लास है उसमें दिख रहा लड़का चोर है। यहां के अलावे मांडर के कई दुकानें में चोरी की है। अगर कोई इसे पहचानता है तो बताइए इसका पहचान बताने वाले को 2000 का इनाम दिया जाएगा । बताने वाला का नाम गुप्त रखा जायेगा।

### जेबीकेएसएस धनबाद जिला कमेटी के सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों की बैठक संपन्न

**धनबाद।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के धनबाद जिला कमेटी के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का पहला बैठक ग्रामीण जिला अध्यक्ष प्रकाश विश्वकर्मा के आवासीय कार्यालय मां वाणी एनक्लेव बरवाअड्डा में जोन अध्यक्ष हरेंद्र रजक के अध्यक्षता में संपन्न हुआ नव निर्वाचित धनबाद जिला मिडिया प्रभारी युवा क्रांतिकारी रंजीत कुमार महतो के द्वारा नवनिर्वाचित धनबाद नगर जिलाध्यक्ष शक्ति नाथ महतो, धनबाद ग्रामीण जिला अध्यक्ष प्रकाश विश्वकर्मा केंद्रीय सचिव दीपक रवानी और सभी पदाधिकारियों को स्वागत अभिनंदन किया गया बैठक का संचालन धनबाद जिला प्रवक्ता नीरज शर्मा के द्वारा किया गया जिलाध्यक्ष और सभी पदाधिकारियों के द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत प्रखंड कमेटी विस्तार बुथ कमेटी मजबुतीकरण कैसे हो इस विषय में रणनीति तैयार किया गया और केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो के निदेर्शानुसार एक सप्ताह के दौरान प्रखंड कमेटी पंचायत कमेटी बुथ कमेटी विस्तार का निर्णय लिया गया मौके पर डिम्पल चौबे महिला मोर्चा नगर जिलाध्यक्ष भारती कुमारी ग्रामीण जिला अध्यक्ष भाग्यवती देवी कोषाध्यक्ष बसंती देवी उपाध्यक्ष जोशना देवी महासचिव विद्यासागर महतो सलाउद्दीन अंसारी महासचिव सचिव धीरज सिंह इकलाख अंसारी शंकर महतो मनोहर महतो अर्जुन महतो आदि सभी धनबाद जिला नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की उपस्थिति हुई।

### मरीज से मिलने पहुंचे: पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत



मांडर। मांडर प्रखंड अंतर्गत ग्राम मलती निवासी हसन अंसारी जो काफी दिनों से बिमार है कुछ दिनों पहले हार्ड संबंधी बिमारी का ऑपरेशन सेवा सदन रांची में हुआ था। डॉ परमेश्वर भगत पीड़ित के घर जाकर हाल-चाल जाना एवं जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हुए पीड़ित के परिजनों से मिलकर अपनी ओर से हर संभवत मदद देने का भरोसा दिलाया।

### हाई कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अजय मिश्रा ने किया पौधरोपण



**सिकिदीरी।** हुण्डरु जलप्रपात पर्यटन स्थल के बागवानी परिसर में रविवार को हाई कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अजय मिश्रा एवं वरिष्ठ पत्रकार उमाकांत महतो के द्वारा एक दुर्लभ प्रजाति का नागलिंग पुष्प का पौधा लगाया गया यह पुष्प का पौधा उड़ीसा के भुवनेश्वर से लाया गया है यह पुष्प का पौधा दक्षिण अफ्रीका में पाया जाता है दुर्लभ प्रजाति का नागलिंग पुष्प झारखंड में सिर्फ देवघर एवं दुमका के शिवधाम में ही देखने को मिलेगा वरिष्ठ पत्रकार उमाकांत महतो ने बताया कि ये पुष्प शिव जी का सबसे प्यारा पुष्प है नागलिंग पुष्प में ही शिव भगवान के सभी आकृति का दर्शन देखने को मिलता है और चार किलोमीटर के परिधि तक सुंगध फैलता है यह दुर्लभ प्रजाति के नागलिंग पुष्प का पौधा को देखरेख एवं सुरक्षा व बचाने का दायित्व पर्यटन कर्मी निभायेंगे ताकि हुण्डरु फॉल आने वाले पर्यटकों को नागलिंग पुष्प का सुंगध मिल सके मौके पर पर्यटन कर्मी बालेश्वर बेदिया, बुधराम बेदिया, मेघनाथ बेदिया, चंद्र उदय बेदिया, हरिचरण बेदिया, विष्णु बेदिया, रंजन बेदिया मनोज बेदिया आदि उपस्थित थे

### झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश ने किया ग्राम न्यायालय का उद्घाटन



**मांडर।** प्रखण्ड में रविवार को ग्राम न्यायालय का विधिवत उद्घाटन पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलित कर झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति डॉ० विद्युत रंजन षारंगी ने किया। उदघाटन के मौके पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि ग्राम न्यायालय के खुल जाने से ग्रामीणों को प्रखंड में ही न्याय मिलेगा। यह न्यायालय जटिल कानून व्यवस्था को सुलभ बनाने में काफी मददगार साबित होगा। इसका मुख्य उद्देश्य कानून व्यवस्था को सुलभ बनाना एवं ग्रामीण क्षेत्र में आपसी तनाव में हुए मुकदमे का सुलह कराना ताकि दो परिवार आपस में मिलजुल कर भाईचारगी के साथ अपना जीवन यापन कर सके। शहर की चक्कर से मुक्ति मिलेगा जिससे समय के साथ पैसे की भी बचत होगी। मांडर का ग्राम न्यायालय कई मायनों में अहम होगा। ग्रामीणों को न्याय के लिए शहर का चक्कर लगाने की जरूरत नहीं होगी। ग्राम न्यायालय में सभी तरह के मुकदमों की सुनवाई होगी। यहां ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट बैठेंगे। वकील भी रहेंगे। महिला और पुरुषों के लिए अलग- हाजत, अभिलेख, मध्यस्थता कक्ष और पीएल भी होगा।

### संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी का प्रखंड स्तरीय बैठक

**मांडर।** प्रखण्ड स्थित तिग्गा कॉम्प्लेक्स में संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी का प्रखण्ड स्तरीय बैठक रविवार को किया गया। मौके पर बोलते हुए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अध्यक्ष शिव उरांव ने पार्टी की विचारधारा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पार्टी का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति को उनका हक दिलाना है। शिक्षा पर पार्टी का विषेश जोर है। शिक्षा से ही समाज और देश का विकास हो सकता है। पार्टी पूरे झारखंड में अपने कार्यकताओं के साथ चुनाव के मैदान में उतरेगी। पार्टी के विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी में अच्छे शिक्षाविद्, समाजसेवी और बुद्धिजीवी लोग शामिल हो रहे हैं। राष्ट्रीय पार्टियां ग्रामीण और सुदूर क्षेत्र के लोगों की समास्याओं को नहीं समझ पाते हैं और ना ही उनका समाधान करते हैं। ये पार्टियां हमारे झारखण्ड को चारागाह बना दिया है।

**आस्था**

**श्री श्याम मंदिर में 120 वां श्री श्याम भंडारा संपन्न**

# खाटूनरेश की जयकारों से गूंज रहा था पूरा मंदिर परिसर



**2700 से ज्यादा भक्तजनों में भंडारे का हुआ वितरण**

इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया सांसद संजय सेठ नीता सेठ ऐश्वर्य सेठ गार्गी सेठ दीप्ति सेठ कपूर तरुण कपूर इवान कपूर पूर्व सांसद अजय मारू राजीव रंजन मित्तल अनिल नारनोली अरुण चावचरिया गजेंद्र ककड़ श्याम सुंदर जोशी अंकित सिंह अनुज मोदी नेहा सरावगी सिंह अमित सरावगी कौशल चौधरी सहित 50 से ज्यादा स्वयं सेवकों ने भंडारा वितरण में सहयोग किया।

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक शनिवार को होने वाला 120 वां श्री श्याम भंडारा भक्तिमय रंग में संपन्न हुआ। पूरा मंदिर परिसर हारे के सहारे की जय खाटूनरेश की जय लखदातार की जय जयकारों से गूंज रहा था। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया एवम उपमंत्री अनिल नारनोली के नेतृत्व में सांसद संजय सेठ नीता सेठ ऐश्वर्य सेठ गार्गी सेठ ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटूनरेश रिद्धि सिद्धि शिव परिवार बजरंगबली लड्डू गोपाल शालिग्रामजी गरुडजी व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित किया। आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी रुच रुच भोग लगाओ बाबा श्याम जी के लोकप्रिय भजन का गायन करके संयुक्त रूप से सभी परिवार ने खाटूनरेश की मनोहर की। भोग अर्पित करने के समय पूरा मंदिर श्रद्धा में डूबा हुआ था। भोग लगे प्रसाद को सभी परिवार ने विशाल वृहद भंडारे में मिश्रित करके सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद श्री गणेश जी महाराज की जय जयकारों के साथ मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में यजमान परिवार के सांसद संजय सेठ नीता सेठ ऐश्वर्य सेठ गार्गी सेठ ने श्री श्याम भंडारे का प्रसाद का वितरण प्रारंभ किया।

## टीपीसी उग्रवादी के साथ नेताओं की तस्वीर वायरल



रांची। पुलिस ने बबलू सागर मुंडा पर फायरिंग और जेएमएम नेता मदन साहू की हत्या मामले में टीपीसी उग्रवादी नीरज भोक्ता को जेल भेज दिया । नीरज भोक्ता के कई फोटो झारखंड के कई मंत्रियों और विधायकों के साथ वायरल हुई हैं ।नवीन मेल इनकी पुष्टि नहीं करता पर सोशल मीडिया में चर्चा है वह खुलेआम घूमता रहा और मंत्रियों, विधायकों और कांग्रेसी नेताओं के साथ फोटो खिंचवाता रहा। जबकि अब रांची पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एक फोटो में नीरज भोक्ता मंत्री सत्यानंद भोक्ता के साथ किसी कार्यक्रम के उद्घाटन में दीप प्रज्वलित कर रहा है ,दूसरी तस्वीर में वह पूर्व मंत्री आमलगीर आलम के साथ है तो तीसरी तस्वीर में टीपीसी उग्रवादी पूर्व सांसद अजय कुमार के साथ भी नजर आ रहा है ।चौथी तस्वीर में नीरज भोक्ता कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के साथ मंच पर बैठ कर किसी कार्यक्रम में बात कर रहा है ।इसके अलावा तस्वीरों में मंत्री रामेश्वर उरांव, पूर्व सांसद गीता कोड़ा, अंबा प्रसाद के आस-पास टीपीसी उग्रवादी दिख रहा है ।रांची पुलिस ने मार्च 2022 में भीखन गंझू को गिरफ्तार किया था.

## गरीबों को डायलिसीस की सुविधा अब मात्र पांच सौ रुपए में

# नागरमल मोदी सेवा सदन सेवा भाव से स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने वाली संस्था : संजय सेठ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सरना समिति कडरू मौजा की ओर से कडरू सरना टोली में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। यही नागरमल मोदी सेवा सदन की ओर से निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कि शहर के अंदर स्थित गांव में मोदी सेवा सदन ने स्वास्थ्य शिविर लगाने की जो मुहिम चलाई है वह प्रशंसनीय है। सप्ताह में दो दिन गुरुवार और शनिवार को दो-दो घंटे की शिविर सेवा सदन की ओर लगाई जाएगी। इस स्वास्थ्य शिविर का जन जागरण आस-पास के क्षेत्र कडरू, अरगोडा के पीछे की बस्ती, डोरंडा बस्ती आदि में करना होगा, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग स्वास्थ्य शिविर का लाभ ले सकें। पिछले पांच सालों में मैंने दो सौ से ज्यादा नर्सिंग होम और अस्पतालों का उद्घाटन किया है। सबको यही कहता आया हूं कि डायलिसिस पांच सौ में करें, फंड की जो कमी होगी मैं पूरा करूंगा। एक गरीब आदमी जिसे महीने में तीन से चार बार डायलिसिस की जरूरत होगी तो वह इतना पैसा कहां से लाएगा? नागरमल मोदी सेवा सदन सेवा भाव से कार्य करने वाला प्रतिष्ठित अस्पताल है। इन्होंने इस कार्य को करने का बीड़ा उठाया है, यह बेहद सराहनीय और प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य को लेकर हमलोग चिंतित हैं। झारखंड में स्वास्थ्य के नाम पर करोड़ों के सिर्फ भवन ही भवन बने रहे है, वे भवन भी अभी तक पूरे नहीं हुए है। उन भवनों में स्वास्थ्य सेवा कब लागू होगी, बेहद चिंतनीय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मुझे जिम्मेदारी सौंपी है। जनकल्याणी स्वास्थ्य योजना मुझ तक भेजें, पैसे की एक प्रतिशत की भी कमी नहीं होने दूंगा। आए दिन अखबारों में खबरें प्रकाशित होती थी कि रिम्स आए मरीज के परिजन रातों में फूटपाथ और रिम्स के बरामदे में जमीन पर सोते हैं। मुझे दुख होता था तबसे मेरे मन आश्रय भवन बनाने का विचार था। अभी चार दिन पहले यह सपना साकार हुआ है। मनोहर लाल खटटर जो हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री थे। वर्तमान में उर्जा मंत्री एवं नगर विकास मंत्री हैं, तीन सौ दस बेडों की आश्रय गृह का उद्घाटन किया है। अब रिम्स आए मरीज के परिजन वहां रहेंगे। पांच साल पहले गरीबों के लिए कम पैसे में दवाई उपलब्ध कराने की योजना को आर के सिंह को बताया था। यह योजना अब पूरे भारत में चल रही है। नशे के प्रति भी जागरूकता पेदा करनी होगी। युवा नशे की चपेट में रहेंगे तो परिवार का, राज्य का देश का विकास नहीं हो सकता है। स्वास्थ्य का कितना भी काम हो जाए और लोग नशे के आदी रहेंगे। तब सारी योजना धरी की धरी रह जाएगी। कोचिंग सेन्टरों, महाविद्यालयों में जाकर नशे के दुष्परिणामों क जागरण करना पडेगा। मौके पर सरना समिति के अध्यक्ष श्याम हेमरोम, उपाध्यक्ष लीलावती हेमरोम, संयोजक जयसिंह मुंडा, उपसचिव समन मुंडा कोषाध्यक्ष सुमित मुंडा, मोदी सेवा सदन के स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अंजू कुमार बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संध्या अग्रवाल जनरल फिजिशियन डॉक्टर अरुण कुमार सदन की अवलोकन एवं संवर्धन समिति के सदस्य आलोक तुलस्यान एवं उनकी मेडिकल टीम उपस्थित थी देश की राजधानी दिल्ली के हर गुरूद्वारे में डायलिसिस निःशुल्क है। यहॉ के गुरूद्वारे से बात हुई है कि इस दिशा में पहल करें। मेरी ओर से पूरी सहयोग मिलेगी।




### सरना समिति की मांगे जल्द पूरी होगी

सरना समिति की मांग को त्वरित संज्ञान लेते हुए संजय सेठ ने कहा कि मसना, हड़गड़ी घेराबंदी और इस पावन स्थल के प्रथम फलोर पर हॉल के निमार्ण के लिए जल्द ही चिट्ठी निकाल दी जाएगी।

### पांच सौ रूपए में इस तरह डायलिसिस कर पाएगी नागरमल मोदी सेवा सदन

नागरमल मोदी सेवा सदन के डा. अरूण कुमार छावरिया ने बताया कि संजय सेठ केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री, भारत सरकार की इच्छा थी कि डायलिसिस पांच सौ में गरीबों के लिए उपलब्ध हो। हमालोगों ने इस विचार पर अध्ययन किया और पाया कि डायलाइजर किट की बाजार में मूल्य आठ सौ पचास रूपए है। इसे अगर हॉल सेल से खरीदा जाए तो दो सौ पचास रूपए में उपलब्ध हो जाएगी। इसी प्रकार व्यहार में लाने वाले सामान एक तिहाई में मिल जाऐंगे। इक्वीपमेंट का मूल्य उन दान दाताओं से मिल जाएगी जो आज तक हमलोगों को दान देते आ रहें हैं। इस प्रकार डायलिसिस पांच सौ रूपए में करना संभव है।




### पांच सौ रुपए में डायलिसिस करने के विचार को चैलेंज के रूप में लिया : आलोक तुलस्यान

सदन की अवलोकल एवं संवद्धन समिति के चेयरमैन आलोक तुलस्यान ने बताया कि संजय सेठ केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री, भारत सरकार ने प्रस्ताव रखा था कि गरीबों के लिए पांच सौ रूपए में डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध हो। साथ ही उन्होंने यह भी कहा था कि इस बात को मैं बहुत अस्पतालों के समक्ष रखा हूं पर सभी ने असमर्थता जाहिर की है। सेवा के इस विचार को हमलोगों ने चैलेंज के रूप में लिया। हमारे मेडिकन बोर्ड के चेयरमेन अजय मारू एवं सीनियर डा. सुनील रूंग्टा ने अध्ययन किया की लागत कैसे कम हो, और अब हम इसमें सफ ल हो गए हैं। गरीबों के लिए डायलिसिस अब पांच सौ रूपए में उपलब्ध हो गया है।

# अरगोड़ा पैसेंजर हॉल्ट में चारो तरफ गंदगी ही गंदगी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची जक्शन और हटिया जक्शन के बीच अरगोड़ा में एक पैसेंजर हॉल्ट है, जहां चारों तरफ गंदगी पसरा है। स्टेशन में एक प्लेटफोर्म है, इस प्लेटपोर्म में जहा तहां इतनी गंदगी है कि खड़ा तक होना दुभर है। पीने के पानी की जो व्यवस्था है वह बेहद खराब है। एकाध नल अच्छे हैं तो उनमें भी पानी नहीं गिरता। हॉल्ट का कोई रखरखाव नहीं है। चारो और गंदगी फैला हुआ है। प्लेटफोर्म के बाहर जहां यात्री बैठने का स्थान है वहां भी चारों ओर मक्खियों का साम्राज्य है। स्टेशन के बाहर भी साफ सफाइ का कोई ध्यान नहीं रखा गया है।





### देखभाल की जिमेदवारी पैसेंजर हॉल्ट एजेंट की होती है: सीनियर डीसीएम

सीनियर डीसीएम निशांत कुमार से जब इस संबंध में पूछा गया तो, उन्होंने कहा कि ये पैसेंजर हॉल्ट है। इसकी जिमेदवारी पैसेंजर हॉल्ट एजेंट की है। मैं उससे पूछता हूं कि ऐसा क्यों है। साफ-सफाइ से लेकर देखभाल की जिम्मेदवारी उन्हीं की होती है। पैसेंजर हॉल्ट में रेलवे के तरफ से कोई कर्मचारी नहीं होते है।

# झारखंड के साहित्यकारों को किया गया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड साहित्य अकादमी स्थापना संघर्ष समिति की ओर से रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन रांची प्रेस क्लब में किया गया। जिसमें मुख्य रुप से समिति के अध्यक्ष सिरोमणी महतो और महासचिव नीरज नीर शामिल रहे। कार्यक्रम में जमशेदपुर के जयनंदन, रांची के अनिता रश्मि, हजारीबाग के कालेश्वर, दुमका के विनय सौरव, रामगढ़ के नीरोत्पल रमेश, रांची के अनिल किशोर सहाय, बीबीएमकेयू के सहायक प्राध्यापक डॉ. मुकुंद रविदास, रांची की अलोका कुजूर, पूर्वी सिंहभूम के श्याम सी टुडू, बोकारो के सुकुमार, बोकारो के महादेव डुंगरियार, रांची विवि के नागपुरी के सहायक प्रध्यापक डॉ. बीरेंद्र कुमार गोतिया को सम्मानित किया गया है। इस कार्यक्रम में झारखंड के वरिष्ठ लेखक समेत अन्य लोग शामिल थे।



# पैरा ओलंपिक कमेटी ऑफ झारखंड के सचिव चुने गए मुकेश कंचन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पैरा ओलंपिक कमिटी आफ झारखंड का वार्षिक आम सभा का आयोजन कोशिश विशेष विद्यालय के सेमिनार हॉल में किया गया। जिसका अध्यक्षता कमल अग्रवाल ने की। इस आम सभा में पैरलिंपिक कमिटी ऑफ इंडिया के सिलेक्शन कमिटी के चेयरमैन डॉ शिवाजी कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपास्ति थे। ऑल इंडिया पीडब्लूडी एसोसिया ऑफ के कार्यकारी अध्यक्ष हृदय यादव, कमल अग्रवाल, ऊषा मनाकी, सुभाशीष झा, दशरथ कच्छप, दीपा चौधरी, ओम प्रकाश, मंजीत सिंह, आकाश अग्रवाल, सुनील कुमार विश्वास, सुगंध नारयान, वॉलीबॉल खिलाड़ी तारामणि लकड़ा ,महिमा उरांव, पुष्पा मिंज, असुंता लकड़ा, चंदन लोहरा ,राजेश कुमार, सनोज महतो तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। साथ ही झारखंड के सभी जिलों से अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष उपस्थित हुए आज के बैठक में कमेटी की वार्षिक प्रतिवेदन को सर्व सहमति से पारित किया गया तथा आए वय विवरण एवं ऑडिट रिपोर्ट को भी सर्व सहमति से पारित किया गया 2024-2025 का वार्षिक खेल कैलेंडर का विमोचन कर सर्व सहमति से पारित किया गया। प्रत्येक जिलों में खेलकूद को बढ़ावा पर चर्चा करते हुए जिला में खेल के माध्यम से नए खिलाड़ी को जोड़ने पर सहमति बनी। इस संदर्भ में कमेटी के सचिव एवं खेल निदेशक को अपने कार्य में व्यस्त होने के कारण नए सचिव का चुनाव भी किया गया जिसमें मुकेश कंचन को सचिव, थॉमस हेब्रोन को मीडिया प्रभारी प्रसाद को खेल निदेशक बनाया गया, साथ ही सभी खेल को अलग-अलग कोऑर्डिनेटर का भी चुनाव किया गया जिसमें रवि कुमार को एथलेटिक्स, रीना कुमारी को आर्चरी, व्हीलचेयर खेल मुकेश कंचन, बैडमिंटन में कमल अग्रवाल तथा पावरलिफ्टिंग में आकाश सिंह को कोऑर्डिनेटर के रूप में चुना गया जबकि स्विमिंग खोल को सुनील कुमार विश्वास देखेंगे आज के सभा को सफल बनाने में कमल अग्रवाल आकाश अग्रवाल सुगंध नारायण एवं जिला कमेटी के सभी सदस्यों को महतपूर्ण योगदान रहा। अंत में आकाश अग्रवाल के धन्यवाद ज्ञापन के बाद राष्ट्रगान के साथ सभा को समाप्त किया गया।



### रांची में सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, ग्रामीणों ने सड़क पर लगाया जाम

**रांची।** कांके थाना क्षेत्र के कांके-पतरातू रोड पर स्थित बुकरू में रविवार को सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गयी। बताया जाता है कि तेज गति से जा रही एक बाइक ने पवन मुंडा को टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। इस घटना से आक्रोशित सैकड़ों स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगा दिया। आक्रोशित लोगों ने मौके पर पहुंची पुलिस की टीम के साथ भी दुर्व्यवहार किया।

## शांत चित रहकर तनाव को घटाया जा सकता है : उज्जवल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

संत जेवियर्स कॉलेज रांची की एनएसएस इकाई ने आईक्यूएसी और आर्ट ऑफ लिविंग के सहयोग से फादर सी. डिब्रावर सभागार में परीक्षा संबंधी तनाव विषय पर वार्ता कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के बर्सर फादर रवि हेमंत कुजूर एसजे और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिर्बान गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में झारखंड प्रांत के हेड उज्जवल भास्कर ने विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान तनाव से उबरने के लिए कुछ टिप्स देते हुए बताया कि तनाव में शांत चित रहकर उसे घटाया जा सकता है और विषय को समझने में रूचि बढ़ जाती है कार्यक्रम में छात्रों को कुछ प्राणयाम भी सिखाए गए जिससे तनाव को दूर किया जा सकता है। कार्यक्रम में बोलते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. फादर नाबोर लकड़ा एस.जे. ने परीक्षा संबंधी तनाव के समाधान की आवश्यकता का उल्लेख किया।

# जगगनाथपुर महोत्सव में एक से बढ़ कर एक प्रस्तुति

*सांस्कृतिक निदेशालय झारखंड की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया है*



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अबुआ संस्कृति-अबुआ अखरा सांस्कृतिक कार्यकर्म का दूसरा दिन रविवार को बेहद सफल रहा। रविवार होने के कारण पूरा दर्शक दीर्घा भीड़ से भरा पड़ा था। पर्यटकों ने सभी गीत नृत्य का आनंद लिया। 24 कला दलों की ने अपनी विधाओं की प्रस्तुति दी ।

कार्यकर्म में महावीर नायक, पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख, पद्मश्री मुकुंद नायक, देवदास विश्वकर्मा, मनपुरण नायक, राकेश रमन, बंदी उरांव कलाकारों का मनोबल बढ़ाने के लिए उपस्थित थे।

कार्यकर्म की शुरूआत में ही लक्ष्मीनाथ महतो के नेतृत्व में न्यू झारखंड कला संगीत सृजन केंद्र बुढ़मू के कलाकारों के द्वारा प्रस्तुत नागपुरी गीत नृत्य ने दर्शकों को झूमने को मजबूर कर दिया। मनोरंजन बासकी गोड्डा के कलाकारों द्वारा संथाली नृत्य प्रस्तुत किया गया । नागपुरी गायिका ने नागपुरी लोक गायन से सबका मनमोहा। कृष्णा भगत लापुंग की टीम ने उरांव गीत नृत्य से सभी को झुमाया। रामेश्वर मिंज के द्वारा 6 बांसुरी वादकों ने एक साथ नागपुरी लोक धुन में अपनी प्रस्तुति दी। मानिका विरुली के द्वारा हो गीत नृत्य प्रस्तुत किया गया । बुधराम मुंडा के द्वारा मुंडारी गीत नृत्य प्रस्तुत किया गया। सिमडेगा से आए अर्जुन नायक के द्वारा आकर्षक चांवर पाईका की प्रस्तुति दी गई। देवश्रुत ओडिसी अकादमी द्वारा प्रस्तुत ओडिसी नृत्य ने दर्शकों की वाहवाही बटोरी राजेश लोहरा की आधुनिक नागपुरी नृत्य ने दर्शकों को खूब झूमाया` अनुरोध पातर के द्वारा उत्कृष्ट मुंडारी कर्मा नृत्य की प्रस्तुति की गई। सरायकेला खरसावां से आए गिरिधर कला केंद्र के कलाकारों द्वारा मानभूम छऊ नृत्य की प्रस्तुति की गई। देवप्रिय ठाकुर की मंत्र मुग्ध करने वाली सितार वादन को दर्शकों द्वारा काफी सराहा गयो बोकारो से पधारी रंजू सिंह द्वारा हिंदी गायन प्रस्तुत किया गया`सुमेधा सेन गुप्ता के द्वारा ओडिसी नृत्य प्रस्तुत किया गया । जया सिंह एवं ग्रुप के द्वारा हिंदी भजन की प्रस्तुति दी गई जिसमे श्रोताओं ने झूमा साथ ही जयजयकार लगाया कैलाश जैक्सन के दल के द्वारा आधुनिक नागपुरी नृत्य की प्रस्तुति दी गई जिसपर दर्शक भी साथ साथ नृत्य करने लगे । चूमकी राय ने एक से बढ़कर हिंदी गीतों को सुनाया जिसे दर्शकों ने काफी सराहा।विनोद कुमार महतो बोकारो से अपने दलों के साथ घोड़ा नृत्य में अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी । अंत में अनिता बाड़ा आधुनिक नागपुरी गीतों से दर्शकों को नाचने पर मजबूर कर दिया।

हर वर्ष की भांति सांस्कृतिक निदेशालय झारखंड के द्वारा इस वर्ष

# गैंगेस्टर अमन साहू का गुर्गा मयंक बना गिरोह का सरगना, दी चेतावनी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




गिरिडीह जेल अधीक्षक के परिवार पर गोलीबारी की साजिश रचने का खुलासा होने के बाद कुख्यात अमन साहू के गुर्गे मयंक सिंह ने कहा है कि गिरिडीह जेल सुपरिटेंडेंट और जेलर ने अमन साहू को बदनाम करने और झूठे केस में फंसाने का प्रयास किया। अमन साहु को गिरिडीह जेल में जेल मैनुअल के हिसाब से नहीं रखा जाता है। उन्हें जेल में बहुत ज्यादा प्रताड़ित किया जाता है। मयंक सिंह ने कहा है कि अमन साहु को परेशान और प्रताड़ित करने वाले को वह दंडित करेगा। मयंक सिंह ने कहा है कि अमन साहु सिर्फ उसका बॉस ही नहीं, उसके लिए भगवान से बढ़कर है। गिरोह से उसका पूर्व में रिश्ता बहुत अच्छा रहा था। यह बात सत्य है। अमन साहु और उनके गिरोह का सारा काम वह देखता है। मयंक ने झारखंड में काम करने वाले सभी रेलवे, रोड, सिविल कंस्ट्रक्शन, कॉन्ट्रैक्टर, कोयला कारोबारी, रैक लोडिंग कारोबारी और डीओ होल्डर को आगाह किया है कि अब वह मयंक सिंह गैंग के नाम से गिरोह संचालित करेगा। वह खुद निर्णय लेगा। साथ ही चेतावनी दी है कि कोई भी कंपनी बिना उसे मैनेज किए बगैर झारखंड में काम करेगी तो उस कंपनी के मालिक और कर्मचारियों से तो बाद में निपटेगा लेकिन सबसे पहले उस कंपनी में काम करने वाले कर्मियों और अधिकारियों के घर और परिवार वालों को गोली मारेगा।

## न्यूज बॉक्स

### माहेश्वरी सभा द्वारा मुफ्त फिजियोथैरेपी सेंटर की शुरूआत



**रांची।** माहेश्वरी सभा की और से मुफ्त फिजियोथैरेपी सेंटर की शुरूआत की गई। फिजियोथैरेपी कैंप हर रविवार दोपहर 3:00 बजे से 5:00 बजे तक लक्ष्मी नारायण मंदिर के पास माहेश्वरी सभा द्वारा संचालित एक्यूप्रेशर सेन्टर में आरोग्यं फिजियोथेरेपी व न्योरो रिहैबिलिटेशन सेंटर के डा.शिखा, डा.आदर्श , डा.सूरज की टीम के द्वारा किया जायेगा। उद्घाटन सभा अध्यक्ष किसन कुमार साबू एवं डा.शिखा ने किया साथ में सचिव नरेन्द्र लाखोटिया, एक्यूप्रेशर सेन्टर के संयोजक गौतम राठी, प्रकाश साबू, सरोज राठी, अंकिता राठी और गणमान्य की उपस्थिति थी।

### 57वां चार दिवसीय वार्षिक श्री श्याम महोत्सव 5 से 8 सितम्बर तक



**रांची।** झारखण्ड राज्य की प्राचीनतम धार्मिक संस्था श्री श्याम मण्डल, रांची की आम सभा मन्दिर सभागार में आयोजित की गई। सभा में मण्डल के दैनिक कार्यों एवम मण्डल द्वारा किए जाने कार्यों पर सभी सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया। 57वें चार दिवसीय वार्षिक श्री श्याम महोत्सव आगामी 5 सितम्बर 2024 से 8 सितम्बर 2024 रविवार तक अत्यंत धूमधाम व उत्साह के साथ आयोजित करने का निर्णय किया गया। महोत्सव के आयोजन श्री श्याम मण्डल रांची द्वारा निर्मित अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में आयोजित होगा साथ ही इस अवसर विभिन्न उपसमितियों का गठन किया गया और निर्णय लिया गया की हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी श्री श्याम मोहत्सव को अत्यंत भग्तिमय और संगीत मय में आयोजित किया जायेगा। अंत में मण्डल के उपाध्यक्ष मनोज सिंघानिया ने धन्यवाद ज्ञापन देकर सभा का समापन किया। आज की सभा में धीरज बंका, विवेक ढांढनीयां,अरुण धनुका, राजेश सारस्वत, विकाश पाडिया, प्रियांश पोद्दार, नितेश केजरीवाल, प्रमोद बगड़िया, पवन कन्होई उपस्थित थे।

### 158वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण



**रांची।** ओमप्रकाश संतोष देवी अग्रवाल की शादी सालगिरह के उपलक्ष्य निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे मे पुडी, आलु चना की सब्जी, खीर भेजिटेबल पुलाव एव जलजीरा का 1100 से अधिक श्रद्धालुओं ने एवं सद्गुरु अपना घर आश्रम (सत्य-प्रेम सभागार) रहने वाले प्रभु जी एव वहां रहकर सेवा करने वाले सभी सेवा साथियों ने अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। जिसका आयोजन निर्माणाधीन श्री कृष्ण प्रणामी (राधा-कृष्ण) मंदिर (मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम दिव्यांग आश्रम) के प्रांगण में किया गया। रविवार के अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा के महान कार्य में विशेष रूप संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष निर्मल जालान राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, पवन अग्रवाल,सुरेश भगत, विकास अग्रवाल धीरज कुमार गुप्ता, परमेश्वर साहू, महेश वर्मा महिला समिति की वरिष्ठ सदस्या विधा देवी अग्रवाल, बिमला जालान,अमिता जालान एव इनके अलावा संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे।

### लायंस क्लब ऑफ रांची ने किया पौधरोपण

**रांची।** लायंस क्लब ऑफ रांची की ओर से अशोक नगर देवालय मंदिर परिसर में पौधारोपण किया गया। सत्र 2024 -2025 की पहली गतिविधि में पूर्व अध्यक्ष सोनी मेहता ने आम, अमरुद, फालसा, रुद्राक्ष और चीकू जैसे फलदार लगाए। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष अरुण सिंह, मनीष गाड़ोदिया, डॉ प्रदीप कुमार, विनोद जायसवाल, अजय सखूजा, डॉ. हरमिंदर बीर सिंह, परविंदर जीत सिंह, अजय अग्रवाल, राजेश चौधरी, के. के. सिंह, दिलीप बंका, विजय पांडेय, मंजुला जायसवाल, एस. एस. शर्मा, सुनीता चौधरी, सुजाता गाड़ोदिया, सुबोध वर्मा, अजय सिंह, वीणा बंका, रजनी सिंह, रश्मि अग्रवाल, मनोज चौरसिया, संजय सरावगी। पूर्व अध्यक्ष राजेश मोर और रजनी मोर ने अपनी पोती नायशा का जन्मदिन निवारणपुर स्थित आदिम जाति सेवा मंडल के बच्चों के बीच उल्लास के साथ मनाया गया। बच्चों को दोपहर का खाना खिलाया गया।

### पूर्व सैनिकों ने परिवारों और वीर नारियों की समस्याओं को लेकर संस्था बनाई

**नामकुम।** प्रखंड में भूतपूर्व सैनिकों द्वारा उनके परिवारों और वीर नारियों की समस्याओं के समाधान के लिए एक संस्था गठित की गई। संस्था का नाम पूर्व सैनिक संघ रांची झारखंड रखा गया। संस्था के अध्यक्ष कर्नल बीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि यह संस्था पूरे झारखंड में पूर्व सैनिकों, उनके परिवारों और वीर नारियों के समग्र कल्याण के लिए काम करेगी। संस्था राष्ट्रहित को ध्यान में रखते हुए पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए सरकारों, सैनिक कल्याण केंद्रों और वांछितों के बीच सेतु का काम करेगी। वहीं सभी पूर्व सैनिकों ने सर्वसम्मति से संस्था के संचालन के लिए समिति गठित की।

## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आईपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित **'दैनिक राष्ट्रीय नवीन मेल'** को अपने रांची और डालटनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान रिपोर्टर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर, की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** ,502 बी,मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)

# संघ ने युवाओं से गांवों में बदलाव का वाहक बनने का किया आह्वान

## देशभर में 72 प्रशिक्षण वर्गों में 20,615 शिक्षार्थियों ने लिया भाग: सुनील आंबेकर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने युवाओं से आह्वान किया है कि वे गांवों में बदलाव के वाहक बनें। संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा कि इसके लिए व्यापक अभियान चलाया जाएगा। रांची के सरला बिरला विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक के अंतिम दिन रविवार को आंबेकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कई मुद्दों पर बात की। उन्होंने बताया कि बैठक में संघ के विभिन्न कार्य योजनाओं पर चर्चा और समीक्षा की गई। आंबेकर ने इस दौरान धर्मांतरण से लेकर लोकसभा चुनाव के परिणामों का जिक्र किया और संघ के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने लोकसभा चुनाव के परिणाम पर कहा कि जनता ने अपना फैसला दिया है। जनता का जो फैसला है, उसी के अनुरूप पार्टियां सरकार चला रहीं हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान झारखंड के प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल, अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख नरेंद्र कुमार एवं प्रदीप जोशी भी उपस्थित रहे।

अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख आंबेकर ने धर्मांतरण के खिलाफ सख्त कानून की मांग की है। उन्होंने कहा कि जिन राज्यों में धर्मांतरण के खिलाफ कानून पहले से मौजूद है, वहां उसका क्रियान्वयन हो और दोषी लोगों पर सख्त कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि संघ के दृष्टिकोण से पूरे देशभर में 46 प्रांत हैं। देश की युवा शक्ति काफी संख्या में संघ से जुड़ने की इच्छा व्यक्त कर रही है और जुड़ भी रहे हैं। संघ ने वर्ष 2012 में ज्वाइन आरएसएस के तहत एक ऑनलाइन माध्यम प्रारंभ किया था। इसके अंतर्गत ऑनलाइन माध्यम से प्रतिवर्ष एक से सवा लाख लोग संघ के साथ विविध गतिविधियों में जुड़ रहे हैं। इस वर्ष भी जून के अंत तक 66,529 लोगों ने संपर्क कर संघ से जुड़ने की इच्छा व्यक्त की। इस वर्ष से संघ प्रशिक्षण वर्गों की रचना व पाठ्यक्रम में परिवर्तन किया गया है। देशभर में 40 वर्ष से कम आयु के स्वयंसेवकों के लिए इस वर्ष कुल 72 वर्ग लगाए गए। इसमें संघ शिक्षा वर्ग 60, कार्यकर्ता विकास वर्ग प्रथम 11 और कार्यकर्ता विकास वर्ग द्वितीय 01 आयोजित हुए। इनमें कुल 20,615 लोगों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। 40 से 65 वर्ष की आयु के लोगों के लिए आयोजित 18 वर्गों में 3335 शिक्षार्थियों ने भाग लिया। पिछले वर्ष आयोजित प्राथमिक शिक्षा वर्गों में एक लाख नए लोगों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। ऐसे ही नई रचना में सामान्य स्वयंसेवकों के लिए पहली बार प्रारंभिक वर्गों (तीन दिवसीय) का आयोजन देशभर में हो रहा है, जिसमें प्राथमिक से दोगुनी संख्या में युवा सहभागी हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि आपसी विचार विमर्श के लिए विविध संगठनों की समन्वय बैठक 31 अगस्त से दो सितंबर तक केरल के पलक्कड़ में होगी। आंबेकर ने बताया कि विजयादशमी 2025 तक देश में संघ कार्य विस्तार को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में सभी मंडल तथा शहरी क्षेत्रों में सभी बस्तियों में दैनिक शाखा का लक्ष्य तय किया है। मार्च 2024 तक देश में 58,981 मंडलों में से 36,823 मंडल में प्रत्यक्ष दैनिक शाखा है। ऐसे ही शहरी क्षेत्रों में 23,649 बस्तियों में से 14,645 बस्तियों में संघ कार्य है। शेष में साप्ताहिक अथवा मासिक संपर्क है। अभी देश में 73,117 दैनिक शाखाएं और 27,717 साप्ताहिक मिलन चलते हैं। इसके अलावा जहां शाखा कार्य अथवा संपर्क नहीं है, संघ ऐसे 1,58,532 गांवों में जागरण पत्रिकाओं के माध्यम से सकारात्मक संदेश, आध्यात्मिक विचार, संतों का संदेश लोगों तक पहुंचा रहा है। उन्होंने आगामी योजना को लेकर बताया कि यह वर्ष पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर की त्रि-शताब्दी का वर्ष है। अहिल्यादेवी ने अपने जीवन में विपरीत परिस्थितियों के बावजूद एक आदर्श स्थापित किया। उनके जीवन संदेश, जीवन आदर्श को जन-जन तक पहुंचाने के लिए स्वयंसेवक समाज के साथ मिलकर वर्षभर कार्य करेंगे। इसका शुभारंभ 31 मई को इंदौर से हो चुका है।




### सेवा के साथ-साथ स्वावलंबन पर जोर

ग्रामीण क्षेत्रों के विकास की दृष्टि से गौ सेवा एवं ग्राम विकास को मिलाकर विशेष योजना बना रहे हैं। दोनों को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में प्रयास बढ़ाए जा रहे हैं, जिससे गांव की स्थिति बेहतर हो। संघ के स्वयंसेवक देशभर में सेवा कार्य कर रहे हैं। सेवा के साथ स्वावलंबन पर भी बल दिया जाता है, जिससे सेवा प्राप्त करने वाला स्वावलंबी बने, जहां-जहां भी संघ के स्वयंसेवक हैं, मणिपुर सहित उन सभी स्थानों पर स्वयंसेवक निरंतर सेवा कार्य करते हैं और कर रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण को लेकर भी संघ की गतिविधियों को समाज से अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। पंच परिवर्तन के विषयों को लेकर तैयारी भी चल रही है और समाज में निरंतर संपर्क भी चल रहा है। आंबेकर ने एक सवाल पर कहा कि संघ सीधे चुनाव के कार्य में नहीं लगता। संघ लोकमत परिष्कार, लोकमत जागरण का कार्य करता है। इस बार भी स्वयंसेवकों ने छोटी-छोटी गोष्ठियों के माध्यम से लोकमत परिष्कार का कार्य किया था।

## न्यूज | बॉक्स

### रांची में करंट लगने से एक की मौत

**रांची।** चुटिया थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित योगदा सत्संग आश्रम के पास रविवार को करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। बताया जाता है कि कचरा चुनकर जीवनयापन करने वाले व्यक्ति की करंट लगने से मौत हो गयी। खबर लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो पायी है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और शिनाख्त करा रही है।

### राज्य की खोई अस्मिता को लौटाना ही हमारा राजनीतिक दायित्व : सुदेश महतो




**पश्चिमी सिंहभूम।** आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि राज्य की खोई अस्मिता को लौटाने और जनता के साथ विश्वास के संबंध को मजबूत बनाना ही हमारा राजनीतिक दायित्व है। आजसू पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता अपने दायित्वों के निर्वहन में दिन-रात मेहनत करें। सुदेश कुमार महतो रविवार को भादुडीह चांडिल में आयोजित ईचागढ़ विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह में बोल रहे थे। मौके पर उपस्थित सभी चूल्हा प्रमुखों ने शपथ ग्रहण किया। इस दौरान क्षेत्र के कई समाजसेवियों और युवाओं ने पार्टी का दामन थामा। सुदेश ने कहा कि हम मिशन 2024 की शुरूआत आज ईचागढ़ से कर रहे हैं। आने वाले दिनों में विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में जाएंगे। उन्होंने कहा कि राजनीति और जनादेश हमें दायित्व का बोध कराता है। पार्टी कार्यकर्ता अपने दायित्वों को समझें और जनता के बीच रहकर जमीनी स्तर पर काम करें। उन्होंने राज्य सरकार को हर मोर्चे पर विफल करार देते हुए कहा कि निशुल्क बिजली का ढिंढोरा पीटने वाली सरकार निर्बाध बिजली देने में असफल है। गांव के लोग बिजली व्यवस्था से त्रस्त हैं। ट्रांसफॉर्मर खराब होने पर उसे बदलने में महिनों लग जाते हैं। यह राज्य में व्याप्त कुव्यवस्था का एक नजारा है। झारखंड को बिगड़े हालात से निकालना हम सबकी प्रतिबद्धता है। पार्टी के प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने कहा कि राज्य की मौजूदा परिस्थिति से समाज का हर एक वर्ग हताश और निराश है। इस परिस्थिति को बदलने और राज्यवासियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए हम सभी को मिलकर काम करना होगा। पार्टी के महासचिव हरेलाल महतो ने कहा कि चूल्हा प्रमुख पार्टी के मजबूत पिलर हैं। आने वाले चुनाव में हम सभी पूरी मजबूती के साथ चुनाव में जाएंगे और ईचागढ़ में बदलाव की पटकथा लिखेंगे।

### उदय खवाडे और आशा सोनी जदयू में शामिल

**रांची।** गोड्डा लोकसभा चुनाव में तीसरे स्थान पर रहे निर्दलीय प्रत्याशी उदय शंकर खवाडे रविवार को अपने समर्थकों संग जदयू में शामिल हो गए। प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद खीरू महतो ने उन्हें पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। अपने संबोधन में खवाडे ने कहा कि पिछला चुनाव उन्होंने समाजवाद विचारधारा को लेकर लड़ा और जिस तरह से केंद्र में सरकार बनाने में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अहम भूमिका रही उससे वे काफी प्रभावित हुए है। आज देश को नीतीश कुमार जैसे नेताओं की जरूरत है। वहीं खीरू महतो के संघर्ष को याद किया और कहा कि उनके नेतृत्व में इस बार जेडीयू झारखंड चुनाव में काफी अच्छा काम करेगी। वहीं दूसरी ओर भाजपा नेत्री आशा सोनी ने भी अपने समर्थकों संग जदयू की सदस्यता ली। यह जानकारी प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने दी।

### गुमला में ट्रैक्टर से दबकर मानसिक बीमार युवक की मौत

**रांची।** गुमला जिले के बिशुनपुर के गुरदरी थाना क्षेत्र अंतर्गत सखुआपानी गांव में खेत जोतने के क्रम में ट्रैक्टर पलटने से गांव के गोपाल असुर (19) की दबकर मौत हो गयी। सूचना मिलने पर गुरदरी पुलिस ने शव को रविवार की सुबह पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया। जानकारी के अनुसार गांव के ही अनिल असुर के ट्रैक्टर से गोपाल रविवार को गांव के खेत पर हल जोत रहा था। इसी दौरान ट्रैक्टर कीचड़ में फंस गया। चालक और मालिक ट्रैक्टर को खेत में ही छोड़कर शाम में घर चले गये। इस बीच मानसिक बीमार गोपाल असुर ट्रैक्टर के पास पहुंचा और डायरेक्ट स्टार्ट कर एक्सीलेटर दबा दिया। इससे गाड़ी सामने से खड़ी होकर सीधा पीछे पलट गयी, जिसमें वह दब गया और उसकी मौत घटनास्थल पर हो गयी। घटना की सूचना पर गांव वालों ने ट्रैक्टर उठाने की हर संभव कोशिश की लेकिन ट्रैक्टर नहीं निकला।

### प्रो. रमेश शरण की स्मृति में बांग्ला स्कूल में श्रद्धांजलि सभा

**रांची।** बांग्ला स्कूल, धुर्वा को स्व प्रो रमेश शरण की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा हुई। इसमें शिक्षाविद् और सामाजिक कार्यकर्ता सहित शहर के प्रबुद्ध लोग एकत्र हुए। प्रो रमेश शरण की तस्वीर पर पुष्प चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी, साथ ही दो मिनट का मौन भी रखा गया। कार्यक्रम में विनोबा भावे यूनिवर्सिटी के प्रो मिथिलेश ने कहा कि पढ़ाई के दौरान उन्हें प्रो रमेश शरण से ही शिक्षक बनने की प्रेरणा मिली। वह अर्थशास्त्र और समाज की जटिल चीजों को सरलता से समझा देते थे। समीर दास ने कहा कि प्रो रमेश शरण से 40-45 सालों का साथ रहा। वो ऐसे व्यक्ति थे, जो किसी के लिए भी आसानी से उपलब्ध थे। वह साइंस फोरम के अध्यक्ष के साथ संरक्षक भी थे। जनपक्षीय आर्थिक नीतियों पर झारखण्ड सरकार के सलाहकार भी रहे।

# झारखंड में माता, बेटी, बहन का सम्मान सुरक्षित नहीं: शिवराज

## जेएमएम और कांग्रेस वोट के लिए घुसपैठियों का करते हैं समर्थन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची ।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को कांग्रेस और जेएमएम के खिलाफ आक्रामक तेवर दिखाये। शिवराज ने कहा कि ये कैसी सरकार है। जहां माता, बेटी, बहन की इज्जत सुरक्षित नहीं है। सम्मान सुरक्षित नहीं है। घुसपैठिए खुल कर छेड़ रहे हैं। वो भारत के नहीं है, वो झारखंड के नहीं है। वो आते हैं बांग्लादेश से और वोटों के लालच में आईडी से लेकर आधार बनवाते है। जेएमएम और कांग्रेस को कोई चिंता नहीं है चाहे देश चला जाये लेकिन वोट मिल जाये। चौहान राजधानी रांची के धुर्वा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आयोजित विजय संकल्प सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को ऐसा लग रहा है कि 99 सीटें प्राप्त कर उनने बड़ा तीर मार लिया है। राहुल को चिंदी मिल गयी तो बजाज बन गये। कहा कि कांग्रेस और जेएमएम झूठ बोलने की मशीन हैं। कहा, झामुमो ने एक भी वादा पूरा नहीं किया।

**घुसपैठ के जरीए राजनीतिक खेल :** बाहर से राज्य सरकार की सह पर अवैध रूप से आओ आदिवासी बेटी से शादी कर लो। उनके नाम से जमीन खरीद लो। उनको चुनाव लड़ा दो। पंचायतों पर कब्जा कर लो। ये खेल झारखंड को तबाह और बर्बाद कर देगा। यहां रोज हत्याएं हो रही है। आम आदमी की इज्जत सुरक्षित नहीं है। और मदमस्त सरकार अपनी मस्ती में चूर है।



### मामा के हमले

1. वादा किया था हर साल युवाओं को पांच लाख नौकरी देंगे, नौकरी नहीं दी तो 5 हजार रुपए स्नातक को और 7 हजार रुपए स्नातकोत्तर को बेरोजगारी भत्ता देंगे। बताओ किसी बेरोजगारी भत्ता दिया।
2. बहनों से वादे किये थे कि घर खर्च के लिए 2 हजार रुपया महीना देंगे। मैं पढ़कर बता देता हूं इनने लिखा है पूरे राज्य में महिला बैंक की स्थापना की जायेगी। हर गरीब महिला को अपनी आकस्मिक जरूरतों के लिए 50 हजार का कर्ज.बिना किसी गारंटी के आधार कार्ड पर देंगे। बताओ किसी को मिला क्या?
3. किसानों से किया वादा पूरा नहीं किया, कहा था कि हम राज्य में किसानों के लिए कई सौगातें देंगे। कोई सौगात नहीं दिया। जब रघुवर दास मुख्यमंत्री थे, तब मुख्यमंत्री किसान समृद्धि योजना में प्रति एकड़ 5 हजार रूपया किसानों को दिया जाता था। हेमंत सोरेन ने यही योजना बंद की।
4. भाजपा की सरकार थी तब 50 लाख रुपये की रजिस्ट्री अगर बहन के नाम पर होती थी तो केवल 1 रूपया में होती थी। हेमंत सोरेन ने यह योजना बंद की।

### झारखंड की गठबंधन सरकार ने सभी को ठगा : शिवराज सिंह



**रांची।** केंद्रीय कृषि मंत्री और भाजपा के राज्य चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को राजधानी रांची में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके झारखंड की हेमंत सरकार को घेरा। उन्होंने राज्य की गठबंधन सरकार पर आरोप लगाया कि उन्होंने सभी वर्गों को ठगा है। भाजपा इनकी पोल खोलेगी। शिवराज सिंह चौहान ने कहा, इंडी गठबंधन भ्रम और झूठ फैलाता है। झारखंड की धरती पर जेएमएम और कांग्रेस की गठबंधन सरकार का 5 साल पूरा होने वाला है। लेकिन, इन सालों में इनकी कोई उपलब्धियां नहीं रही। कांग्रेस और जेएमएम ने चुनाव से पहले घोषणा पत्र और निश्चय पत्र निकाला था। निश्चय पत्र में 144 बातें थी और कांग्रेस के घोषणा पत्र में 317 वायदे थे। लेकिन, इसमें से किसी भी वादे को इन्होंने पूरा क्या किया। शिवराज सिंह चौहान ने आगे कहा, तराजू से तौलकर बालू बिक रहा है। खनन नहीं पर्यटन का नारा दिया गया, लेकिन आज सिर्फ खनन हो रहा है। अब भाजपा राज्य की जनता के सामने इनकी पोल खोलेगी।

### केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान पहुंचे रांची

**रांची ।** झारखंड में विधानसभा चुनाव की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। इसके मद्देनजर केंद्रीय मंत्री और झारखंड के लिए भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान विजय संकल्प सभा में शामिल होने रविवार को रांची पहुंचे। शिवराज ने रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डा पर संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि मैं यहां आता रहूंगा। झारखंड को प्रणाम, यहां की जनता को प्रणाम। हमलोग चुनाव की तैयारियों में जुटे हैं। हमने आगामी चुनावों की तैयारी शुरू कर दी है।

### शिवराज ने धुर्वा मंडल अध्यक्ष के घर किया भोजन

**रांची।** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को धुर्वा मंडल भाजपा अध्यक्ष उमेश यादव के घर भोजन किया। परिवार के सदस्यों, बच्चों के साथ सेल्फी भी ली। चौहान ने कहा कि मैं बहुत प्रसन्न और आनंदित हूं। उमेश यादव हमारे मंडल के अध्यक्ष हैं और उनके मंडल से लोकसभा के चुनाव में भाजपा को भारी बढ़त मिली है। इनके मंडल में 81 पोलिंग पर हमें भारी लीड मिली है, जिसके कारण लोकसभा चुनाव में रांची लोकसभा में शानदार सफलता मिली है। शिवराज सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता भाजपा के प्राण हैं। यदि विचार आत्मा है तो कार्यकर्ता प्राण हैं। हम कार्यकर्ता नहीं है एक परिवार हैं। परिवार के बीच आकर भोजन कर कार्यकताओं से मिलकर बहुत अच्छा लगता है। एक परिवार की तरह भाजपा चल रही है और मैं अपने कार्यकर्ता के साथ मिलकर भोजन कर अत्यंत प्रसन्न हूं और मेरा सौभाग्य है कि मैं यहां आया हूं।

### लापरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मियों को एसएसपी ने किया निलंबित

**खबर का असर**

**रांची।** राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार के खबर का असर हुआ है। अवैध रूप से बस कई चौराहों पर स्टैंड कर पैसेंजर उठाने के मुद्दे को राष्ट्रीय नवीन मेल ने प्रमुखता से उठाया था। बूटी मोड़ पर लगातार अवैध रूप से खड़ी गाडियों के बारे न केवल लिखा गया बल्कि संबंधित अधिकारियों से प्रश्न भी पूछे गए। गत शनिवार को रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने उनपर कार्रवाई की। एसएसपी ने औचक निरीक्षण किया और पाया कि बूटी मोड़ से आगे अवैध पार्किंग में खड़ी बसें पैसेंजर बैठा रहे थें। यह जगह धीरे धीरे अवैध बस स्टैंड का रूप धारण कर रहा था। यातायात में लगाए गए जवान भी मौजूद थे पर उनके आंखो के सामने सारा खेल चल रहा था। जवानों द्वारा लापरवाही बरती जा रही थी। लापरवाही बरतने वाले जवानों को एसएसपी ने निलंबित कर दिया है। एएसआई निकोलस सुरीन, आरक्षी गजेन्द्र तिवारी, आरक्षी जितेन्द्र कुमार, आरक्षी श्रीनाथ यादव व आरक्षी गौरव कुमार सिंह को निलंबित किया गया।


अवैध बस स्टैंड बन रहे हैं लोगों की परेशानी का सबब

एक यात्री जो पहली बार दूसरे प्रदेश से रांची आया हो, तो क्या वह यह पता कर सकता है कि अमुक जगह जाने के लिए बस कहां से मिलेगी और कब मिलेगी? रांची में खेलगांव, बूटी मोड़, पटेल चौक, शोष पेट्रोल पंप, धुवा गोल चक्कर के समीप आदि स्थानों पर अवैध बस स्टैंड चल रहा है।

अवैध पार्किंग की परेशानी

अवैध बस स्टैंड का रूप लेता खेलगांव चौक

अवैध बस स्टैंड का रूप लेता बूटी मोड़ चौक

अगर बसें स्टैंड में नहीं रुककर कहीं और रुकेंगी, तो उस एजेंसी को टोल टैक्स कौन देगा?

# भ्रष्ट और लुटेरी ठगबंधन सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लें : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता**




**गिरिडीह।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को गिरिडीह जिले के धनवार विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता सम्मान एवं विजय संकल्प सभा को संबोधित किया। मरांडी ने कहा कि भाजपा विचार आधारित कार्यकताओं की पार्टी है। कार्यकर्ता ही पूंजी है। ऐसे कार्यकताओं का सम्मान पार्टी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि इंडी एलायंस के दुष्प्रचार और भ्रम के बाद भी जनता ने भाजपा और एनडीए पर भरोसा किया। जनता को मोदी की गारंटी पर भरोसा है। उन्होंने कहा कि झारखंड में भी जनता ने एनडीए पर विश्वास जताया। नौ सीट पर एनडीए को जीत मिली। जनता ने भाजपा को 84 लाख वोट दिए जबकि इंडी ठगबंधन को 66 लाख ही वोट मिले। तत्कालीन मुख्यमंत्री सहित राज्य के 7मंत्री अपने क्षेत्र में इंडी ठगबंधन को नहीं जीता सके। उन्होंने कहा कि झामुमो कांग्रेस के रहते विकास की उम्मीद नहीं की जा सकती। ये लुटेरी सरकार है। यहां खान, खनिज, बालू, पत्थर, जमीन की लूट मची है। युवाओं की नौकरी तक बेची जा रही। जेपीएससी-जेएसएससी की परीक्षाएं लगातार भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही। युवा आज हताश और निराश है। न नौकरी मिली बेरोजगारी भत्ता ही मिला। उन्होंने कहा कि महिलाएं घर में भी असुरक्षित हैं। अपराधी बेलगाम हैं। व्यापारियों से फिरौती रंगदारी की मांग हो रही। मरांडी ने कहा कि संथाल परगना की डेमोग्राफी बदल रही। तुष्टिकरण में यह सरकार बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण दे रही। उन्होंने कहा कि झामुमो कांग्रेस के रहते न विकास होगा न विधि व्यवस्था ठीक होगी।

# पुलिस महानिदेशक 15 को मुहर्रम के विधि व्यवस्था की करेंगे समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य पुलिस मुख्यालय में सोमवार को पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह जिले के एसएसपी और एसपी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक करेंगे। बैठक में मोहर्रम में विधि व्यवस्था को लेकर चर्चा की जायेगी। मुहर्रम को लेकर राज्यभर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। राज्य के सभी संवेदनशील जिलों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जा रही है। जहां पूर्व में सांप्रदायिक घटनाएं हुई हैं, उन जिलों में पुलिस मुख्यालय ने विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर राज्य के अलग-अलग जिलों में इको की 16 कंपनियां, रैप की कंपनी, 2388 लाठीबल और पांच हजार होमगार्ड तैनात की गयी है। डीजीपी के आदेश के बाद आईजी अभियान ने इसको लेकर आदेश जारी किया है। जुलूस के दौरान सभी पुलिस कर्मियों को बॉडी प्रोट्रेक्टर समेत अन्य दंगा नियंत्रण उपकरण साथ में लेकर चलने के निर्देश दिये हैं। सभी जिलों के एसएसपी व एसपी को सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी का निर्देश दिया गया है, ताकि आसामाजिक तत्व सोशल मीडिया में अफवाह ना फैला सकें। किसी तरह की अफवाह फैले तो तत्काल उसका सत्यापन का भी निर्देश है।

*मुहर्रम को लेकर राज्यभर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं।*

# हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस ने चक्रधरपुर अनुमंडलीय सिविल कोर्ट का किया उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**

**पश्चिमी सिंहभूम।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस वीआर सारंगी ने रविवार को चक्रधरपुर अनुमंडलीय सिविल कोर्ट का उद्घाटन किया। उद्घाटन से पहले उन्होंने नवनिर्मित अनुमंडल व्यवहार न्यायालय भवन का अवलोकन किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मौके पर साड़ंगी ने कहा कि आज चक्रधरपुर अनुमंडल में व्यवहार न्यायालय भवन का विधिवत उद्घाटन कर दिया गया है। 15 जुलाई से कोर्ट में काम शुरू हो जायेगा। कोर्ट शुरू होने के बाद चक्रधरपुर अनुमंडल के नागरिकों को न्याय के लिए जिला मुख्यालय तक नहीं जाना होगा। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका का प्रयास रहेगा कि सभी नागरिकों को एक समान और कम समय में न्याय मिले। उन्होंने कहा कि आपसी सामंजस्य से न्यायपालिका व्यवस्था को और मजबूत कर सकते हैं। सारंगी ने कार्यक्रम को ओडिया, हिंदी व अंग्रेजी में भी संबोधित किया। संबोधन से पूर्व उन्होंने प्रभु जय जगन्नाथ के जयकारे लगाये। चीफ जस्टिस को चक्रधरपुर बार एसोसिएशन ने सम्मानित किया। पारंपरिक नृत्य व आदिवासी परंपरा के अनुसार चीफ जस्टिस को खजूर पत्तों से बनी टोपी पहनाकर स्वागत किया गया।



## एक नजर

### आरोग्यम परिवार ने मनाया अस्पताल के निर्देशक हर्ष अजमेरा का जन्मदिवस



**हजारीबाग।** शहर के डिस्टिक मोड़ स्थित आरोग्यम अस्पताल परिवार के द्वारा अस्पताल के निर्देशक सह युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा का 36 वां जन्मदिवस धूमधाम के साथ मनाया गया अस्पताल परिसर में मौजूद हर्ष अजमेरा के कार्यालय कक्ष को आकर्षक रूप से सजाया गया। अस्पताल की प्रशासक, चिकित्सक सहित सभी कर्मचारियों की उपस्थिति में श्री अजमेरा ने केक काटकर जन्मदिन मनाया। उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की सभी ने कामना की। वहीं कुछ लोगों ने विभिन्न प्रकार की कविता एवं गीत उनके सामने पेश किया। जिसके बाद सभी ने अस्पताल के निर्देशक को फूलों का गुलदस्ता भेंट किया।

### निदेशक व उनकी पत्नी डॉक्टरेट की डिग्री से हुए सम्मानित

# मैरीस्टेट यूनिवर्सिटी ने दंपति को गोल्ड मेडल के साथ पीएचडी की दी उपाधि

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बरही। आईलेक्स पब्लिक स्कूल के निदेशक और उनकी पत्नी अब डॉ (डॉक्टरेट) शैलेश कुमार और डॉ सुषमा भारती के नाम से जाने जायेंगे. यह विशेष उपाधि उन्हे शनिवार को गुलमोहर इंडिया हैबिटेट सेंटर दिल्ली में आयोजित पीएचडी सम्मान समारोह कार्यक्रम में दिया गया. जिसे मैरी स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका की ओर से शिक्षा विषय पर शोध के लिए प्रदान किया गया. निदेशक श्री कुमार ने बताया कि स्नातक की पढ़ाई के क्रम में उनकी शादी हुई. दोनो पति पत्नी ने एक ही वर्ष स्नातक, स्नातकोत्तर, एमबीए और बीएड की डिग्री प्राप्त किया. यह एक संयोग है कि दोनो को एक ही दिन यूएसए के बसीम एफ हलीम के निर्देशन में एजुकेशन पर शोध का मौका मिला और मैरी स्टेट यूनिवर्सिटी ने शनिवार को डॉक्टरेट की उपाधि से भी सम्मानित किया. यह विशेष उपलब्धि प्राप्त करने के बाद निदेशक व उनकी पत्नी ने कहा कि अपने स्कूल के माध्यम से अपने क्षेत्र सहित पूरे राज्य में शिक्षा के लिए विशेष कार्य करूंगा. बरही तथा विभिन्न क्षेत्रों में गुणवत्तायुक्त शिक्षण व्यवस्था उपलब्ध करवाने के लिए उनका विद्यालय समर्पित होकर सतत कार्यशील है. साथ ही हर दिन एक नई मुकाम हासिल करने का प्रयास कर रहा है. इस कार्य में अभिभावकों और स्थानीय लोगो का विशेष सहयोग रहा है. इस अनुपम उपलब्धि के लिए आईलेक्स के सभी शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक कर्मी सहित सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन निदेशक जयदीप कुमार सिन्हा, वरिष्ठ समाजसेवी विष्णुधारी महतो, रितेश कुमार आदि सहित कई लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी है.




### मिशन ग्रीन हजारीबाग अभियान का हुआ श्रीगणेश

# 11 प्रकार के फलदार वृक्ष लगाए गए



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

अपने शहर को खूब हरा भरा बनाने के लिए मिशन ग्रीन हजारीबाग के तहत एक अभियान की शुरूवात मासीपीढ़ी में 11 पौधे लगाकर की गई। इस अभियान के बाबत पत्रकार विश्वेन्दु जयपुरियार ने कहा कि उन्होंने इसके बारे में सोचा और सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों से इस मुहिम में साथ जुड़ने की अपील की। इसके बाद कई लोग इस मिशन से जुटते गए और परिणाम यह हुआ कि आज 11 फलदार वृक्षों के पौधे लगाकर इस सोच को हकीकत में बदल दिया गया। पीटीसी चौक निवासी और घाटो में शिक्षक गुरु दत्त ने कहा कि जैसी गर्मी इस बार हजारीबाग में पड़ी, उससे यह यकीन करना मुश्किल हो गया कि यह वही जगह है जिसके मौसम की शिमला से तुलना की जाती थी। हुरहुरू के युवा व्यवसायी जीत ऋषि विवेक ने कहा कि आने वाली पीढ़ी के लिए कुछ अच्छा करके जाए, इसी सोच के साथ यह प्रयास किया है। उन्होंने अन्य लोगों से भी इस मिशन से जुड़ने की अपील की। पत्रकार मनोज सिन्हा ने कहा कि पौधरोपण के अलावे अन्य कई सामाजिक कार्य भी इस बैनर के तले करने की योजना है।

## न्यूज बॉक्स

### बरही व आसपास की कई दुकानों में बिक रहे हैं जनवितरण प्रणाली में वितरित होने वाले चावल



**बरही ।** सरकार ने गरीबों को राशन इसलिए उपलब्ध करवाया कि प्रदेश में का कोई भी व्यक्ति अन्न के अभाव में दम नहीं तोड़े. जो एक उचित कदम भी है, पर कई अयोग्य लोग बीपीएल कार्ड बना कर जनवितरण प्रणाली पर मिलने वाले चावल का उपयोग सिर्फ बेचने के लिए कर रहे है. वह पूरी तरह परिपूर्ण है व सरकारी राशन की आवश्यकता नही है. इसकी जानकारी स्थानीय जनप्रतिनिधि को भी है. पर वोट बैंक या स्वजन के कारण कुछ भी बोलने से कतराते हैं. यही कारण है कि सरकारी दुकान पर मिलने वाले चावला आज बरही तथा आसपास के दुकान में खुल्लेआम बिक रहे हैं. एक दुकानदार ने नाम नही बताते हुए बताया कि वह 20 से 25 रुपए प्रति किलो चावल लेते है जिसे 30 से 35 रुपए की दर आ बेचा जाता है. चावल बेचने वाले में कई सक्षम उपभोक्ता के साथ कुछ डीलर भू शामिल है, जो पूरे परिवार के नाम से राशन संग्रहित कर बेच देते हैं. यदि बीपीएल कार्ड धारियों की जांच की जाए तो अभी भी सैकड़ो कार्ड धारी ऐसे मिलेंगे जो चार पहिया और बड़े मकान के स्वामी होने के बाद भी बीपीएल में शामिल है. प्रशासन चाहे लाख दावा करे अभी भी भ्रष्ट तंत्र के आगे सरकार की सारी विधि व्यवस्था ध्वस्त है.

### सिद्धू -कान्हू युवा खेल क्लब के निबंधन के लिए रामगढ़ जिले के सभी प्रखंडों में हो रहा है प्रशिक्षण का आयोजन



**रामगढ़।** पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के निर्देशानुसार गत 11 जुलाई से 15 जुलाई 2024 तक वी0एल0ई0/सी0एस0सी0 (प्रज्ञा केन्द्र) सेंटर के कंप्यूटर ऑपरेटर एवं क्लब के सभी सदस्यों को सरोज कुमार यादव, जिला खेल समन्वयक रामगढ़ एवं छटकु उरांव द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में 13 जुलाई को मांडू प्रखंड में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान मांडू प्रखंड के सभी वी0एल0ई0/सी0एस0सी0 सेंटर के कंप्यूटर ऑपरेटर एवं क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित हुए। गौरतलब है कि 15.07.2024 को पतरातू प्रखंड में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### शोभायात्रा का खंडेलवाल युवा संघ ने किया स्वागत

# नगर भ्रमण कार्यक्रम में महिलाएं माता रानी की भजनों पर झूमती नजर आई

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

ओकनी बड़ा शिव मंदिर में आयोजित श्री 1008 श्री शतचंडी महायज्ञ के दौरान रविवार को बधाई धूमधाम के साथ नगर भ्रमण शोभायात्रा निकाली गई इस बीच कई स्थानों पर विभिन्न सामाजिक संस्थाओं एवं समाज के लोगों के द्वारा शोभायात्रा का स्वागत किया गया इसी क्रम में खण्डेलवाल युवा संघ के द्वारा महावीर स्थान चौक के समीप श्रद्धालुओं को शुद्ध पेयजल देकर स्वागत व अभिनंदन किया गया। इस बीच आयोजन समिति के द्वारा चुनरी भेंट कर सम्मानित किया गया। तो वहीं दूसरी और भव्य शोभा यात्रा में महिलाएं माता रानी की भजनों पर झूमती नजर आई,बच्चे हाथों में भगवा झंडा लेकर शोभा यात्रा में चल रहे थे। शोभा यात्रा में शामिल करीब पांच सौ से भी अधिक श्रद्धालुओं के बीच खंडेलवाल युवा संघ ने अपनी सेवा प्रदान की है। मौके पर खंडेलवाल युवा संघ के अध्यक्ष अमित खंडेलवाल एवं सचिव दीपक खंडेलवाल ने संयुक्त रूप से कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यों में सेवा करने से मन काफी प्रश्न और प्रभावित होता है खंडेलवाल युवा संघ ऐसे कार्यों को कर काफी प्रभावित होती है माता रानी का आशीर्वाद समस्त हजारीबाग वासियों पर सदैव बनी रहे सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति को बहुत-बहुत आभार साथ ही सम्मान हेतु हृदय से धन्यवाद। मौके पर खंडेलवाल वैश्य पंचायत के श्याम सुंदर खंडेलवाल, मदन दुसाद, खण्डेलवाल युवा संघ के अध्यक्ष अमित दुसाद, सचिव दीपक खण्डेलवाल, उपाध्यक्ष निखिल वैध खण्डेलवाल, कोषाध्यक्ष रोहित दुसाद, सह सचिव सिद्धार्थ दुसाद, प्रवीण ढ़ोकरिया, चंदा दुसाद, रितेश खण्डेलवाल, मेहुल खण्डेलवाल, रिंकेश नाटाणी सहित कई लोग मौजूद थे।



### रामगढ़ में खुला आइरिस सुपर स्पेशलिटी आई हॉस्पिटल

# मरीजों के लिए आयुष्मान योजना के तहत ईलाज की भी मिलेगी सुविधा : डॉ. सिद्धांत जैन

- रांची आइरिस में हमने वह तमाम सुविधाएं दी हैं जो एम्स नई दिल्ली, शंकर नेत्रालय चेन्नई, अरविंद नेत्र अस्पताल पांडिचेरी में दी जाती हैं



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

शहर के नईसराय मेन रोड पर अत्याधुनिक उपकरणों और बेहतर सुविधाओं से लैस आइरिस सुपर स्पेशलिटी आई हॉस्पिटल का उद्घाटन 14 जुलाई को किया गया। उदघाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सिविल सर्जन रामगढ़ महालक्ष्मी प्रसाद सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे। मौके पर अस्पताल प्रबंधन की ओर से प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें मैनेजिंग पार्टनर डॉ. सुबोध कुमार सिंह, निदेशक ऑर्किड अस्पताल सिद्धांत जैन, राजकुमार अग्रवाल और डॉ. गोपाल सिंह शामिल रहे। अतिथियों द्वारा विधिवत फीता काटकर और शिलापट्ट का अनावरण कर हॉस्पिटल का उद्घाटन किया गया। प्रेस कांफ्रेंस की शुरूआत करते हुए डॉ. सिद्धांत जैन ने बताया कि रांची में आंखों के मरीजों को सेवा देने के साथ ही अब रामगढ़ में अस्पताल की स्थापना की गई है। यहां वह तमाम सुविधाएं उपलब्ध हैं, जो देश- के बेहतरीन हॉस्पिटल में उपलब्ध हैं। मरीजों के लिए आयुष्मान योजना के तहत ईलाज की भी सुविधा है। विभिन्न इंश्योरेंस कंपनियों से भी हमारा टाई-अप है। साथ ही चौरिटी के उद्देश्य से भी सेवाएं देने का भी प्रयास रहेगा। वहीं, प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए डॉ. सुबोध कुमार सिंह ने कहा कि मरीजों का अस्पताल पर विश्वास तब जमता है जब अस्पताल के डॉक्टर ट्रेंड और अस्पताल के इक्वीपमेंट बेस्ट हों। आइरिस हॉस्पिटल ने यह क्वालिटी मैंटेन की हुई है। हमारे फैकल्टी देश के प्रतिष्ठित संस्थानों से ट्रेंड हैं। हॉस्पिटल में बेस्ट उपकरणों के साथ बेहतरीन सुविधा देने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि रांची आइरिस में हमने वह तमाम सुविधाएं दी हैं जो एम्स नई दिल्ली, शंकर नेत्रालय चेन्नई, एलवीपीईआई हैदराबाद और अरविंद नेत्र अस्पताल पांडिचेरी के द्वारा दिया जा रहा है।

### जैन धर्मावलंबियों ने धूमधाम से निकाली घट यात्रा

**हजारीबाग।** रविवार की सुबह बड़ा बाजार जैन मंदिर से बडम बाजार जैन मंदिर तक जैन समाज की महिलाओं द्वारा कलश लेकर घट यात्रा निकाली गई।आपको बताते चले कि उसके उपरांत मुनि श्री 108 सुयश सागर जी महाराज के मुखारबिंद से अभिषेक एवं शांति धारा की क्रिया हुई, तत्पश्चात मुनि श्री का पद प्रक्षालन की गई,जिसका सौभाग्य ललित,दिलीप और संजय जैन अजमेरा को प्राप्त हुआ एवं महाराज श्री को जिनवाणी भेंट करने का सौभाग्य सुशीला विनायका, सुनील, संजय विनायका परिवार को प्राप्त हुआ, छुल्लक श्री 105 श्रेय सागर जी महाराज जी को जिनवाणी भेंट करने का सौभाग्य कांता देवी सेठी निर्मल मोटर परिवार को प्राप्त हुआ, वही 15 जुलाई से यज्ञमंडल विधान होगा एवं बॉडम बाजार मंदिर के तीनों शिखरों पर कलश स्थापित किया जाएगा। पूज्य मुनि श्री 108 सुयश सागर जी के दर्शन हेतु भक्तों की संख्या में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। भक्तगण मुनि श्री का दर्शन करके अपने आप को भाग्यशाली महसूस कर रहे हैं।बड़ी संख्या में जैन समाज के काफी युवा मुनि श्री की सुबह आहार चर्या, मुनि श्री के मंगल प्रवचन एवं संध्या में णमोकार चालीसा में आ कर धर्म लाभ लें रहें हैं।

### हाइवा व ट्रक की टक्कर में हाइवा चालक घायल

# स्टेयरिंग में फंसे चालक को पुलिस की मदद से निकाला गया बाहर



**रामगढ़ ।** कुजू ओपी क्षेत्र के रामानगर सांडी में शनिवार की देर रात्रि ट्रक व हाइवा के बीच जोरदार टक्कर हो गयी। टक्कर में ट्रक चालक तो बाल-बाल बच गया, लेकिन हाइवा चालक काफी देर तक स्टेयरिंग में फंसा रहा। बाद में कुजू पुलिस के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद स्टेयरिंग में फंसे हाइवा चालक को बाहर निकालकर इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। बताया जाता है कि हाईवा संख्या जेएच02एएल- 9337 का चालक नशे में धुत था। इस बीच रामानगर सांडी के पास सड़क पर बने गड्ढे में पानी भरा हुआ था। हाइवा चालक अपना नियंत्रित खोते हुए ट्रक संख्या जेएच09एस-4139 से टक्कर हो गया।

### रतवे में टीबी से बचाव को लेकर लगेगा टीका, रजिस्ट्रेशन के लिए प्रशिक्षण शुरू

**कुजू।** रतवे के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में टीबी रोग से बचाव को लेकर रजिस्ट्रेशन का प्रशिक्षण दिया गया। बीटीटी रीता अग्रहरि के नेतृत्व में पंचायत क्षेत्र के सहिया दीदीयों को मोबाईल के जरिए रजिस्ट्रेशन करने के बारे में बताया गया। इस योजना के तहत 18 से 60 वर्ष के लोगों को टीबी से बचाव को लेकर एडल्ट बीसीजी टीका लगाने की राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग की योजना है। इसको लेकर सभी सहिया दीदीयों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। साथ ही चिह्नित किए गए लोगों को इस योजना के माध्यम से टीबी रोग से मुक्ति दिलाई जाएगी। वहीं प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान सघन डायरिया, मोतियाबिंद के कारण व लक्षण के बारे में भी बताया गया।वहीं परिवार नियोजन पखवारा पर भी चर्चा की गई। मौके पर सहिया साथी उषा देवी, सहिया अजीमुन निशा, रेश्मी देवी, आरती देवी, उषा पटेल, ललिता देवी, गीता देवी, सुनीता देवी आदि मौजूद थी।

### कृषि संबंधित सदस्यता को लेकर पंचायत भवन चेचकपी में बैठक संपन्न

# कृषि पदाधिकारी व मुखिया प्रतिनिधि की उपस्थिति में लोगों ने सदस्यता ग्रहण की



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पंचायत भवन चेचकपी में रविवार को पैक्स सदस्य की सदस्यता को लेकर एक बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता कृषि पदाधिकारी करु राम ने किया। वहीं दर्जनों लोग ने कृषि संबंधित सदस्यता ग्रहण किया। इस निमित्त कृषि पदाधिकारी ने बताया कि यह प्रक्रिया आज से एक माह तक चलेगी। जो व्यक्ति पैक्स सदस्य बनना चाहते हैं वह व्यक्ति पैक्स अध्यक्ष मंगरी देवी,सचिव काली सिंह से मिलकर सदस्य बन सकते हैं । पैक्स सदस्य बनने से लोगों को काफी फायदा होगा। लोगों को आसानी से बीज व खाद्य की उपलब्धता प्राप्त होगी। बारिश होने से किसान अपने खेतों में काम शुरू कर दिया है और धान की रोपनी भी शुरू हो गयी है। मौके पर कृषि पदाधिकारी कारू राम, मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव, राजेश साव, दशरथ सिंह, कपिल देव सिंह, काली सिंह, ब्रह्मदेव सिंह ,मंगल सिंह ,मंगरा मांझी, मथुरा सिंह ,वार्ड सदस्य जासो देवी ,वार्ड सदस्य राजकुमार मुर्मू ,शिक्षक रविंद्र ठाकुर समेत कई गण मान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### जेजेए की बरही इकाई ने डीजीपी के नाम एसडीपीओ को सौंपा ज्ञापन

# सभी पत्रकारों को दोषमुक्त किया जाए : जावेद इस्लाम

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश सचिव जावेद इस्लाम की अगुवाई में बरही इकाई ने डीजीपी के नाम एसडीपीओ को एक ज्ञापन दिया. ज्ञापन चौपारण पत्रकार प्राथमिकी प्रकरण मामले को लेकर था. ज्ञापन में बताया गया कि राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता में दर्ज कराए गए चौपारण थाना कांड संख्या 240/वर्ष 2024, कांड संख्या 244/वर्ष 2024, कांड संख्या 245/वर्ष 2024 व कांड संख्या 247/वर्ष 2024 इत्यादि में गलत ढंग से आरोपित किये गए. चौपारण के पत्रकार उमेश पासवान, शशिशेखर, किशोर राणा व पदमा के पत्रकार संजय यादव निर्दोष हैं. ज्ञापन में लिखा गया है कि विधायक उमाशंकर यादव व पूर्व विधायक मनोज कुमार के बीच राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के फलस्वरूप जुलाई 2024 में चौपारण थाना में कई एफआईआर दर्ज कराए गए है. इनमें चौपारण कांड संख्या 240/24 में चौपारण संध्या के पत्रकार उमेश पासवान, कांड संख्या 244/24 व कांड संख्या 245/24 में दैनिक जागरण के चौपारण संवाददाता शशिशेखर व दैनिक हिंदुस्तान के चौपारण संवाददाता किशोर राना तथा कांड संख्या 247/24 में पदमा के प्रभातखबर प्रतिनिधि संजय यादव को दुर्भावना से आरोपित किया गया है. यह पत्रकारों के लोकतांत्रिक अधिकार पर कुठाराघात है. झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन, बरही अनुमंडल इकाई ने अपने जांच टीम द्वारा कराए गए जांच रिपोर्ट में पाया कि उक्त सभी आरोपित किए गए पत्रकार निर्दोष है. प्राथमिकी में पत्रकारों के नाम दुर्भावना से डाला गया है. पत्रकारों ने सूचक के विरुद्ध किसी भी प्रकार के आपराधिक कृत नहीं किया है. न ही किसी प्रकार से उसमें संलग्न रहा है. प्रतिनिधिमंडल ने उचित छानबीन कर सभी पत्रकारों को आरोपमुक्त करने की मांग किया है.



### गाजे-बाजे के साथ मां दुर्गे की प्रतिमा का कराया गया नगर भ्रमण



**रामगढ़।** पांच दिवसीय श्री श्री शतचंडी महायज्ञ को लेकर रांची रोड वीआरएल डेम साइड कॉलोनी में तीसरे दिन रविवार को मां दुर्गे की प्रतिमा का नगर भ्रमण कराया गया। इस दौरान सर्व प्रथम श्रद्धालुओं ने फूलों से सजी वाहन पर मां की प्रतिमा को रखा। इसके बाद गाजे-बाजे के साथ क्षेत्र के डेम साइड कालोनी, वीआरएल कॉलोनी, सेवटा, राची रोड़, कोयला डीपो व रामानगर आदि स्थानों का भ्रमण कराते हुए पुनः मंदिर परिसर लाया गया। इस दौरान अचार्य बालमुकुंद पांडेय, पिंटू पांडेय द्वारा यजमान बने उपेंद्र सिंह, प्रदीप प्रसाद, अरुण दुबे सपत्नीक के हाथों कर्म कुट्टी, अधिवसादि कर्म, सय्याधिवाश आदि धार्मिक अनुष्ठान कार्य संपन्न कराया गया। तत्पश्चात आरती व प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं, रात्रि में बक्सर बिहार से आए कथा वाचक आदित्याचार्य महाराज जी द्वारा रामचरितमानस की प्रसंग पर कथा प्रस्तुत की गई । मौके पर बड़ी संख्या में महिला-पुरूष श्रद्धालु शामिल थे।

### जदयू के प्रदेश कमिटी की बैठक में जिलाध्यक्ष ने पेश की विधायक की दावेदारी



**हजारीबाग।** स्वागतम वेंकेट हाल रांची में जनता दल यूनाइटेड प्रदेश कमेटी झारखंड की एक महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश अध्यक्ष और राज्य सभा सांसद खीरू महतो की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का मुख्य एजेंडा विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर था, जिसमें चुनाव लड़ने के इच्छुक नेताओं से आवेदन पत्र मांगा गया। इसमें हजारीबाग के विधानसभा से चुनाव लड़ने के लिए जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा ने प्रदेश अध्यक्ष को अपना आवेदन देते हुए कहा कि वे 1990 से समाज से जुड़े अनेक समस्याओं को लेकर संघर्ष करते रहे हैं। कहा कि उन्होंने पिछले कई वर्षों से जनता दल यूनाइटेड का सक्रिय सदस्य रहते हुए विभिन्न पदों पर कार्य किया है।बैठक में मांडू विधानसभा से युवा नेता दुष्यंत पटेल और बड़कागांव से विनोद कुमार राणा ने भी अपनी दावेदारी पेश की और आवेदन दिया। उपरोक्त जानकारी हजारीबाग जिले के जदयू प्रवक्ता राकेश ठाकुर ने दी।

### चेकिंग अभियान

### ट्रैफिक सुरक्षा को लेकर बरही पुलिस की लगातार जारी है कार्रवाई

# पुलिस से बचने के लिए नहीं खुद व अपने परिवार की रक्षा के लिए पहनें हेलमेट : इंस्पेक्टर

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

उच्च न्यायालय के टिप्पणी के बाद ट्रैफिक सुरक्षा को लेकर बरही पुलिस लगातार सक्रिय है. इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार वहां चालको से लगातार ट्रैफिक नियमों का पालन करने की अपील कर रहे है. इसी क्रम में शनिवार को मोडिफाइड साइलेंसर वाला एक पल्सर गाड़ी जब्त किया गया. पल्सर रसोईयाधमना का बताया जा रहा है. इंस्पेक्टर ने बताया कि मोडिफाइड साइलेंसर ध्वनि प्रदूषण के साथ एक्सीडेंट का भी कारण बनता है. जिसका प्रयोग पूरी तरह प्रतिबंधित और ट्रैफिक नियम के विरुद्ध है. उन्होंने बताया कि वाहन चालक पुलिस से बचने के लिए नही बल्कि खुद की सुरक्षा और परिवार की रक्षा के लिए ट्रैफिक नियम का पालन करे. वाहन चलाते समय सीट बेल्ट व इंडिकेटर के साथ ट्रैफिक संकेतो का अनुसरण और मोबाईल का उपयोग नहीं करें. दो पहिया वाहन चालक हेलमेट पहनकर ही निर्धारित गति सीमा व सवारी के साथ वाहन चलाए. किसी भी स्थिति में जल्दीबाजी या ओवरटेकिंग अथवा नशे की हालत में ड्राइविंग नही करे. इससे स्वय का दुर्घटना तो होता ही है दूसरे भी इसके शिकार होते हैं. उन्होंने अभिभावकों से भी नाबालिग बच्चो को वाहन चलाने से रोकने की बात कही है. इंस्पेक्टर ने दो टूक कहा कि जांच अभियान लगातार जारी रहेगा. नियम विरुद्ध वाहन चलाने वालो के खिलाफ विधिसम्मत कारवाई की जायेगी.








# 19 जुलाई को रिलीज होगी नागपुरी फिल्म खोटा सिक्का फन अनलिमिटेड

**नवीन मेल संवाददाता। रांची/हजारीबाग**

अन्वी फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले बनी नागपुरी फिल्म खोटा सिक्का फन अनलिमिटेड 19 जुलाई को झारखंड की राजधानी रांची के सभी सिनेमा हॉल में लगने वाली हैं। इस फिल्म को लेकर दर्शकों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। इस फिल्म की बात करें तो नागपुरी भाषा की यह पहली कॉमेडी फिल्म है। जिसमें लगभग 100 से ज्यादा कलाकारों ने काम किया हैं। इस फिल्म में विवेक नायक, नितेश कच्छप, राजू तिर्की, रंजू मिंज, नारयण महली, चांदनी बड़ाईक, अर्पिता दास, मानिता अंकिता, दीपाली, सतीश सहदेव, नीरज वाट्स, आरोजीत लोहरा आदि कलाकारों ने उम्दा काम किया है। फिल्म के निमार्ता विभाष खलखो एवं अंजली रूपम कुजूर हैं। निर्देशक अनमोल खलखो एवं डेविड सेम, संगीत विवेक नायक, ऋषि वर्मा एवं अनिकेत वर्मा का है।

### शिव पंचायतन विग्रहों की प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ में शामिल हुए भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद

**हजारीबाग।** शहर में हर तरफ भक्ति भाव का माहौल आतुर नजर आ रहा है, शहर भक्ति मय हो चुका है। इसी बीच ओकनी छोटा शिव मंदिर प्रांगण में शक्ति शिव परिवार विशाल क्लब द्वारा आयोजित पांच दिवसीय शिव पंचायतन विग्रहों की प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ में भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद शामिल हुए आयोजन समिति के द्वारा माता रानी की चुनरी भेंट कर स्वागत व अभिनंदन किया गया जिसके पश्चात श्री प्रसाद ने यज्ञ की परिक्रमा के साथ पूजा अर्चना कर क्षेत्र वासियों के सुख शांति समृद्धि की मंगलकामना की इसके बाद श्री प्रसाद ने आयोजन समिति के सदस्यों से पूजा को लेकर विस्तार पूर्वक वातार्लाप किया आयोजन समिति के द्वारा बताया गया कि पांच दिवसीय शिव पंचायतन विग्रहों की प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ 12 जुलाई से प्रारंभ होकर 16 जुलाई तक चलेगी एवं 17 जुलाई को संध्या 7:00 बजे से सुप्रसिद्ध कलाकार जोली छाबड़ा अपनी प्रस्तुति देंगे।

## एक नजर

### बानो प्रखंड सहायक अध्यापक संवर्ग मोर्चा की हुई बैठक

**बानो।** प्रखण्ड के सहायक अध्यापक संवर्ग मोर्चा प्रखण्ड बानो इकाई की आवश्यक बैठक मध्य विद्यालय बानो में बहुरा मांझी की अध्यक्षता में हुई।बैठक में अपनी मांगों को लेकर चर्चा करते हुए कहा गया कि 20 जुलाई को आयोजित मुख्यमंत्री आवास घेराव में शत प्रतिशत भाग लेना है। उपाध्यक्ष बहुरा माझी ने कहा कि सरकार अपना वादा भूल गया। अब समय आ गया है एक बार सरकार को उसका वादा को याद दिलाना ।अब वार्षिक शुल्क वर्ष में दो बार जमा करने का निर्णय लिया । बैठक में चंद्रकांत सिंह ,दमयंती कुमारी, जुनुल तानी ,पूर्णिमा विश्वभर सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

### कोडरमा में दो दर्जन ग्रामीण सड़कों की बदलेगी सूरत

**कोडरमा।** कोडरमा के ग्रामीण क्षेत्रों की जर्जर सड़कों का जल्द हीं कायाकल्प होगा। वित्तीय वर्ष 2024-25 में इन सड़कों का निर्माण कराया जाएगा। ग्रामीण विकास विभाग से इन सड़कों का निर्माण होना है। जनहित को ध्यान में रखते हुए कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव, बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव और बरही विधायक उमा शंकर अकेला ने अपने संबंधित क्षेत्रों में सड़क निर्माण की अनुशंसा की है। कोडरमा जिले के मरकच्चो प्रखंड में पांच सड़क नावाडीह दुर्गा मंदिर से तोलखार तक, उत्क्रमित स्कूल बासडीह व तुलसी यादव के घर से मेन रोड शमशान घाट तक सड़क का निर्माण होगा। इसी प्रकार सिमराटांड से डैनीबाद तक, पसियाडीह बजरंगबली मंदिर से पसियाडीह टोंगरी तक, महुंगाय में आरडब्ल्यूडी रोड से उप स्वास्थ्य केंद्र तक पथ निर्माण कराया जायेगा। जबकि कोडरमा प्रखंड में भी पांच सड़क में बजरंग बली मंदिर से जरगा तक, डोईयाडीह देवी मंडप से गझंडी रोड भाई कुनीयाआम तक, रामलखन सिंह यादव कॉलेज से मोहन यादव के घर तक रोड बनेगा।

### आरपीएफ ने विशेष जागरूकता अभियान चलाकर 35 लोगों के विरुद्ध किया मुकदमा दायर

**झुमरी तिलैया।** वरीय अधिकारियों के निर्देश पर आरपीएफ कोडरमा द्वारा एक सप्ताह का विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। 8 से 16 जुलाई तक तक चलने वाले इस अभियान में रेल संपति की सुरक्षा, अनाधिकृत रूप से चलती ट्रेन की खतरे की जंजीर खींचना, ट्रेन पर पथरवाजी करने, महिला व दिव्यांग आरक्षित बोगी में अनाधिकार यात्रा करने, ट्रेन पायदान पर यात्रा करने व अनाधिकृत रूप रेल परिसर में खाद्य पदार्थ बेचने वालों के विरुद्ध आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया जा रहा है।इसमें अब तक कुल 35 व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दायर कर नियमानुसार कार्रवाई की गई है। निरीक्षक प्रभारी कोडरमा द्वारा स्थानीय लोगों व ट्रेन में यात्रा करने वाले लोगों से नियमानुसार उचित टिकट लेकर यात्रा करने के साथ साथ अनावश्यक खतरे की जंजीर नहीं खींचने, महिला व दिव्यांग आरक्षित बोगी में बिना प्राधिकार यात्रा करने, पायदान व माल डब्बा में यात्रा करने से तौबा करने की अपील की है।

---

**अधूरे सड़क मामले में ग्रामीण हुए एकजुट, कहा-रोड नहीं तो वोट नहीं**

# जनप्रतिनिधियों को भी ग्रामीणों की समस्या बताने पर नहीं हुई कार्रवाई

**◆ अर्जुन मुण्डा को इस संबंध कई बार आवेदन देकर सड़क निर्माण की मांग किया गया था। किंतु किसी की एक न सुनी**



**नवीन मेल संवाददाता। बोलबा** जिले के बोलबा प्रखण्ड मुख्यालय से अलिंगुड -कुंदुरमुण्डा उड़ीसा बॉर्डर तक अधूरे सड़क मामले को लेकर ग्रामीण हुए एकजुट, ग्रामीणों ने बैठक कर निर्णय लिया कि रोड नहीं तो वोट नहीं। इस संबंध में ग्रामीणों ने रविवार को कुंदुरमुण्डा बाजार टांड़ में एक बैठक आयोजित किया। बैठक में पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीण भारी संख्या में उपस्थित हुए । सभी लोगों ने अपने अपने विचार रखे। बताया गया कि भारत देश के आजाद हुए 76 वर्ष एवं झारखण्ड राज्य अलग हुए 25 वर्ष हो गए। यह इलाका जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र है। खूंटी लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद एवं जनजातीय मंत्री अर्जुन मुण्डा को इस संबंध कई बार आवेदन देकर सड़क निर्माण की मांग किया गया था। किंतु किसी की एक न सुनी। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व सांसद कड़िया मुंडा, मौजूदा विधायक विक्सल कोंगाडी, पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री एनोस एक्का को भी ग्रामीणों ने सड़क निर्माण के लिए आवेदन दिया था। इस मौके पर बताया गया कि लोगों को कुंदुरमुण्डा, टकबहाल, भुखन टोली, टेम्पो टोली, अलिंगुड़, पालेमुण्डा, बेहरिनबासा आदि क्षेत्र से प्रखण्ड एवं जिला मुख्यालय जाने के लिए सिर्फ यही एक मात्र सड़क है। जो वर्षों से जर्जर स्थिति में है। यहां लोगों को वाहन चलाना तो दूर पैदल चलना भी काफी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि लोगों को राशन सामग्री लाने के लिए काफी परेशानी ही रही है। वहीं दूसरी ओर कोई अगर बीमार हो जाए तो और अधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। यह बोलबा प्रखण्ड मुख्यालय से उड़ीसा राज्य के सुंदरगढ़ जिले को सीधे जोड़ती है।इस संबंध में उपायुक्त सिमडेगा को एक आवेदन जल्द दिया जायेगा।

---

**बोलबा में मेगा लीगल इम्प्रुमेंट कैम्प का किया गया आयोजन**

## सीएलएफ मालसाडा व बोलबा को सात-सात लाख का डेमो चेक दिया गया




**नवीन मेल संवाददाता। बोलबा** बोलबा प्रखण्ड कार्यालय सभागार में मेगा लीगल इम्प्रूवमेंट कैम्प का आयोजन किया गया। इस मौके पर जॉब कार्ड, मनरेगा योजना स्वीकृति पत्र,ब उतकृष्ट योजना निर्माण से संबंधित प्रमाण पत्र, मनरेगा में 100 दिन काम पूरा करने वाले मजदूरों को पुरस्कार वितरण, वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृति, महिला सम्मान पेंशन, आवास का द्वितीय किस्त दिया गया,स्कूली बच्चों को पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया, साथ ही सीएलएफ मालसाडा एवं बोलबा को सात-सात लाख का डेमो चेक दिया गया। आरएफ स्वयं सहायता समूह को 30 हजार का डेमो चेक दिया गया। इसके साथ जाति, आय, आवासीय, जन्म, मृत्यु, आयुष्मान सहित अन्य प्रमाण पत्र वितरण किया गया। किसानों के बीच बीज वितरण किया गया। फूलों झानो, सावित्री बाई फुले किशोरी योजना का भी लाभ दिया गया । इस मौके पर ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम का लाइव दिखाया गया।इस मौके पर थाना प्रभारी सोनू पाठक, अंचल निरीक्षक अनिल टूटी, मुखिया बिनोद बड़ाईक, स्नेहलता केरकेट्टा, पंचायत समिति सदस्य, उप मुखिया , वार्ड सदस्य एवं ग्रामीण भारी संख्या में मौजूद थे।

---

## न्यूज बॉक्स

### सकरेज निवासी ईश्वर रविदास का निधन झामुमो नेता ने शोक जताया



बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के ग्राम सक्रेज निवासी ईश्वर रविदास उर्फ नेताजी 28 वर्ष पिता जानकी रविदास कि इलाज के दौरान निधन हो गई. जानकारी हो कि ईश्वर रविदास पिछले 9 जुलाई की सुबह अपने घर में गैस लीकेज कि चपेट में आने से झुलस कर गंभीर रूप से जख्मी हो गया था. इसके पश्चात उसके परिजनों ने आनन फानन में इलाज के लिए शेख बिहारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल हजारीबाग में भर्ती कराया था. वहां से चिकित्सक ने उसे गंभीर अवस्था में बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया था. जिसकी 5 दिनों के आज के बाद रविवार की सुबह निधन हो गई. घटना पर झामुमो नेता प्रमोद गुप्ता ने गहरा शोक संवेदना व्यक्त किया है. ईश्वर रविदास होटल में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था. असमय मृत्यु होने के कारण उसकी पत्नी और दो बच्चे पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है.

### झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के विस्तार को लेकर चर्चा



**रनिया/बानो।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक सोदे बाजार टांड मे कुणाल भगत की अध्यक्षता मे हुई।एक दर्जन से अधिक लोगों ने झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की सदस्यता ग्रहण की। बैठक में पार्टी के विस्तार पर चर्चा की गई।कर्रा प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण पाहन ने बताया कि झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति मे जुड़ने को लेकर लोगों मे उत्साह है। सर्वसहमति से रनिया प्रखंड अध्यक्ष अटल सिंह, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह, मंगल बरजो, सचिव गणपति महतो को चुना गया।वहीं बानो प्रखंड अध्यक्ष के रूप में नरेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष मोतीलाल महतो, धनेश्वर सिंह, सचिव पुनीत सिंह, कोषाध्यक्ष विक्की कुमार ओहदार को चुना गया। बैठक में पार्टी के मनीष कुमार, अमनदीप मांझी, गोपाल सिंह, उमेश नायक, अशोक महतो, देवेन्द्र सिंह, अन्य उपस्थित रहे।

### एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में हुआ शोक सभा का आयोजन



**सिमडेगा।** हॉकी सिमडेगा के पूर्व उपाध्यक्ष सह संस्थापक सदस्य स्व ओमप्रकाश अग्रवाल का निधन 10 जुलाई को हो गई थी। उनके श्रद्धांजलि में रविवार एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम सिमडेगा में हॉकी सिमडेगा की ओर से शोक सभा आयोजित की गई।जिसमे हॉकी सिमडेगा के पदाधिकारी और बालक बालिका हॉकी खिलाड़ियों ने दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी ने उनके विषय में बोलते हुए कहा कि ओम प्रकाश जी का सिमडेगा में हॉकी के लिए किया गया योगदान बहुत बहुमूल्य है,जिसे भुलाया नही जा सकता।वे हमलोग को काफी ऊर्जा बढ़ाते थे, पखरसियुस टोप्पो ने कहा कि ओम प्रकाश जी शुरू से ही हॉकी या अन्य खेल से जुड़े रहकर बहुत ही सहयोग करते थे।इस मौके पर कोच तारिणी कुमारी, फ्रांसिस खेस, उर्मिला सोरेंग, कृष्णा प्रसाद बारीक,एवं बालक बालिका हॉकी खिलाड़ी उपस्थित थे।

### झालसा के निर्देशानुसार प्रखंड सभागार में मेगा लीगल इम्पावरमेंट कैंप का आयोजन



**बानो।** झालसा के निर्देशन में प्रखण्ड सभागार में मेगा लीगल इम्पावरमेंट कैम्प का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जेएसएलपीएस के दीदियों द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत कर बीडीओ नयूमुद्दीन अंसारी एवं पशुपालन पदाधिकारी को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। बीडीओ ने अपने सम्बोधन में कहा कि माननीय उच्च न्यायालय की न्याय मूर्ति अनुभा रावत चौधरी के निर्देशन में जिले के सभी प्रखंडों में मेगा लीगल इम्पावरमेंट कैम्प का आयोजन कर न्यायपालिका एवं कार्यपालिका के संयुक्त कार्यक्रम में ग्रामीण स्तर पर ग्रामीणों को परिसम्पत्ति का वितरण किया गया। प्रखंड में जेएसएलपीएस द्वारा सखी आजीविका को 10 लाख, बानो ग्राम संगठन को ढाई लाख का डेमो चेक दिया गया। अबुआ आवास के तहत रेशमा प्रवीन एवं फूल कुमारी को 50,50 हजार रुपये का डेमो चेक एवं 633 लाभुकों के खाते में आनलाइन राशि भेजी गई। मनरेगा द्वारा 5 लोगों को जाब कार्ड दिया गया। बीआरसी के माध्यम से 5 बच्चों के बीच किताब किट का वितरण किया गया। कृषि विभाग द्वारा 6 लोगो के बीच मक्का बीज दिया गया।भारतीय स्टेट बैंक द्वारा 9 लाख 28 हजार रुपये के ऋण वितरण किया गया। कार्यक्रम में रिसोर्स शिक्षक बाल गोविंद पटेल, आशुतोष कुमार, कोमल कुमार, महिला समूह की महिलाएं, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी प्रसाद, पीएलवी अशोक तिवारी, कृषि पदाधिकारी अजय सिंह एवं आत्मा के बीटीएम एवं सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

---

### भाजपा का अभिनन्द सह विजय संकल्प सभा का आयोजन हुआ

**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी अपनी चुनावी रण क्षेत्रों में जीत का विगुल लहराने की दिशा में चुनावी तायरियां तेज कर ली है।इसी दिशा में रविवार को सिमडेगा जिला के दो विधानसभा क्षेत्रों यथाझ सिमडेगा तथा कोलेबिरा विधानसभा के भाजपा पदाधिकारी, कार्यकताओं संग अभिनन्द सह विजय संकल्प सभा का आयोजन हुआ।सामटोली एस्ट्रोटार्फ हॉकी स्टेडियम के समीप बने कार्यक्रम स्थल में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जहां भाजपा के मुख्य अतिथि सुदर्शन भगत, पूर्व सांसद, विशिष्ट अतिथि प्रवीण सिंह कार्यक्रम में उपस्थित रहें।स्वागत भाषण देते हुए जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि लोकसभा चुनाव में मंडल अध्यक्षों एवं बूथ अध्यक्षों ने मेहनत करके दोनों विधानसभा में रिकॉर्ड मत लाया है इसके लिए कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं। आने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी दोनों विधानसभा चुनाव में पूरे दमखम से मैदान में उतरेगी और जीत का परचम लहराएगी। वहीं सुदर्शन भगत ने राजनीतिक विवेचनाओं से भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया. राज्य की सरकार झारखंड की जनता को ठगने और बरगलाने का काम कर रही। खटाखट खटाखट खटाखट महीने का 8500 और साल का 1 लाख आपके एकाउंट में जायेगा।

---

**न्यायमूर्ति अनुभा रावत ने बाल संप्रेक्षण गृह व वृद्धा आश्रम का किया निरीक्षण**

# बच्चों व वृद्धों को मिलने वाली सुविधाओं की ली जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** रविवार को झारखंड उच्च न्यायालय रांची -सह- प्रशासनिक न्यायाधीश की न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी एवं सिमडेगा न्यायमंडल के द्वारा सिमडेगा बाल संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने संप्रेक्षण गृह में रहने वाले बच्चों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बच्चों को मिलने वाले सुविधाओं के संबंध में भी जानकारी लेते हुए पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जस्टिस चौधरी ने बच्चों को शारीरिक रुप से फीट रखने के लिए नियमित योग कराने का निर्देश दिया। उन्होंने बच्चों के कौशल विकास के लिए बच्चों को दिए जा रहे प्रशिक्षण एवं स्मार्ट क्लास की भी जानकारी लेते हुए इसे और बेहतर करने की बात कहीं। जस्टिस चौधरी ने संप्रेक्षण गृह में बच्चों के भविष्य को उज्जवल करने की दिशा में संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।बच्चों ने न्यायमूर्ति जस्टिस से सिलाई, नाई प्रशिक्षण, मशरूम उत्पादन एवं टाइपिंग की प्रशिक्षण देने की बात कहीं। वहीं यहां कंप्यूटर कोर्स से संबंधित बच्चों को प्रशिक्षण दिया जाता है, कंप्यूटर प्रशिक्षण में बेहतर करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र दिया गया। न्यायमूर्ति ने वहां के बच्चों को बेहतर शिक्षा देने की बात कहीं, झारखंड सामान्य ज्ञान की महत्वपूर्ण जानकारी भी देने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी बच्चों कहा कि इस परिसर से ऐसा बनकर निकलों की आपके गुनाह को समाज के लोग भूल जाएं और आप समाज के एक बेहतर नागरिक बनें।

---

### 16 को विजय संकल्प सह अभिनंदन सभा का आयोजन

**बरही ।** आगमी 16 जुलाई को विजय संकल्प सह अभिनंदन सभा का आयोजन किया जायेगा. सभा की तैयारियो को लेकर रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय में भाजपा कार्यकताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई. जिसमे बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव व विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह शामिल हुए. जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अमित साहू ने किया. बैठक को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि आगामी विस चुनाव को लेकर पूरी शक्ति के साथ लड़ेंगे. इसके लिए सबो को एकजुट होना होगा. जिलाध्यक्ष ने बताया कि संकल्प सभा में प्रत्येक बुथ से पांच पांच सक्रिय कार्यकर्ताओ को लाना है. ।मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व सीएम बाबुलाल मरांडी व अन्य गणमान्य नेतागण उपस्थित रहेंगे. बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा प्रदेश नेता रंजीत चन्द्रवंशी, भाजपा एससी मोर्चा उपाध्यक्ष रामस्वरूप पासवान, पूर्व सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, ओबीसी मोर्चा के मनोज साव, प्रभु यादव, सचिन यादव, पिन्टू ठाकुर, अरविंद कुमार आदि उपस्थित थे।

---

## ऑटोनॉमी पर्व ईसाई धर्म और कलीसिया समुदाय एक विशेष अंग : एनोस एक्का



**बांसजोर।** जीईएल चर्च बांसजोर में रविवार को धूमधाम के साथ ऑटोनॉमी पर्व मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व मंत्री एनोस एक्का, युवा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का शामिल हुए।मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा ऑटोनॉमी पर्व ईसाई धर्म और कलीसिया समुदाय एक विशेष अंग है। 10 जुलाई को मनाया जाता है लेकिन यहां पर आज मनाया जा रहा है इसलिए यहां के सभी लोगों को इस की शुभकामनाएं देता हूं। यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि हम ऑटोनॉमी प्राप्त कलीसिया के अंग है। 10 जुलाई 1919 को हमारी कलीसिया को ऑटोनॉमी घोषित किया गया। हमें ज्ञात है कि 1914 को प्रथम विश्वयुद्ध के समय जर्मन मशीनरियों को देश छोड़ने पर बाध्य कर दिया गया। कलीसिया की देखरेख का भार छोटानागपुर के बिशप वेस्टकॉट को सौंपा गया। जर्मन मिशनरियों के चले जाने से कलीसिया अनाथ सी हो गई कलीसिया के समक्ष जो शर्तें रखी गई, उस आधार पर उसके सामने दो ही विकल्प थे। अर्थात एसपीजी कलीसिया में विलय हो जाए या कलीसिया का संपूर्ण भार अपने कंधे पर लेने को तैयार हो जाए। दोनों विकल्पों को नहीं चुनने पर सारी संपत्ति कमीशन को चली जाती। इस पर विचार करने के लिए नेशनल मशीनरी काउंसिल की कार्यकारिणी की ओर से एक जांच कमीशन गठित कर जीईएल कलीसिया छोटानागपुर एवं असम के लोगों का विचार जानने को भेजा गया।

---

**सरकार की चलाई जा रही कई योजनों व परिसंपत्ति का वितरण किया**

# मेगा विधिक लिगल कैंप के माध्यम से चार महिलाओं की हुई गोदभराई

**◆ प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि मेगा लिगल कैंप में समाज के हर गरीब ग्रामीणों को कई परिसंपत्ति का वितरण किया गया**



**नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग** रविवार को प्रखण्ड सभागार में मेगा विधिक लिगल कैंप का आयोजन किया गया। न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी सिमडेगा जिला के सभी प्रखण्ड में ऑन लाईन जूम कार्यक्रम के माध्यम से मेगा विधिक सेवा प्राधिकरण कैंप लगा कर सरकार द्वारा चलाये जा रहे कई योजनों एवं परिसम्पति का वितरण किया । ऑन लाईन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ठाकुर गौरी शंकर शर्मा ने कहा कि मेगा लिगल कैंप में समाज के हर गरीब ग्रामीणों को कई परिसम्पत्ति का वितरण किया गया और प्रखण्ड कार्यालय में सरकार की जन उपयोगी योजना को विभाग के पदाधिकारी द्वारा योजना प्राप्त करने के लिए लाभुकों को विस्तृत जानकारी प्रत्येक विभाग वार ग्रामीणों को बताया गया। मेगा कैंप में पांच दिव्यागों जनों को ट्राईसाईकल, 5 लाभुकों को ग्रीन राशन कार्ड, पांच किसानों को धान बीज तथा अबुआ आवास के तीन लाभूक को स्वीकृत राशि का डेमो चेक दिया गया। मनरेगा योजना अन्तर्गत 5 लाभुकों को आम बागवानी की स्वीकृत पत्र दिया गया । वहीं बाल विकास परियोजना विभाग द्वारा 4 महिला लाभूक को गोदभराई योजना स्वीकृत किया गया और अन्नाप्राशण कार्यक्रम में दो छोटे बच्चों को ' बीडीओ ठाकुर गौरी शंकर द्वारा खीर खिलाया गया। जेएसएलपीएस महिला मंडल को आर्थिक सहायता हेतू चक्रीय कार्य क्रम के तहत दो लाख का चेक एवं कई परि सम्पति का वितरण किया गया।कार्यक्रम में बी.ई.ई.ओ श्याम प्रसाद , मनरेगा कॉर्डिनेटर विक्रम सिंह , कॉडिनेटर रौशन रंजन वर्मा , आत्मा के बी टी एमएटीएम और आम ग्रामीण काफी संख्या में भाग उपस्थित रहे।

---

**पहल**

**डालसा और जिला प्रशासन ने मेगा लीगल एम्पावरमेंट कैंप का किया आयोजन**

# चार करोड़ से अधिक की परिसंपत्तियों का हुआ वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** सिमडेगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार और जिला प्रशासन सिमडेगा के संयुक्त प्रयास से रविवार को मेगा लीगल एम्पावरमेंट कैंप का आयोजन सामटोली स्थित उर्सलाइन कॉन्वेंट विद्यालय के सभागार में किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी, न्यायाधीश झारखंड उच्च न्यायालय, रांची -सह- प्रशासनिक न्यायाधीश, सिमडेगा न्यायमंडल, विशिष्ट अतिथि एडलिन केरकेट्टा, पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सहित राजीव कुमार सिंह, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश -सह- अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार सिमडेगा, अजय कुमार सिंह, उपायुक्त -सह- उपाध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार सिमडेगा, सौरभ कुमार पुलिस अधीक्षक -सह- सदस्य जिला विधिक सेवा प्रति अधिकार सिमडेगा ने दीप प्रज्वलित कर किया गया।कार्यक्रम में उसूर्लाइन कॉन्वेंट विद्यालय के छात्राएं एवं जेएसएलपीएस की दीदीयों द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य एवं आम जनों का प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव कुमार सिन्हा के द्वारा स्वागत संबोधन किया गया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम की मुख्य उद्देश्य संबंधी जानकारी दी। उपायुक्त -सह-उपाध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा अजय कुमार सिंह द्वारा स्वागत संबोधन करते हुए जिला के विकास कार्यों से उपस्थित गणमान्यों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि सिमडेगा जिले की जनसंख्या कृषि एवं वनोत्पज पर आजीविका के लिए आश्रित है और यह कृषि मूलतः वर्षा आधारित एक फसल है लघु एवं सीमांत जोत, सूक्ष्म निवेश, कम उत्पादकता और कमजोर विपणन व्यवस्था से प्रभावित है। रोजगार के साधनों के अभाव में कृषि कार्य समाप्ति के बाद जिले के ग्रामीण बड़ी संख्या में रोजगार की खोज में बाहर के राज्यों में पलायन करते हैं।

---

### जलडेगा प्रखंड सभागार में मेगा इम्पावरमेंट कैम्प का आयोजन

**जलडेगा।** रविवार को जलडेगा प्रखंड सभागार में झालसा के निर्देशन में मेगा इम्पावरमेंट केम्प का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि माननीय उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी के निर्देशन में जिले के सभी प्रखंडों में मेगा लीगल इम्पावरमेंट केम्प का आयोजन किया जा रहा है। इसी के निमित जलडेगा में भी न्यायपालिका एवं कार्यपालिका के संयुक्त कार्यक्रम में ग्रामीणों को परिसम्पत्ति का वितरण किया गया। प्रखंड में जेएसएलपीएस द्वारा आजीविका को बढ़ावा देने के लिए 26 महिला समूहों को सीआईएफ के तहत 26 लाख रुपए का तथा फूलों झानो आशीर्वाद योजना के तहत 9 लाख 60 हजार का डेमो चेक दिया गया।

---

**छोटानागपुर कल्याण निकेतन के तत्वावधान में चौकीदारों के साथ की गयी विशेष बैठक**

# गांवों में रहने वाले बच्चों व महिलाओं के उत्पीड़न मामलों पर प्रकाश डाला गया




**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर।** रविवार को ठेठईटांगर थाना अंतर्गत नियुक्त सभी चौकीदारों की बैठक सुबह 11 बजे से थाना प्रभारी सच्चिदानंद गुप्ता के अध्यक्षता में प्रारंभ हुई। जिसमें इलाके के सभी चौकीदार, छोटानागपुर कल्याण निकेतन संस्था के जिला समन्वयक रोहित, मनोज, संस्था में कार्यरत सभी मोबिलाइजर तथा सम्पूर्ण थाना के पदाधिकारी उपस्थित थे। इस बैठक में मुख्यतः ठेठईटांगर थाना अंतर्गत आने वाले सभी गांवों में बच्चों और महिलाओं से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या जैसे, बाल तस्करी, बाल मजदूरी, बाल दुर्व्यवहार, बाल यौन शोषण, बाल विवाह और महिला उत्पीड़न पर प्रकाश डाला गया। जिसमें मनोज कुमार के द्वारा विस्तार पूर्वक सभी चौकीदार बंधुओं को क्षेत्र में घटित ऐसे किसी प्रकार की घटना के घटते ही उस पीड़ित परिवार तक जल्द से जल्द पहुंचने तथा हर संभव प्रयास करने को निवेदन किया गया। विशेष तौर में इस बातों को रखा गया की गांव के सबसे मुख्य प्रशासनिक कड़ी या प्रथम सीढ़ी चौकीदार ही होते है जीन तक गांव के लोग पहुंच सकते है और उनका भरोसा भी सुदृढ़ होता है इसलिए सभी चौकीदार बंधुओं को मुख्यातः इस बैठक में जनसंपर्क को बढ़ाकर सभी प्रकार की कुरीतियों के ऊपर संपूर्ण अंकुश लगाने हेतु निवेदन किया गया।

## एक नजर

### मेडिप्लस हेल्थ सेंटर में निः शुल्क डेंटल जांच शिविर का हुआ आयोजन

**बोकारो।** कॉर्पोरेटिव कॉलोनी स्थित मेडिप्लस हेल्थ केयर सेंटर में आज रविवार को निशुल्क डेंटल जांच शिविर लगाया गया। इस शिविर में 62 मरीजों का उपचार किया गया। शिविर में डेंटिस्ट द्वेय, डॉक्टर स्वेता मिंज और डॉक्टर सुमित ने सभी मरीजों की जांच की और उन्हें दवा व परामर्श दिये। इस अवसर पर मेडिप्लस सेंटर के रविंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि हर रविवार को निशुल्क डेंटल जांच शिविर का आयोजन किया जाता है। इसके अलावा पैथेलॉजिकल जांच में संस्थान बीस प्रतिशत तक की छूट भी दे रहा है। यहां पर ईएनटी, आर्थो, न्यूरो, शिशु रोग, मनोचिकित्सा, पेड्रिएक्टिक, स्त्री व प्रसूति, चर्म रोग के स्पेशलिस्ट डॉक्टर भी बैठते हैं। मौके पर सुधांशु सिंह, अनूप सिंह, के एन सिंह, बी एन सिंह, मदन सिंह, अरविंद सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### सारंडा में बारिश नहीं होने से किसान परेशान



**जमशेदपुर।** वर्षा नहीं होने से सारंडा के किसान परेशान हैं। वहीं किरीबुरु-मेघाहातुबुरु के लोग शहर में निरंतर छाये बादल व घने कोहरे से परेशान हैं। 14 जुलाई की सुबह किरीबुरु-मेघाहातुबुरु में कोहरा इतना घना था कि लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। कोहरा में चलने के दौरान कपड़े भीग जा रहे थे। चश्मा व वाहन के शीशा पर पानी की परत बैठ जाती थी, जिससे वाहन चलाने में परेशानी हो रही थी। निरंतर बादल छाये रहने की वजह से गीले कपडे.सूख नहीं पा रहे हैं। वर्षा नहीं होने की वजह से किसानों के खेतों में लगे गोड़ा धान, मक्का, गंगई आदि फसल व सब्जियां बर्बाद होने के कगार पर पहुंच गई हैं। इससे किसानों परेशान हैं। उन्हें भारी नुकसान होने की संभावना है।

### सीपीएस में ग्रुप सॉन्ग में नेहरु हाउस बना विजेता



**आदित्यपुर।** सेंट्रल पब्लिक स्कूल (सीपीएस) आदित्यपुर में म्यूजिकल बोनान्जा वीक का समापन रविवार को हुआ। इसका समापन इंटर हाउस ग्रुप सॉन्ग प्रतियोगिता के साथ हुआ। इस संगीत कार्यक्रम में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। स्कूल के चार सदनों में से नेहरु हाउस इस ग्रुप सॉन्ग प्रतियोगिता का विजेता बना। प्रधानाचार्य, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने स्कूल सभागार में कार्यक्रमों को देखा और सप्ताह के आखिरी संगीत कार्यक्रम का आनंद लिया। स्कूल प्रबंधन ने भी विजेताओं को पुरस्कृत कर बधाई दी।

# अंतिम सांसें गिन रहा यूसिल कर्मचारी सहकारिता उपभोक्ता भंडार

**1600 भारत गैस धारक के सहारे यह उपभोक्ता भंडार टिका है**

**कर्मचारियों ने प्रबंधन से बचाने की लगाई गुहार**



**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

यूसिल कर्मचारी सहकारिता उपभोक्ता भंडार झारखंड सरकार की खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की उदासीनता से अंतिम सांसें गिन रहा है। यूसिल में कार्यरत कर्मचारियों ने यूसिल प्रबंधन से मदद की गुहार लगाई है, ताकि इसे बचाया जा सके। उपभोक्ता भंडार में कार्यरत कर्मचारियों को वेतन देने के पैसे बहुत मुश्किल से आ पाते हैं। इसकी सुधि लेने वाला कोई नहीं है। एक वक्त था जब इस उपभोक्ता भंडार को झारखंड सरकार की खाद्य एवं आपूर्ति विभाग मुसाबनी प्रखंड से चावल, गेहूं, केरोसिन और चीनी आपूर्ति की जाती थी। बाद में साजिश के तहत यूसिल कर्मियों को मिलने वाली इस सुविधा पर रोक लग गई व आपूर्ति ठप कर दी गई।

इससे यूसिल कॉलोनी के इस उपभोक्ता भंडार को होने वाली कमाई पर ग्रहण लग गया और यह घाटे में चली गई। इसे बचाने के लिए, यूसिल आगे आई व राशन सामग्री की बिक्री तेज की गई। एक बड़ा उपभोक्ता के रूप में यूसिल आगे आई। इसकी राशन आपूर्ति यूसिल कैंटीन, अस्पताल में शुरू की गई। बाद में कंपनी ने भी मुंह मोड़ लिया और इस उपभोक्ता भंडार से लेना बंद कर दिया। इस कारण इसका मुनाफा घट कर शून्य हो गया। इस उपभोक्ता भंडार से भारत गैस एजेंसी को एकमात्र सहारा है, जिसके 1600 भारत गैस धारक के सहारे यह उपभोक्ता भंडार टिका है। इधर स्थानीय लोगों ने झारखंड सरकार से दोबारा इस उपभोक्ता भंडार को चीनी, गेहूं, दाल, केरोसिन आवंटन करने की मांग की है।

# सड़क हादसे में युवक की मौत, सड़क जाम

**लोगों ने की मुआवजे की मांग**



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

पचंबा-जमुआ मुख्य मार्ग के परियाना में रविवार की सुबह पिकअप वैन की टक्कर से एक बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक जमुआ थाना क्षेत्र के मधवा गांव का 23 वर्षीय अरबाज अंसारी था। घटना के बाद लोगों में आक्रोश फैल गया और मुआवजा की मांग करते हुए सड़क जाम कर दिया।

बताया गया कि मृतक अरबाज अंसारी बाइक से अपने मामा को लाने जा रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार पिकअप वैन ने परियाना में उसे जोरदार टक्कर मार दी। घटना में मौके पर ही युवक की मौत हो गई। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं घटना की सूचना पर पचंबा थाना प्रभारी मंटू कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने आक्रोशित लोगों को समझा बुझाकर सड़क से जाम हटवाया। साथ ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया।

# अवैध माइका खनन मामले में वन विभाग की कार्रवाई



**माइका लोड पिकअप वाहन जब्त**

**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी**

गिरिडीह जिले के तिसरी और गावां थाना इलाके में अवैध माइका कारोबार बड़े पैमाने पर संचालित हो रहा है। हालांकि समय समय पर वन विभाग, खनन विभाग और स्थानीय थाना पुलिस द्वारा कार्रवाई भी की जाती हैं। मगर धंधेबाजों के हौसले इतने बुलंद है कि तमाम कार्रवाई को धत्ता बताकर अवैध खनन का कारोबार बदस्तूर जारी रहता है और धंधेबाज इससे मोटी चांदी काटते हैं। ताजा मामला इसके उदाहरण के रूप में देखा जा सकता है। जिसमें वन विभाग की टीम ने अवैध रूप से माइका परिवहन करते हुए एक पिकअप वैन को जब्त किया है। गावां थाना इलाके के घंघरीकुरा से टीम ने पिकअप वैन को जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार तिसरी के पंचरुखी जंगल से माइका खनन कर इसे कोडरमा जिले के डोमचांच मसनोडीह ले जाया जाना था, लेकिन इसी बीच ग्रामीणों ने विभाग को इसकी सूचना दे दी। जिसके बाद विभागीय अधिकारी सक्रिय हुए और पीछा कर वाहन को जब्त कर लिया। फिलहाल उक्त जब्त वाहन को गावां रेंज कार्यालय में रखा गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी टीम में वन परिसर पदाधिकारी अमर कुमार विश्वकर्मा, वन उप परिसर पदाधिकारी अशोक कुमार, हीरालाल पंडित, सुनील हेम्ब्रम, बमशंकर वर्मा आदि शामिल थे।

### शरीर, मन व आत्मा को जोड़ने की सनातन विद्या है योग : डॉ. गंगवार

**बोकारो।** बोकारो जिला योगासना स्पोर्ट एसोसिएशन की ओर से डीपीएस बोकारो में योगासन पर दो दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण का समापन रविवार को हुआ। समापन समारोह का उद्घाटन एसोसिएशन के अध्यक्ष व डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ। एएस गंगवार ने किया। योग की महत्ता पर प्रकाश डालतें हुए उन्होंने कहा कि योग शरीर, मन व आत्मा को एक-दूसरे से जोड़ने की भारत की सनातन व प्राचीन विद्या है। दो दिनों तक चले प्रशिक्षण में डीपीएस बोकारो सहित शहर के विभिन्न विद्यालयों के करीब 125 छात्र-छात्राओं को योगासन के गुर सिखाए गए।

# लाठी प्रतियोगिता में कलाकारों ने दिखाए करतब

**नवीन मेल संवाददाता। बोकारो**

कसमार प्रखंड मुख्यालय से सटे मोचरो में खिदमत ए खल्क नौजवान कमेटी की ओर से लाठी खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ. शनिवार की रात हुई प्रतियोगिता में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक करतब दिखाएं। कार्यक्रम का उदघाटन राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष सह पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद ने किया। उन्होंने कहा कि लाठी खेल हमारी प्राचीन जीवन पद्धति की एक महत्वपूर्ण कला है। प्राचीन काल में जंगलों में रहनेवाले हिंसक जानवारों से रक्षा के लिए लोग लाठी का ही इस्तेमाल करते थे। तभी से लाठी खेल व करतब की



लाठी खेल प्राचीन जीवन पद्धति की महत्वपूर्ण कला है : योगेंद्र

शुरूआत हुई। लाठी खेल शरीर की तंदुरुस्ती के साथ-साथ आपसी भाईचारा व उल्लास का भी प्रतीक है। प्रतियोगिता में नूरे इलाही क्लब पाथुरिया, बंगाल टाइगर क्लब करकरा (पुरुलिया), कारवां ए सद्दाम क्लब अंबवा टोला गर्री व यूथ क्लब बनकनारी के कलाकारों के बीच लाठी मुकाबला हुआ। इस दौरान कलाकारों ने देशभक्ति से प्रेरित तिरंगा यात्रा व करतब भी दिखाए। पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद ने चारों खेल कमिटियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मौके पर प्रखंड सूत्री अध्यक्ष दिलीप हेंब्रम, पोंडा पंसस रवि कुमार, रिजवान अहमद, पूर्व उपमुखिया रामसाय हांसदा, अख्तर हुसैन राय, हबीब राय, तबारक राय आदि मौजूद थे।

### मैथन आदर्श सेवा समिति ने किया पौधरोपण

**धनबाद।** मैथन आदर्श सेवा समिति (मास) ने रविवार को मैथन क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण किया. समिति के सचिव शंकर गांगुली ने बताया कि डीवीसी प्लस टू उच्च विद्यालय, रांची कॉलोनी, मिनी मार्केट, नेताजी नगर, गोगना छठघाट आदि स्थानों पर आम, पीपल, बेल, मेहगनी आदि के पौधे लगाए गए. पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान समिति के पदाधिकारियों ने गरीब, प्रतिभावान व मेधावी छात्रा प्रियंका कर्मकार को आगे की पढ़ाई के लिए किताब, कॉपी, कलम व सामाग्री उपहार के स्वरूप में दी. साथ ही आगे भी पढ़ाई में मदद का आश्वासन दिया।

## झामुमो का सच्चा सिपाही हूं, निष्कासन की बात निराधार : अजमुल अंसारी



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

तोपचांची झील के लीची बागान में रविवार को बिरसा फोर्स की प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया. बिरसा फोर्स के संस्थापक अजमुल अंसारी ने कहा कि संस्था क्षेत्र की जन समस्याओं को उठाकर उनका समाधान करा रही है। झामुमो से निष्कासित किए जाने के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि आज भी वह झामुमो का सच्चे सिपाही हैं। पार्टी से निष्कासन की बात निराधार है। क्योंकि इसकी औपचारिक सूचना नहीं दी गई है। कुछ लोगों ने एक षड्यंत्र के तहत ऐसा किया है। कहा कि मैं सीएम हेमंत सोरेन व पार्टी सुप्रीमो गुरुजी का सिपाही हूं, किसी के बोल देने से पार्टी से नहीं निकल जाऊंगा। जिला अध्यक्ष को सो-कॉज करने का अधिकार है। निष्कासन का अधिकारी पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व को है। पार्टी का कोई भी कार्यकर्ता चुनाव लडने की दावेदारी पेश कर सकता है। यह कोई पार्टी विरोधी काम नहीं है।

# साइबर ठगी को लेकर मध्यस्थ अधिवक्ता व पीएलवी हुए जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

साइबर क्राइम के बढ़ते मामलों को लेकर रविवार को प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सिविल कोर्ट लोक अदालत हॉल में किया गया। मामले के विशेषज्ञ एसआई प्रेमचंद भगत एवं अन्य ने कोर्ट के मध्यस्थ, अधिवक्ता एवं पीएलवी को जागरूक किया। उन्हें बताया गया कि साइबर ठग इन दिनों अलग-अलग-तरीकों से लोगों को अपने जाल में फांसते हैं। खासकर आपकी निजी जानकारी जुटाकर आपको फोन करते हैं। किसी विभाग का नाम लेकर जानकारी प्राप्त करते हैं। ऐसे में अनजान लोगों से बात करने में सावधानी बरतें। साथ ही ऐसे लोगों से अपनी निजी जानकारी खासकर आधार नंबर, बैंक अकाउंट नंबर कतई साझा नहीं करें। वहीं उन्होंने गुगल प्ले स्टोर पर मौजूद कई एप के बारे में जानकारी दी। जिन्हें डाउनलोड करने से बचें।



### ठगी के शिकार होने पर 1930 पर करें कॉल

प्रशिक्षक प्रेमचंद भगत ने बताया कि अगर जाने-अनजाने में ठगी के शिकार हो गए हैं, तो सबसे पहले साइबर ठगी हेल्प लाइन नंबर 1930 पर कॉल कर सूचित करें। उसके बाद विभाग की वेबसाइट पर जाकर अथवा साइबर थाने में जाकर प्राथमिकी दर्ज कराएं। इस दौरान मोबाइल में साइबर ठग द्वारा भेजे गए किसी भी डिटेल्स को डिलीट नहीं करें। उन्होंने कहा कि जागरूकता से ही ठगी से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि कई मामलों में विभाग ठगों से पैसे वापस दिला चुका है। इसलिए तत्परता एवं जागरूकता जरूरी है।

### कोर्ट की प्रक्रियाओं की दी जानकारी

प्रशिक्षक प्रेमचंद भगत ने बताया कि साइबर ठगी की प्राथमिकी दर्ज होने के बाद कोर्ट को सूचित किया जाता है। ठग चिन्हित होने के बाद उसके अकाउंट को फ्रिज कराया जाता है। यहां तक कि ठगी का पैसा जिन-जिन के अकाउंट में गया है, सारे अकाउंट फ्रिज कराए जाते हैं। जिससे ठगी का पैसा निकल नहीं पाए।

## अच्छा इंसान बनने की कोशिश करें तभी सफल भी हो पाएंगे : कुणाल षाड़ंगी

**नवीन मेल संवाददाता। घाटशिला**

गौरीकुंज उन्नयन समिति की ओर से रविवार को आशा ऑडिटोरियम में विभूतिभूषण विद्या सम्मान समारोह में जैक बोर्ड के लगभग 65 छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने छात्र-छात्राओं को अच्छा इंसान बनने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि जीवन में सफल इंसान से ज्यादा जरूरी है अच्छा इंसान बनने की कोशिश करना। अच्छा इंसान एक सफल इंसान बन सकता है परंतु जरूरी नहीं कि सफल इंसान एक अच्छा इंसान बन सके। सफलता पाने वाले को तो सब प्रोत्साहित करते हैं परंतु फेलियर को यदि प्रोत्साहित किया जाए तो वह निश्चित रूप से सफल हो सकता है। उन्हें उदाहरण देते हुए कहा कि सचिन तेंदुलकर और विनोद कांबली ने एक साथ क्रिकेट की शुरूआत की थी। विनोद काबंली ने पहले मैच में डबल सेंचुरी एवं दूसरे मैच में सेंचुरी मारा था। सचिन फेलियर हो



गए थे। बाद में सचिन सफल हुए और विनोद कामले फेलियर। उन्होंने कहा कि युवाओं को सोशल साइट एवं नशा से दूर रहना चाहिए तथा अपने से बड़ों एवं शिक्षकों का सम्मान करना ही उन्हें जीवन की ऊंचाई पर ले जा सकता है। मुख्य अतिथि के रूप में बहरागोड़ा के पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी एवं समिति के अध्यक्ष तापस चटर्जी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया। इस दौरान शिल्पी तीर्थ नाट्य अकादमी की छात्राओं ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से साधु चरण पाल, शिल्पी सरकार, सतीश चंद्र, कंचन कर, प्रदीप भद्र, मनोरंजन बक्शी रीता मंडल सहित अन्य का सराहनीय योगदान रहा।

### मनरेगा योजना में रोजगार की गारंटी...जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी...

# मृत व्यक्ति ने मनरेगा में की मजदूरी मजदूरी का भी लिया भुगतान

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

एलआईसी के पॉलिसी में आपने हमेशा यह लाइन पढ़ी होगी जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी मगर यह स्लोगन सिर्फ एलआईसी ही नहीं बल्कि मनरेगा योजना पर भी लागू होती है। जी, हां चौकिए मत सरकार की महत्त्वाकांक्षी मनरेगा रोजगार की गारंटी योजना का लाभ जीते जी तो ले ही सकते हैं मगर यदि आप मर जाते हैं तो भी आप की रोजगार की गारंटी है। जहां आप मजदूरी करके भुगतान ले सकते हैं। अब आप सोच रहे होंगे कि मरने के बाद आखिर कैसे योजना का लाभ के सकते हैं तो हम बता दें कि यहां सबकुछ संभव है। अगर आपको विश्वास नहीं हो रहा है तो हम आपको बतातें हैं दरअसल मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार इस कदर हावी है कि मृत लोगों से भी मनरेगा में मजदूरी करवाया जा रहा है। मामले का खुलासा होने के बाद खलबली मची हुई है। मामले को लेकर सदर प्रखंड के बीडीओ ने रोजगार सेवक से स्पष्टीकरण की मांग की है। हालांकि 24 घंटे में मांगें गए स्पष्टीकरण का जवाब पिछले चार दिनों से रोजगार सेवक ने बीडीओ को नहीं सौंपा है।

मामला सदर प्रखंड के मंगरोडीह पंचायत से जुड़ा है। जहां दो योजनाओं में एक मृत व्यक्ति के नाम से मनरेगा में मजदूरी का भुगतान हुआ है। जिस बुधन पंडित को मनरेगा में मजदूर बताकर मजदूरी का भुगतान दिखाया गया है। उसकी मौत दो वर्ष पहले ही हो चुकी



है। इस बात का खुलासा होने के बाद बीडीओ ने रोजगार सेवक से मास्टर रोल की प्रति और जिस मजदूर को काम करते हुए दिखाया गया है उसका आवेदन भी मांगा है। बताया गया की मंगरोडीह पंचायत में अनीता देवी की जमीन पर तालाब का निर्माण और दूसरी योजना अनीता देवी की जमीन पर डोभा का निर्माण हुआ है। इन दोनों योजनाओं में बुधन पंडित ने जीतोड़ मेहनत की और मनरेगा मजदूरी का पैसा भी उठाया है। मामले को लेकर बीडीओ गणेश रजक ने कहा है कि रोजगार सेवक से स्पष्टीकरण की मांग की गई है जवाब मिलते ही आगे की कार्रवाही की जाएगी। कहा कि जॉब कार्ड में नाम रहने के बाद किसी की मृत्यु हो जाती है तो उसका नाम हटाया जाता है। कभी कभी लोग इसको नहीं हटवाते हैं। आगे जांचोपरांत कार्यवाही की जाएगी।

### डॉ सुनीता देबदूत सोरेन ने फुलडुंगरी में लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**जमशेदपुर।** समाजसेवी सह भाजपा नेत्री डॉ सुनीता देबदूत सोरेन ने फुलडुंगरी स्थित अपने आवास पर रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर में मुख्य रूप से ब्रह्मानन्द अस्पताल के सर्जन डॉ देवदूत सोरेन मरीजों को चेकअप के लिए मौजूद रहे। शिविर में पेट की बीमारी, सिकल सेल एनीमिया, हाइड्रोसील वाले मरीजों का चेकअप कर चिकित्सीय परामर्श दिया गया। मरीजों को शुगर एवं ब्लड प्रेशर की भी जांच की गई।

**बच्चों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत** डॉ। सुनीता देबदूत सोरेन ने कहा कि लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता है। अभी गर्मी के साथ-साथ बारिश भी हो रही है ऐसे मौसम में अपना एवं अपने बच्चों का ख्याल रखना बहुत जरूरी है, ऐसे मौसम में पेट के इंफेक्शन एवं सर्दी, खांसी, बुखार होने की संभावना ज्यादा रहती है। इसलिए बाहर का खाना और ज्यादा मसाला एवं तली हुई चीज से बचना चाहिए। साफ पानी पीएं। बच्चों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत रहती है। त्वचा के इन्फेक्शन के ज्यादा चांसेस होते हैं।

## न्यूज बॉक्स

### चोर काटकर ले गये बिजली के तार रात से गांव में बिजली गुल



**घाटशिला।** धालभूमगढ़ प्रखंड के जुनबनी पंचायत के रघुनाथडीह के खुलीडीह गांव में देर रात चोर चलती लाइन से 500 मीटर केबल काट कर तार लेकर फरार हो गये। ग्रामीणों ने रविवार को काफी देर लाइन नहीं आने पर विभाग को जानकारी दी। विभाग के कर्मचारियों ने फॉल्ट खोजते हुए देखा कि केगल तार कटा है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पंचायत के उप मुखिया सुजन कुमार मन्ना को दिया। उन्होंने उस स्थान पर पहुंचकर कार्यपालक अभियंता, जेईई धालभूमगढ, थाना प्रभारी धालभूमगढ़ को मोबाइल के माध्यम से जानकारी दी। बिजली नहीं रहने पर पूरा खुलीडीह गांव अंधेरे में है। ऐसे भी यह गांव जंगल के बीच में है।

### तीन माह से नहीं लगा शिविर, मानसिक रोगियों को हो रही दिक्कत

**जमशेदपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के संयुक्त तत्वावधान में प्रत्येक प्रखंड में आयोजित होते आ रहा मानसिक स्वास्थ्य जांच शिविर बीते तीन माह से बंद है। जिसके कारण मानसिक व मिर्गी रोगियों को परेशानी हो रही है। इसकी शिकायत पोटका के पूर्व करुणामय मंडल ने सिविल सर्जन से की। सिविल सर्जन ने उन्हें आश्वस्त किया है कि जल्द ही शिविर शुरू किया जाएगा। पूर्व पार्षद ने बताया कि वर्ष 2017 से प्रत्येक माह रोस्टर के हिसाब से प्रत्येक प्रखंड में शिविर आयोजित होते आ रहा था। इस दौरान मरीजों की जांच के बाद मौके पर ही निःशुल्क दवा भी दी जाती थी। लेकिन लोकसभा चुनाव के पहले शिविर को बंद कर दिया गया। तीन माह से शिविर नहीं लगने के कारण रोगियों को काफी परेशानी हो रही है। अधिकांश मरीज बीपीएल श्रेणी के हैं। जिसके कारण वे स्वयं के खर्च पर अस्पताल जाने में भी असमर्थ हैं।

### जोजोगुटू में ग्रामीणों ने की बैठक, गांव की समस्याओं पर हुई चर्चा



**जमशेदपुर।** मनोहरपुर विधानसभा के रायडीह पंचायत के जोजोगुटू गांव के स्कूल टोला में रविन्द्र सिद्धू की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें झारखंड पार्टी के केंद्रीय सचिव सह अधिवक्ता महेंद्र जामुदा को आमंत्रित किया गया था। बैठक में गांव की समस्याओं पर चर्चा की गई। पानी गांव की मुख्य समस्या है और अंचल कार्यालय से निर्गत होने वाली जाति, आवासीय,आय प्रमाण पत्र मिलने में परेशानी हो रही है। दूसरी ओर, झारखंड सरकार कहती है कि 15 दिन के अंदर आपको आपका प्रमाण पत्र मिल जाएगा, लेकिन अब लगता कि है कि यह सिर्फ चुनावी जुमला है। गांव की परती जमीन मुंडा द्वारा बंदोबस्त नहीं हो पा रही है। झारखंड सरकार उसको अपने अधीनस्थ ही रखा है। जिससे गांव वालों में रोष है। कोई भी बड़े सरकारी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि स्कूल का दौरा नहीं करते हैं। जबकि सभी इसी रास्ते से हो कर गुजारते हैं। युवा पलायन कर रहे हैं, जिससे घर की महिलाओं को बहुत सारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जंगलों से जरूरत की वस्तुएं लाना भी अब मुश्किल हो रहा है। इस बार के विधानसभा चुनाव में ऐसे प्रत्याशी को जिताना है जो इन सारी समस्याओं की जिम्मेदारी ले सके।

### टाटानगर रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन से कटकर बुर्जुग ने की आत्महत्या

**जमशेदपुर।** टाटानगर रेलवे स्टेशन के पास जुगसलाई को ओर पोल संख्या 50 के पास एक अधेड़ ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। मृतक की जेब से मिले आधारकार्ड से उसकी पहचान की गई। मृतक की पहचान 56 वर्षीय उमाकांत मुखी के रूप में की गई है। उमाकांत बिष्टुपुर के धातकीडीह हरिजन बस्ती का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार पुलिस को शव मिलने की सूचना दी गई थी जिसके बाद रेल पुलिस ने शव को जब्त किया और फिर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रेल पुलिस ने मृतक के परिजनों को भी घटना की सूचना दी जिसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे और मृतक की पहचान की।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान में महिलाओं ने किया पौधरोपण



**सरायकेला।** सारंडा वन प्रमंडल के डीएफओ अभिरुप सिन्हा के निदेर्शानुसार गुवा वन क्षेत्र पदाधिकारी परमानंद रजक के नेतृत्व में एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया गया। अभियान में वन विभाग व जेएसएलपीएस जेंडर सीआरपी एवं कल्याण नगर आजीविका महिला ग्राम संगठन की महिलाएं शामिल हुईं। महिलाओं ने अभियान के तहत हिरजी हाटिंग और गुवा में पौधरोपण किया। वन विभाग व महिलाओं ने लोगों को जागरुक करते हुये कहा कि सारंडा जैसा एशिया का सबसे बड़े जंगल में हमें पौधरोपण करना पड़ रहा है, जो दुर्भाग्यपूर्ण व चिंता का विषय है। सारंडा जंगल में हजारों प्रजाति के पेड़-पौधे हैं। यहां का मौसम व जलवायु विभिन्न प्रजातियों के पेड़-पौधे को विकसित होने में सहायक है।

### शांतिपूर्ण मुहर्रम मनाने को कांड्रा थाना में हुई बैठक



**आदित्यपुर।** कांड्रा थाना में मुहर्रम को लेकर शांति व्यवस्था एवं सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए कांड्रा थाना प्रभारी अंजनी कुमार के नेतृत्व में रविवार को शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित शांति समिति के सदस्यों ने अपनी-अपनी बातों को रखा एवं थाना प्रभारी को बताया कि कांड्रा थाना क्षेत्र में मुहर्रम का किसी तरह का कोई जुलूस नहीं निकलता है। लोग शांतिपूर्ण ढंग से यहां मुहर्रम का पर्व मनाते हैं। वहीं कांड्रा थाना प्रभारी ने क्षेत्र में किसी तरह की कोई भी अप्रिय घटना घटने पर इसकी सूचना तत्काल थाना को देने की अपील की। थाना प्रभारी ने नशा के विरुद्ध अभियान, साइबर अपराध से सतर्कता, मकान मालिकों को बाहर से सभी किराएदार का आईडी सत्यापन की अपील की। बैठक में रिटायर्ड इंस्पेक्टर भरत प्रसाद, अहमद हुसैन, मनोज महतो, हरे कृष्ण मालवीय, दिलीप महतो, विनोद रजक सहित गणमान्य एवं थाना के पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे।

### दीपक प्रकाश का सनातन उत्सव समिति ने किया अभिनंदन

**जमशेदपुर।** भाजपा की पोटका विधानसभा स्तरीय विजय संकल्प सभा को संबोधित करने शहर पहुंचें पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश का रविवार को सनातन उत्सव समिति के सदस्यों ने बिष्टुपुर में स्वागत और अभिनंदन किया। समिति के संस्थापक सदस्य वीर कुमार सिंह और जिलाध्यक्ष ललित राव के नेतृत्व में सदस्यों ने दीपक प्रकाश अंग वस्त्र भेंटकर उनका अभिनंदन किया। राज्यसभा सांसद ने समिति के सदस्यों द्वारा लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा हित में संचालित जनसंपर्क एवं प्रचार अभियान को सराहा। उन्होंने आग्रह किया कि उसी ऊर्जा के संग आसन्न विधानसभा चुनाव में भी भाजपा संगठन के हित में लग्नशील होकर तन्मयता से कार्य करें। इस दौरान वीर सिंह, ललित राव, कुलदीप सिंह, अमृत सिंह सहित अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।

# मुआवजा नहीं अन्नदाताओं को समाधान मिले

***कृषि*** प्रधान भारत के साथ झारखंड के किसान लगातार तीसरे वर्ष प्रमुख फसल धान के बिचड़े लगाकर आसमान की ओर निहार रहे हैं और पिछले दो वर्षों से लगातार मौसम का कहर अन्नदाताओं पर टूट रहा है। इस साल पड़ी अभूतपूर्व गर्मी जलवायु परिवर्तन के चलते बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग का संकेत साफ है। इसने भारत में फसलों की पैदावार को बुरी तरह प्रभावित किया है। पिछले पांच वर्षों में चरम मौसमी घटनाओं ने फसल और उपज के नुकसान के रूप में 60 फीसदी से अधिक सीमांत (दो हेक्टेयर से कम जमीन वाले छोटे और मंझोले) किसानों को प्रभावित किया है। डेवलपमेंट इंटेलिजेंस यूनिट (डीआईयू) द्वारा 'भारत के सीमांत किसानों की स्थिति 2024' पर जारी दूसरी वार्षिक सर्वेक्षण रिपोर्ट में कहा गया है कि भारी गर्मी, सूखा, बेमौसम बारिश और बाढ़ से उनकी पैदावार को नुकसान हो रहा है। इस अध्ययन में साफ तौर पर बताया गया है कि जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग लगातार छोटे व मंझोले किसानों पर प्रहार कर रहे हैं और उनकी फसलों की उत्पादकता में निरंतर गिरावट आ रही है। गौरतलब है कि साल 2022 में हीटवेव के शुरूआती रौद्र रूप ने भारत में गेहूं की फसल को प्रभावित किया और उत्पादन की मात्रा साल 2021 में 10.959 करोड़ टन से घटकर 10.77 करोड़ टन रह गई। इसने दुनिया के दूसरे सबसे बड़े गेहूं उत्पादक भारत को गेहूं निर्यात पर प्रतिबंध लगाने को बाध्य किया। वर्ष 2023 में भी इसी वजह से गेहूं का उत्पादन प्रभावित हुआ, और लक्ष्य से लगभग तीस लाख टन कम उत्पादन हुआ। जलवायु परिवर्तन की वजह से मौसम का बदलता मिजाज पिछले कुछ वर्षों से खेती के लिए एक बड़ा खतरा बन गया है, जो किसानों के लिए मुसीबत बन चुका है। इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेंट चेंज (आईपीसीसी) की रिपोर्ट में गेहूं और मक्के की खेती पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों सहित अन्य क्षेत्रों में भी जलवायु परिवर्तन के प्रभावों की बात कही गई है। वैज्ञानिकों के अनुसार यदि जलवायु परिवर्तन की दर इसी गति से बढ़ती रही, तो भविष्य में कई फल दुर्लभ हो जाएंगे। आने वाले वर्षों में केले के उत्पादन पर भी नकारात्मक असर देखने को मिल सकता है। अगर तापमान में एक डिग्री की वृद्धि होती है, तो गेहूं उत्पादन में करीब तीन से चार फीसदी कमी आएगी। तापमान में चार-पांच डिग्री वृद्धि से उत्पादन में 15-20 फीसदी की कमी आ सकती है। बढ़ते तापमान और बदलते वर्षा चक्र से उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों की फसलें तबाह हो रही हैं। क्लाइमेट ट्रांसपेरेंसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि क्लाइमेट चेंज की वजह से धान के उत्पादन में भी 10 से 30 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है, और मक्का की पैदावार में भी 25 से 70 प्रतिशत तक कमी आ सकती है। वैज्ञानिकों के अनुसार, जलवायु परिवर्तन से फसल की पैदावार कम होने के साथ उपज की पोषण गुणवत्ता भी घट जाती है। कम वर्षा की वजह से महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में चावल, मक्का, कपास, सोयाबीन, मूंगफली और दालों जैसी फसलों की बुआई देर से हो सकी। कई उत्तरी राज्यों में धान के खेत अक्सर बाढ़ के कारण जलमग्न रहते हैं, जिससे फसल बर्बाद हो जाती है। भारत के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि क्षेत्र का योगदान लगभग 19.9 प्रतिशत है। यह क्षेत्र भारत के 42.6 प्रतिशत लोगों को रोजगार देता है। लिहाजा राष्ट्रीय सतत कृषि मिशन (एनएमएसए) जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्य योजना (एनएपीसीसी) के तहत संचालित मुख्य अभियानों में से एक है। तापमान में वृद्धि और पानी की उपलब्धता में बदलाव, पूरे कृषि-पारिस्थितिकी क्षेत्रों में सिंचित कृषि उत्पादन को प्रभावित करते हैं। ऐसे में, हमें जलवायु-लचीली कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने और आजीविका में विविधता लाने की जरूरत है। फसलों की उत्पादकता और किसानों की आय बढ़ाने के लिए जलवायु-स्मार्ट कृषि (सीएसए) प्रौद्योगिकियों की सख्त जरूरत है, जिसमें एक सतत दृष्टिकोण शामिल है। एक प्रभावी जलवायु के प्रति अनुकूल कृषि वाले दृष्टिकोण से हम भारतीय कृषि पर जलवायु परिवर्तन के असर को कम कर सकते हैं। झारखंड पिछले ओलावृष्टि का मुआवजा बांटने के बाद इस संभावित सूखे का मुआवजा बांटने की तैयारी में लगा है जो तदर्थ व्यवस्था है। चीन जहां कृत्रिम वर्षा तक आजमा रहा है तो हमें भी इसे राष्ट्रीय या राज्यस्तरीय विपदा मानकर वैज्ञानिकों से समाधान ढूंढ़ने के लिए काम करने को कहना चाहिए और यह औपचारिकता ना होकर गंभीर प्रयास भी हो।

इन दिनों

# समान नागरिक संहिता लागू होने से देश मजबूत होगा


विजय केसरी

**सर्वोच्च** न्यायालय ने एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया कि अब तलाकशुदा मुस्लिम महिलाएं भी भारतीय प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 125 के तहत अपने पूर्व पति से गुजारा भत्ता मांग सकती है। न्यायालय ने अपना मंतव्य दिया कि जाब्ता फौजदारी मामले में धर्म, संप्रदाय और जाति के आधार पर फैसला नहीं होने चाहिए। साथ ही संविधान की जो मूल भावना है कि समान नागरिक संहिता बनाई जानी चाहिए। अब उसका वक्त आ गया है। केंद्र में एनडीए की तीसरी बार सरकार बन गई। भाजपा ने तीनों लोक सभा चुनाव के पूर्व जारी अपने घोषणा पत्र में समान नागरिक संहिता लागू करने की बात दर्ज की। इस घोषणा के दस वर्ष बीत गए। समान नागरिक संहिता पर दोनों सदनों में सिर्फ चर्चा भर ही हो पाई। जबकि भाजपा सरकार के नेता गण केंद्र की सत्ता पर आने पर देश में समान नागरिक संहिता कानून लगने के लागू करने के बात तीनों लोकसभा चुनाव में जरूर करत नजर आए। तीसरी बार भी एनडीए गठबंधन की सरकार केंद्र में बन गई, लेकिन सरकार की ओर से समान नागरिक संहिता कानून लागू किए जाने की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हुई है। क्या समान नागरिक संहिता कानून सिर्फ घोषणा पत्र का ही अंग बनकर रह जाएगा? सर्व विदित है कि एक समान नागरिक संहिता लागू होने से देश मजबूत होगा। इस बात को समस्त देशवासियों को समझने की जरूरत है। भारत में निवास करने वाले एक बड़े वर्ग का मानना है कि आजादी के बाद ही देश में एक समान नागरिक कानून लागू हो जाना चाहिए था। लेकिन आजादी के बाद की पहली सरकार इस दिशा में कदम क्यों नहीं उठाई? विचारणीय है। यह एक राजनीतिक भूल के समान है। इस राजनीतिक भूल की सजा हम सब वर्षों से भुगतते चले आ रहे हैं। मेरी दृष्टि में अगर पूर्व की सरकारें यह कदम उठा लेती, तब आज देश में जाति, धर्म, पंथ, और विचार के नाम पर लोगों के बीच दीवारें खड़ी की जा रही हैं, खड़ी नहीं हो पाती। समान नागरिक कानून के नाम पर देश के भीतर गलत भ्रम फैलाया जा रहा है। यह कदापि देश हित में नहीं हो सकता है। इस कानून के अस्तित्व में आने से किसी के अधिकारों की कोई कटौती नहीं होगी। केंद्र की सरकार अगर समान नागरिक संहिता लागू करने के पक्ष में है? तब इस कानून का एक मसौदा देश की जनता के सामने पेश करना चाहिए, ताकि इस संहिता पर आम सहमति बन सके। इस कानून को जल्द से जल्द लागू किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने तलाकशुदा एक मुस्लिम महिला के पक्ष में भत्ता दिए जाने का जो फैसला दिया है, ऐसे फैसले का स्वागत होना चाहिए। भारत एक विशाल लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष देश के रूप में अपनी पहचान विश्व भर में बनाने सफल रहा है। भारत एक तेज गति से विकसित होने वाले देशों की श्रेणी में खुद को खड़ा करने में सफल रहा है। भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की सबसे तेज गति से बढ़ रही है। यह समस्त देशवासियों के लिए गौरव की बात है। भारत में विभिन्न धर्म, जाति, पंथ विचार के लोग एक साथ मिलजुल कर रहते हैं। भारत का संविधान समस्त नागरिकों को एक समान मौलिक अधिकार प्रदान करता है। समाज के अंतिम व्यक्ति के लिए वही नियम कानून है, जो देश के सबसे शीर्ष पर बैठे राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को प्राप्त है। भारत का संविधान किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं करता है। भारत का संविधान धर्म, जाति, पंथ, विचार, ऊंच-नीच, अमीर गरीब लोगों के लिए कोई भी अलग से विशेष अधिकार नहीं प्रदान नहीं करता है। भारत का संविधान भारत में निवास करने वाले समस्त नागरिकों को एक समान अधिकार प्रदान करता है, चाहे वह किसी धर्म, जाति, पंथ विचार से जुड़ा हुआ क्यों न हो। यही भारत के संविधान की खूबसूरती है। डॉ भीमराव अंबेडकर संविधान सभा के सर्वसम्मति से ड्राफ्टिंग कमिटी के निर्वाचित अध्यक्ष थे। उन्होंने संविधान को हर एक भारत में निवास करने वाले व्यक्तियों को ध्यान में रखकर बनाया। संविधान सभा के सभी सम्मानित सदस्यों ने भारत के संविधान को सर्वग्राही और सुसंगठित रखने में कोई भी कसर नहीं छोड़ा इसका परिणाम यह हुआ कि भारतवासी आजादी के इतने वर्ष बीत जाने के बाद भी उसी मजबूती के साथ एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। समान नागरिक कानून लागू के संबंध में देशभर में जो राजनीति की जा रही है, भारत की एकता और अखंडता को सीधे तौर पर प्रभावित कर रही है। यह किसी भी मायने में देश हित में नहीं है। विपक्ष, एनडीए सरकार पर बार-बार यह आरोप लगा रही है कि भारत का संविधान बदल देगी। विपक्ष भारत का संविधान हाथ में लेकर 18 वीं लोकसभा का चुनाव लड़ी। विपक्ष के नेता गण जनता को यह बताने पर जोर देते रहें कि अगर एनडीए फिर से केंद्र में आती है, तब भारत का संविधान बदल दिया जाएगा। मेरा विपक्ष सीधा सवाल है कि भारत का संविधान कोई आम पुस्तक है? जिसे आसानी से बदला जा सकता है? भारत का संविधान देश की आत्मा है। इस संविधान का निर्माण एक जनतांत्रिक प्रक्रिया से पूरा हुआ है। जिसे 26 जनवरी 1950 को भारत का लोकसभा में पारित किया। इसे कदापि बदला नहीं जा सकता है। विपक्ष जनता को गुमराह कर रही है। भारत का संविधान लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष और समाजवाद आधारशिला पर खड़ा है। समान नागरिक कानून लागू होने से देश की एकता और अखंडता मजबूत होगी। जब समस्त देशवासियों को उसके मौलिक अधिकारों के तहत ही एक समान मतदान देने का अधिकार प्राप्त है, ठीक उसी प्रकार यूनिफॉर्म सिविल कोड के लागू होने से किसी के कोई भी अधिकार प्रभावित नहीं होंगे। किसी भी धर्मावलंबियों के पूजा पद्धतियों में किसी भी तरह के बदलाव नहीं हूं। इस कानून से कोई भी नुकसान नहीं होने जा रहा है, बल्कि एक समान नागरिक कानून लागू होने से स्त्री - पुरुष के अधिकारों की रक्षा होगी। समान नागरिक कानून किसी के धर्म, आस्था और विचार के साथ छेड़छाड़ नहीं करता दिख रहा है। समान नागरिक कानून सबों को समान अधिकार प्रदान करता है। विश्व के कई ऐसे देश हैं, जहां इस तरह के कानून लागू है। जिसमें अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, कनाडा आदि देशों में यूनिफॉर्म सिविल कोड जैसे कानून है, वहां के नागरिकों को एक समान नागरिक अधिकार प्राप्त है। ये देश ऐसे समान कानून के चलते दिन ब दिन तरक्की करते चले जा रहे हैं। विश्व के अन्य देशों की तुलना में यहां के लोगों के बीच अविश्वास कम है।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

## काव्य कोना

### क्या कहें

क्या कहें
देख कर कभी-कभी हालत
अचंभित हो कर सोचता हूँ
शिखर का पता नहीं, लिया बस
एक पग लगे इठलाने, चहकने,
बहकने, दहकने। उच्छृंखलता
की सीमा है मानो मनचली
क्षणिक वेगवती नदी
इतरा रही हल्की-हल्की फुहार
पर भीख रूपी दान पर
मिला जो सहयोग और सेवा के
लिए सूखे प्यासे फसल के लिए
बरबाद करने में जिनको हिचक
नहीं सच है कि सिमट जायेगी
अभी अपने तल में
होगा न जल कोख में
बस थोड़ा-सा सूरज तो चमक
ले। क्या कहें
देख कर कभी-कभी हालत
अचंभित हो कर सोचता हूँ
शिखर का पता नहीं, लिया बस
एक पग लगे इठलाने, चहकने,
बहकने, दहकने।

**- नाग मणि**

## आपकी बात

### कांस्टिपेसन रोग (कब्ज) एक गंभीर समस्या, निदान वस्ति यौगिक क्रिया

हठयोग प्रदीपिका के अनुसार, षट्कर्म एक प्रारंभिक अभ्यास है जो शरीर को


योगाचार्य महेशपाल



आंतरिक रूप से शुद्ध करता है और फिर योगी को आध्यात्मिक लक्ष्य प्राप्त करने के लिए तैयार करता है। योगाचार्य महेशपाल बताते है कि, बस्ती क्रिया बृहदान्त्र को पूरी तरह से साफ करके शरीर को आंतरिक रूप से फिर से भरने की एक तकनीक है। यह हठ योग प्रदीपिका में वर्णित षट्कर्म के रूप में जानी जाने वाली छह शुद्धि तकनीकों में से एक है। बस्ती क्रिया एक आयुर्वेदिक तकनीक, एनीमा से समानता रखती है, जिसमें औषधीय द्रव से भरी एक ट्यूब को मलाशय में डालकर बृहदान्त्र को साफ किया जाता है। इस तकनीकों के पीछे का उद्देश्य बृहदान्त्र से मल और अन्य अशुद्धियों को बाहर निकालना है। इसलिए, बस्ती क्रिया को योगिक, एनीमा के रूप में भी जाना जाता है। वस्ति वह क्रिया है, जिसमें गुदामार्ग, मूत्रमार्ग, अपत्यमार्ग, व्रण मुख आदि से औषधि युक्त विभिन्न द्रव पदार्थों को शरीर में प्रवेश कराया जाता बस्ती क्रिया करने के दो प्रकार हैं, अर्थात जल बस्ती (पानी के साथ) और स्थल बस्ती क्रिया (हवा के साथ)। परंपरागत रूप से, जला बस्ती नदी में बैठकर की जाती थी, हालाँकि, पानी से भरी बाल्टी या टब का उपयोग भी किया जा सकता है। 'जला शब्द पानी' को दर्शाता है, क्योंकि यहाँ पानी का उपयोग आंतों को साफ करने के लिए किया जाता है, पानी से भरा टब लें और उस पर उत्कटासन में बैठें या उकड़ू बैठें। पानी का स्तर नाभि तक आना चाहिए। अपने हाथों को घुटनों पर टिकाकर आगे झुकें गुदा-संकोचक मांसपेशियों को फैलाकर गुदा के माध्यम से पानी को बड़ी आंत में खींच लें। साँस छोड़ें और साथ ही उदियाना बंध और नौली क्रिया करें। फिर, साँस छोड़ें और गुदा के माध्यम से पानी को बाहर निकाल दें यह पहले चक्र का समापन है, आप इसे 3-5 चक्रों तक दोहरा सकते हैं जब तक कि आंतें साफ न हो जाएं। स्थल वस्ति के अभ्यास के लिए विपरीत करणी मुद्रा में फर्श से 60 डिग्री के कोण पर पीठ के बल लेट जाएं। अब घुटनों को छाती की ओर खींचें और स्फिंक्टर मांसपेशियों को बाहर और अंदर धकेलें ताकि आंतों में हवा भर जाए। खींची गई हवा को अंदर रोककर नौली क्रिया करते हुए बृहदान्त्र की ओर ऊपर की ओर खींचा जाता है। इस बीच, हवा (अपान वायु) नाभि क्षेत्र पर दबाव डालते हुए ऊपर की ओर उठती है। कुछ मिनट तक हवा को अंदर ही रोके रखें और फिर गुदा के माध्यम से उसे बाहर निकाल दें। इससे स्थल बस्ती का एक चक्र बनता है और सुविधानुसार इसे 3-5 बार दोहराया जा सकता है। वस्ति षट्कर्म का अभ्यास करते समय कुछ सावधानियां रखनी चाहिए, उच्च रक्तचाप, हर्निया या किसी भी गंभीर पाचन विकार से पीड़ित लोगों को बस्ती क्रिया से बचना चाहिए। बस्ती क्रिया करने के बाद लगभग 72 मिनट तक भोजन का सेवन न करें। बादल, बरसात, हवा या तूफानी मौसम में इस अभ्यास से बचना सबसे अच्छा है। यह अभ्यास सुबह खाली पेट किया जाना चाहिए। वस्ति क्रिया का अभ्यास योग गुरु या योगाचार्य के मार्गदर्शन में ही करना चाहिए इस क्रिया के अभ्यास से हमें कई लाभ प्राप्त होते हैं, यह आंतों से हानिकारक बैक्टीरिया, विषाक्त अशुद्धियाँ, जमा हुआ मल, थ्रेडवर्म और गर्मी, कब्ज, नर्वस डायरिया, पेट फूलना और इरिटेबल बाउल सिंड्रोम से पीड़ित लोगों को बस्ती क्रिया से चिकित्सीय लाभ मिलता है।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

## देश-विदेश

# कहीं पाक के कटोरे में भीख देना बंद ना कर दे चीन


आर.के. सिन्हा

***पाकिस्तान*** लगातार भारत में आतंकवादी हरकतों को अंजाम देता रहा है। मुंबई में 2008 में हुए हमलों से लेकर कठुआ, पठानकोट और उरी वगैरह में उसने आतंक फैलाया है। पर अब पाकिस्तान खुद ही अपने द्वारा लगाये आतंकवाद की आग में स्वाहा हो रहा है। वह भयभीत है। डर का कारण चीन का नाराज होना है। पाकिस्तान में चीनी नागरिकों के मारे जाने के कारण चीन सरकार उससे सख्त नाराज है। इसलिए सारे पाकिस्तान में चीनी नागरिकों को अब खास सुरक्षा दी जा रही है, जो पाकिस्तान में चीन की मदद से चल रही परियोजनाओं में काम कर रहे हैं। चीनी नागरिकों की सुरक्षा के लिए इस्लामाबाद में एक नया पुलिस बल भी बनाया गया है। ये सब इसलिए हो रहा है, क्योंकि चीनी वित्त पोषित मेगा परियोजनाओं को निशाना बनाया जा रहा है। इनमें काम करने वाले चीनियों को आतंकवादी चुन-चुन कर मार रहे हैं। इन हमलों के कारण ऊर्जा और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी परियोजनाएं खतरे में हैं। चीन ने पाकिस्तान में अपना बड़े स्तर पर निवेश करना 2015 शुरू किया था। चीन की योजना थी कि वह पाकिस्तान में 60 अरब डॉलर का निवेश विभिन्न परियोजनाओं में करे। इस वक्त हजारों चीनी कामगार और इंजीनियर पाकिस्तान में हैं। पाकिस्तान को अफगानिस्तान में युद्ध समाप्त होने के बाद अमेरिका से मदद मिलनी बंद हो गई थी। उसके बाद, उसे चीनी निवेश का ही एक मात्र सहारा था। उस पर भी फिलहाल तो ग्रहण लग गया दिखता है। पिछले तीन वर्षों में, पाकिस्तान में आतंकवादी समूह फिर से उभरे हैं। इस दौरान आतंकवादी हमलों की संख्या में वृद्धि हुई है। इसका असर चीनी परियोजनाओं पर खूब ज्यादा हुआ है। इस कारण से चीन से पोषित परियोजनाओं पर काम ठंडा पड़ने लगा है। पिछले मार्च के महीने के अंत में, सशस्त्र आतंकियों ने अरब सागर के दक्षिण-पश्चिमी तट पर स्थित ग्वादर में चीनी निर्मित और संचालित बंदरगाह को निशाना बनाया, जिसमें दो पाकिस्तानी सुरक्षा अधिकारियों की मौत हो गई। कुछ दिनों बाद, आतंकवादियों ने देश के दूसरे सबसे बड़े एयर बेसपर हमला किया। यह बलूचिस्तान में है। यहाँ भी चीनी नागरिक सक्रिय थे। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने इस हमले की जिम्मेदारी ली थी। पाकिस्तान में चीनी नागरिकों पर हमले थमने का नाम ही नहीं ले रहे हैं।

> **चीन ने पाकिस्तान में अपना बड़े स्तर पर निवेश करना 2015 शुरू किया था। चीन की योजना थी कि वह पाकिस्तान में 60 अरब डॉलर का निवेश विभिन्न परियोजनाओं में करे।**

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# कांग्रेस ने बालक बुद्धि का परिचय दिया है



नीरज कुमार दुबे

***जब-जब*** गांधी परिवार के पास प्रधानमंत्री पद रहा तब-तब ही कांग्रेस ने इसका सम्मान किया। इतिहास उठा कर देखेंगे तो पाएंगे कि लाल बहादुर शास्त्री से लेकर नरेंद्र मोदी तक...कांग्रेस को यह पचा ही नहीं कि कैसे कोई गैर-गांधी परिवार का व्यक्ति देश पर राज कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बीच की राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता जगजाहिर है। यह प्रतिद्वंद्विता चुनावों के दौरान तीखे हमलों में भी तब्दील हो जाती है। लेकिन जनता इसे सामान्य रूप में ही लेती है क्योंकि यह अपेक्षित ही है कि राजनीतिक विरोधी एक दूसरे पर हमले करेंगे ही लेकिन चिंताजनक स्थिति तब पैदा होती है जब राजनीतिक हमले शालीनता और लोकतांत्रिक मर्यादाओं की लक्ष्मण रेखा को लांघ जाते हैं। कांग्रेस की ओर से प्रधानमंत्री पर जिस तरह के हमले किये जा रहे हैं वह राजनीति में शिष्टाचार खत्म होने का संकेत तो है ही साथ ही इससे यह भी प्रदर्शित हो रहा है कि कांग्रेस को मोदी को लगातार तीसरी बार मिला सरकार चलाने का जनादेश नहीं भाया है। कांग्रेस को समझना होगा कि देश का प्रधानमंत्री किसी एक दल का नेता नहीं होता बल्कि वह समस्त भारतीयों का प्रधानमंत्री होता है। प्रधानमंत्री पद पर बैठा व्यक्ति दुनिया में भारत का चेहरा होता है। प्रधानमंत्री पद पर बैठे व्यक्ति से भले कितने भी वैचारिक और राजनीतिक मतभेद हों लेकिन उसका सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। साथ ही प्रधानमंत्री पर राजनीतिक हमले करते समय इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि देश के संवैधानिक पद का कोई अपमान नहीं हो जाये। लेकिन खेद की बात यह है कि देश पर सर्वाधिक समय तक राज करने वाली और देश को सबसे ज्यादा प्रधानमंत्री देने वाली कांग्रेस प्रधानमंत्री के पद का लगातार अपमान करने में लगी हुई है। हम आपको याद दिला दें कि जब-जब गांधी परिवार के पास प्रधानमंत्री पद रहा तब-तब ही कांग्रेस ने इसका सम्मान किया। इतिहास उठा कर देखेंगे तो पाएंगे कि लाल बहादुर शास्त्री से लेकर नरेंद्र मोदी तक...कांग्रेस को यह पचा ही नहीं कि कैसे कोई गैर-गांधी परिवार का व्यक्ति देश पर राज कर रहा है। पिछला उदाहरण डॉ. मनमोहन सिंह का है। जब डॉ. मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे तब उनके पास सारे अधिकार ही नहीं थे। इसके बाद जबसे नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने तबसे कांग्रेस ने उनके खिलाफ निचले और निजी स्तर पर हमले करने का अभियान चलाया। मोदी पर कांग्रेस के हमलों का जवाब जनता चुनावों में देती रही लेकिन इस बार के लोकसभा चुनावों में मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सीटें क्या घटीं, कांग्रेस के हमले और निचले स्तर पर चले गये हैं। हम आपको बता दें कि कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'बैल बुद्धि' करार देते हुए सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ अभियान चलाया हुआ है जिसे कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेता आगे बढ़ा रहे हैं। भले कांग्रेस ने यह अभियान प्रधानमंत्री की ओर से राहुल गांधी को 'बालक बुद्धि' बताये जाने के जवाब में चलाया हो लेकिन उसे ध्यान रखना चाहिए कि प्रधानमंत्री पद की एक गरिमा होती है।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

## बोधि वृक्ष

# सूर्य देवता के 7 बड़े मंदिर, जहां हर पल बरसता है आशीर्वाद



जिसे सोलंकी वंश के राजा भीमदेव प्रथम ने 1026 ई में बनवाया था। बता दें कि, मोढेरा का सूर्य मंदिर दो हिस्से में बना है, जिसमें पहला हिस्सा गर्भगृह का और दूसरा सभामंडप का है। वहीं, मंदिर का निर्माण ऐसा किया गया है कि सूर्योदय के समय सूर्य की किरणें सीधे गर्भगृह में पड़ती हैं।

**कश्मीरकामार्तंड मंदिर :** देशभर में प्रसिद्ध सूर्य मंदिरों में कश्मीर में स्थित मार्तंड मंदिर काफी जाना जाने वाला मंदिर है। यह मंदिर कश्मीर के दक्षिणी भाग में अनंतनाग से पहलगाम के रास्ते में मार्तण्ड नामक जगह पर स्थित है। धार्मिक मान्यता है कि, इस मंदिर को आठवीं सदी में कारकोटा वंश के राजा ललितादित्य ने इसका निर्माण करवाया था।

**आंध्र प्रदेश का सूर्यनारायण मंदिर**

आंध्रप्रदेश के अरसावल्ली गांव से करीब 1 किमी पूर्व दिशा में भगवान सूर्य का लगभग 1300 साल पुराना भव्य मंदिर है। यहां पर भगवान सूर्य नारायण अपनी पत्नियों उषा और छाया के साथ पूजे जाते हैं। इस मंदिर की खासियत है कि यहां साल में दो बार सीधे मूर्ति पर सूर्य की पहली किरण पड़ती है। कहा जाता है कि इस मंदिर में भगवान सूर्यदेव के दर्शन मात्र से सुख और सौभाग्य मिलता है।

**(क्रमशः)**

## टेक वर्ल्ड

# ऑनलाइन Passport बनवाने वाले हो जाएं सावधान! जान लें ये जरुरी बात

***अगर*** आप भी पासपोर्ट के बनवाने की सोच रहे हैं तो यह खबर सिर्फ आपके लिए ही है। ऑनलाइन अप्लाई करने से पहले जान लें ये जरुरी बातें। पासपोर्ट एक ऐसा जरुरी दस्तावेज जब हम अंतरराष्ट्रीय ट्रिप पर जाते हैं तो बेहद काम आता है। अगर आप भी पासपोर्ट बनवाने के बारे में सोच रहे हैं तो हम कुछ चीजों की जानकारी आपको देने जा रहे हैं। इसके साथ ही ऑनलाइन प्रोसेस की भी पूरी जानकारी बताते हैं। इस दौरान ऑनलाइन प्रोसेस लोगों के लिए चिंता का विषय बन चुका है। चलिए आपको जानकारी देते हैं। **नकली वेबसाइट :** पासपोर्ट बनवाने के लिए सरकारी वेबसाइट उपलब्ध है। हालांकि, स्कैमर्स की नजर इस वेबसाइट पर पड़ चुकी है और वह इससे जुड़ी नकली वेबसाइट बना रहे हैं। बता दें कि ये वेबसाइट भी देखने में बिल्कुल असली वेबसाइट की तरह ही होती है।



**किस वेबसाइट पर अप्लाई करें :** ऑनलाइन पासपोर्ट बनवाने के लिए आप पासपोर्ट सेवा की वेबसाइट पर ही जाना चाहिए। यह सरकारी वेबसाइट है और इसके अंत में.gov.in जरुर चेक कर लें। इस वेबसाइट पर 1500 रुपए नॉर्मल पासपोर्ट की फीस ली जाएगी।

**नकली वेबसाइट पर ज्यादा लेते हैं फीस :** अगर आप नकली वेबसाइट पर जाएंगे तो यहां पर आपसे फीस बहुत ज्यादा ली जाती है। खास बात है कि इस फीस को लेने के बाद स्कैमर्स एप्लीकेशन बंद कर देते हैं। सीधे तौर पर आपके साथ धोखाधड़ी कर ली जाती है।

**(क्रमशः)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### कांग्रेस नेता गौरव गोगोई लोकसभा में होंगे पार्टी के उप नेता



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता गौरव गोगोई लोकसभा में पार्टी के उप नेता की भूमिका निभाएंगे। इस संबंध में कांग्रेस ने लोस अध्यक्ष को जानकारी देते हुए पत्र लिखा है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया पर बताया कि कांग्रेस संसदीय दल के नेता सोनिया गांधी ने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर पार्टी के उप नेता, मुख्य सचेतक और दो सहायक सहित सचेतकों की जानकारी दी है।

### तृणमूल नेता की गोली मारकर हत्या



**उत्तर दिनाजपुर।** उत्तर दिनाजपुर जिले में इस्लामपुर के रामगंज दो नंबर ग्राम पंचायत के श्रीकृष्णपुर इलाके शनिवार रात अज्ञात अपराधियों ने एक तृणमूल कांग्रेस नेता की गोली मार कर हत्या कर दी जबकि इस घटना में एक अन्य तृणमूल नेता गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक का नाम बापी रॉय (36) था। वह रामगंज दो नंबर पंचायत समिति के सदस्य और तृणमूल नेता लप्पी रॉय के पति थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार रात में स्थानीय पंचायत के कुछ तृणमूल नेता होटल में मिल कर बातें कर रहे थे। तभी अचानक बदमाशों की एक टोली ने उन पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इस घटना में दो तृणमूल नेताओं को गोली लगी। दोनों को इस्लामपुर महकमा अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने घायलों में से बापी को मृत घोषित कर दिया। वहीं गोली लगने से मोहम्मद सज्जात गंभीर रूप से घायल हो गए। वह रामगंज पंचायत की मुखिया राजनूर खातून के पति हैं।

## महाराष्ट्र : ठाणे में भारी बारिश ने बढ़ाई लोगों की मुश्किल

# उफान पर कामवारी नदी, स्कूल बस डूबी

एजेंसी

**ठाणे।** भिवंडी में भारी बारिश से कामवारी नदी उफान पर है। नदी किनारे रहने वाले लोगों के घरों में पानी घुस गया है। एक तस्वीर सामने आई है जिसमें पानी की चपेट में आने से एक स्कूल बस डूब गई। गनीमत ये रही कि स्कूल बस खाली थी और उसमें कोई बच्चा सवार नहीं था। बस ही नहीं दूसरे कई वाहन सड़क पर जलमग्न दिखे। दरअसल, महाराष्ट्र के ठाणे, कल्याण, भिवंडी में पिछले दो दिनों से मूसलाधार बारिश हो रही है। भारी बारिश के कारण कल्याण रेलवे स्टेशन के बाहर पानी भर गया है। इसके चलते आने-जाने वाले यात्रियों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि डोंबिवली एमआईडीसी स्थित पोस्ट ऑफिस के बाहर भी जलभराव की समस्या बनी हुई है। जो न केवल वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बन रही है। बल्कि इससे स्थानीय दुकानदारों को भी काफी परेशानी हो रही है। ठाणे शहर के कई इलाके की सड़कें नदियों में तब्दील हो गई है।



*लगातार हो रही बारिश के कारण कई इलाकों में जलभराव की स्थिति देखने को मिल रही है। कल्याण पश्चिम रेलवे स्टेशन के बाहर पानी की निकासी नहीं होने के कारण दीपक होटल से कल्याण कोर्ट तक घुटने तक पानी भर गया है*

बता दें कि मानसून सीजन के दौरान महाराष्ट्र में हर साल जलभराव की समस्या देखने को मिलती है। बीएमसी की ओर से जलभराव की समस्या को सुलझाने के दावे भी किए जाते हैं, लेकिन लोगों को हर साल जलभराव की स्थिति का सामना करना पड़ता है।

# नेपाल बस दुर्घटना : 3 दिनों में सिर्फ पांच शव हुए बरामद

- हादसे के बाद कुल 65 लोग हुए थे लापता
- दोनों में से किसी भी बस का नहीं लग पाया कोई सुराग

एजेंसी

**काठमांडू।** शुक्रवार को तड़के नदी में गिर कर दुर्घटनाग्रस्त हुई दो बसों में सवार 65 यात्रियों में की तलाश में चलाए गए बचाव एवं राहत अभियान के दौरान अबतक सिर्फ 5 शव बरामद हुए हैं। खोजी काम का दायरा 150 किलोमीटर तक करने के बाद भी रविवार सुबह तक खास सफलता नहीं मिली। यहां तक कि हादसे का शिकार हुई दोनों बसों का भी अबतक कोई पता नहीं चला है।

शनिवार को मिले तीन शव के बाद रविवार सुबह दो और शव बरामद हुए। चितवन के प्रमुख जिलाधिकारी इन्द्रदेव यादव ने बताया कि आज दोनों शव पूर्वी नवलपरासी जिले के गोलाघाट के पास से बरामद किए गए। हालांकि दोनों शवों की अब तक पहचान नहीं हो पाई है। शनिवार सुबह सबसे पहला शव बरामद किया गया था जिसकी पहचान भारतीय नागरिक के रूप में हुई थी। शनिवार दोपहर को दो और शव बरामद किए गए थे।



राहत व खोजी का काम आज तीसरे दिन भी किया जा रहा है। प्रमुख जिलाधिकारी ने बताया कि वाटर ड्रोन, सेनोर कैमरा, गोताखोर सहित नेपाली सेना और सशस्त्र प्रहरी के 100 से अधिक सुरक्षाकर्मी रेस्क्यू ऑपरेशन में लगे हुए हैं। बस को ढूंढ़ने के लिए आज से बड़े-बड़े चुम्बकों का प्रयोग किया जा रहा है।

### बेगूसराय में बलान नदी में चार छात्राएं डूबी, एक की मौत

**पटना।** बिहार के बेगूसराय में बलान नदी की धारा में रविवार को चार छात्राए बह गई, जिसमें से तीन को स्थानीय लोगों की मदद से बचा लिया गया जबकि एक छात्रा की मौत हो गई है। हादसा बलान नदी में स्नान करने के दौरान हुआ। घटना तेघड़ा थाना क्षेत्र के खिदिरचक बलान नदी की है। नदी में स्नान करने के दौरान एक छात्रा गहरे पानी में चली गयी। उसे बचाने के लिए बाकी तीन छात्राएं भी गहरे पानी में चली गईं।

### पद्मा नदी में डूबे चार बच्चे, एक की मौत

**मुर्शिदाबाद।** मुर्शिदाबाद जिले के लालखंडियार इलाके में रविवार सुबह पद्मा नदी में नहाने के दौरान डूबने से एक बच्चे की मौत हो गई जबकि एक अन्य बच्चे को गंभीर हालत में जांगीपुर महकमा अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, रविवार को छुट्टी होने के कारण चार बच्चे अपने घर के पास नदी में नहाने गये थे। इमरान शेख, अजीज शेख, इकबाल शेख और मेहदी हसन एक साथ पानी में उतरे। इनमें इमरान और अजीज चचेरे भाई-बहन हैं।

### बिहार के किशनगंज में स्कॉर्पियो और डंपर की टक्कर में पांच की मौत

**पटना।** बिहार के किशनगंज जिले के पौआखाली नगर पंचायत के पेटभरी के पास एनएच-327ई पर रविवार को स्कॉर्पियो और डंपर की आमने-सामने की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई जबकि डंपर का चालक घायल हो गया। सभी मृतक अररिया जिले के जोकिहाट प्रखंड के थपकौल के निवासी थे। ये लोग अररिया से पश्चिम बंगाल के बागड़ोगरा जा रहे थे। स्कार्पियो में एक बच्ची समेत पांच लोग सवार थे, जिनमें सभी की मौत हो गई।

### अमायिजंजन नहर में बहे नगर निगम कर्मचारी की तलाश जारी



**केरल।** केरल अग्निशमन और बचाव विभाग (केएफआरडी) के महानिदेशक के. पद्मकुमार ने रविवार को नहर में बहे कर्मचारी की तलाश के लिए चल रहे बचाव अभियान के बारे में जानकारी दी। दरअसल शनिवार की सुबह तिरुवनंतपुरम रेलवे स्टेशन के पास अमायिजंजन नहर में 42 वर्षीय जॉय नाम का युवक तेज बारिश के बाद नहर में पानी के बहाव बढ़ने के बाद बह गया था। मामले में केएफआरडी के महानिदेशक के. पद्मकुमार ने कहा कि बचाव अभियान जारी है, लेकिन नहर में ज्यादा कचरा होने के कारण शव को निकालने में समय लगेगा, वहीं कचरा ज्यादा होने से गोताखोरों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, यह पूरा इलाका रेलवे लाइन के नीचे है। अंदर पुरानी नहरों का एक बड़ा नेटवर्क है। हमारे स्कूबा गोताखोरों ने 60 मीटर गहराई तक गोता लगाया है, लेकिन आगे जाना मुश्किल है क्योंकि इससे उनकी जान जोखिम में पड़ जाएगी। उन्होंने आगे बताया, अभी भी 80 मीटर की दूरी बाकी है। उन्हें आगे बढ़ने के लिए कहना मुश्किल है क्योंकि यह इलाका कई सालों से जमा हुआ है।

## न्यूज बॉक्स

### कर्नाटक में डेंगू का कहर, अब तक मिले 9082 मामले, सात की मौत



**बेंगलुरु।** कर्नाटक में डेंगू के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। राज्य में इस साल अब तक 9 हजार 82 मामले मिल चुके हैं। कर्नाटक के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने आंकड़ों को लेकर अपडेट दिया है। इसके मुताबिक बीते 24 घंटे में राज्य में डेंगू के कुल 424 पॉजिटिव मामले दर्ज किए गए हैं। इस साल की शुरूआत से अब तक की बात करें तो 9082 केस दर्ज किए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक डेंगू से पीड़ित 119 मरीजों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। 24 घंटे में एक भी मौत रजिस्टर नहीं हुई है, लेकिन इस साल अब तक सात लोग डेंगू के कारण अपनी जान गंवा चुके हैं। विभाग का दावा है कि 13 जुलाई को 2 हजार 557 लोगों का टेस्ट किया गया। तो वहीं इस साल कुल 66 हजार 298 लोगों का परीक्षण किया जा चुका है। ये सरकारी रिपोर्ट बताती है कि पिछले 24 घंटों में शून्य से एक साल तक के 4 बच्चे डेंगू पीड़ित पाए गए। वहीं, एक से 18 साल की उम्र के मरीजों की संख्या 168 है। 18 साल से ऊपर वाले मरीजों की संख्या 252 हैं। कुल मिलाकर 424 नए मरीज 24 घंटे में सामने आए हैं।

### मणिपुर में फिर हिंसा, कुकी उग्रवादियों के हमले में सीआरपीएफ जवान की मौत



**इंफाल।** मणिपुर में हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। रविवार को जिरीबाम जिले में फिर से तनाव बढ़ने के बाद हिंसा भड़क गई है। कुकी उग्रवादियों के हमले का शिकार होकर सीआरपीएफ के जवान अजय कुमार की मौत हो गई है और इस हमले में कई अन्य घायल हो गए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मैतेई संगठनों का आरोप है कि यह घटना जातीय तनाव के कारण हुई है। कुकी उग्रवादियों ने मैतेई समुदाय के लोगों पर गोलियों और बमों से अंधाधुंध हमले किये हैं। जीरीबाम के मैतेई संगठन जिरी अपुनबा लूप (जेएएल) समेत कई मैतेई संगठनों ने आरोप लगाया है कि सुरक्षा बलों की निष्क्रियता के कारण मैतेई ग्रामीणों को निशाना बनाया गया है। हमले के दौरान घरों को जला दिया गया और व्यापक पैमाने पर दहशत फैलाई गई है। सुरक्षा बलों पर भी हिंसा को रोकने में विफल रहने का आरोप लगाया गया है।

### हरियाणा के महेंद्रगढ़ में स्कॉर्पियो व ट्रक की टक्कर 3 की मौत, एक गंभीर

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा के महेंद्रगढ़ में रविवार सुबह भीषण सड़क हादसा हुआ। नेशनल हाईवे 152डी पर स्कॉर्पियो और ट्रक में टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि तीन लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना महेंद्रगढ़ के सुरजनवास गांव की है। स्कॉर्पियो सवार लोग अजमेर से जालंधर जा रहे थे। बताया जा रहा है कि इसी दौरान ड्राइवर को झपकी आई और तभी गाड़ी ट्रक से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए और तीन लोगों की जान चली गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। साथ ही घायल को महेंद्रगढ़ सिविल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने मरीज की हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### बांग्लादेश सीमा के पास 20 हजार बोतल प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद

**पटना।** बिहार के सुपौल जिले में पुलिस ने बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद किया है। इस मामले में दो आरोपियों की गिरफ्तारी भी हुई है। जानकारी के अनुसार, जिले के भीमपुर थाना क्षेत्र की पुलिस को शनिवार को प्रतिबंधित कफ सिरप की आपूर्ति की सूचना मिली थी। पुलिस ने अलग-अलग टीमों को ऑपरेशन पर लगा दिया। बांग्लादेश सीमा पर करशुना गांव में उत्तर प्रदेश के नंबर वाले एक कंटेनर में छापेमारी कर पुलिस ने फेंसेडिल सिरप की 20 हजार बोतलें बरामद कीं। रविवार दोपहर मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के हत्थे चढ़े एक आरोपी का नाम राजीव विश्वास बारी है, जो कृष्णा नगर थाना क्षेत्र के ठाकुरबाड़ी इलाके का रहने वाला है। दूसरा आरोपी बापन हाल्दा भीमपुर थाना क्षेत्र के महेशपुर गांव का निवासी है। पुलिस ने दोनों को कृष्णा नगर जिला न्यायालय भेज दिया है। पुलिस इस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है। प्रतिबंधित कफ सिरप के मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश भी की जा रही है।

### भारत-बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ ने घुसपैठ करते तीन बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा

**उत्तर दिनाजपुर।** भारत-बांग्लादेश सीमा पर तैनात उत्तर बंगाल फ्रंटियर के किशनगंज सेक्टर के तहत 72 वीं बटालियन सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के बॉर्डर आउट पोस्ट (बीओपी) बोर्रा के सीमा प्रहरियों ने तीन बांग्लादेशी नागरिकों को घुसपैठ करते पकड़ा है। बीएसएफ के अनुसार पकड़े गए बांग्लादेशी नागरिकों के नाम रोबीउल (31), मोहम्मद फरीद (25) और मोहम्मद सैमुल (18) है। तीनों बांग्लादेशी नागरिकों को उस समय पकड़ा गया, जब वे अवैध रूप से भारत से बांग्लादेश सीमा पार करने की कोशिश कर रहे थे। तलाशी लेने पर बीएसएफ ने 50 बोतल प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद किया है। पकड़े गए तीनों बांग्लादेशी नागरिकों को जब्त सामान के साथ करणदिघी थाने को सौंप दिया गया है।

### गाजीपुर से वाराणसी के लिए रवाना हुआ देश का पहला हाइड्रोजन जलयान



**वाराणसी।** देश का पहला हाइड्रोजन चालित जलयान रविवार को गाजीपुर से वाराणसी के लिए रवाना हो गया। यह वाराणसी के नमो घाट पर पहुंचेगा और यहां से राल्हूपुर स्थित मल्टीमॉडल टर्मिनल जाएगा। इंडियन वाटरवेज अथॉरिटी ऑफ इंडिया (आईडब्ल्यूएआई) के स्थानीय अधिकारियों ने मल्टीमॉडल टर्मिनल का बीते शनिवार को निरीक्षण किया था। इस जलयान को काशी-प्रयागराज के बीच महाकुंभ के दौरान चलाया जाएगा। आईडब्ल्यूएआई के अफसरों के अनुसार जलयान के अंदर हिस्से में कई काम होने हैं। सजावट और लाइटिंग पर काम किया जाना है। डाइड्रोजन जलयान के ईंधन की आपूर्ति के लिए वाराणसी में गंगा किनारे डाइड्रोजन प्लांट भी बनाए जाएंगे। गंगा में चलाये जाने वाले इस जलयान में 50 लोगों के बैठने की व्यवस्था है। यह जलयान दो मंजिला है। हाइड्रोजन जलयान लगभग 28 मीटर लंबा और 5.8 मीटर चौड़ा है। जलयान का कुल वजन लगभग 20 टन है। यह जलयान गंगा में 20 से 25 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगा। इस जलयान का निर्माण कोच्चि शिपयार्ड में हुआ है।

## आज का राशिफल

**मेष:** अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**वृषभ:** महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा।

**मिथुन:** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। अच्छे समय इन्तजार करें।

**कर्क:** सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यों से लाभ। मनोबल ऊंचा रखें और काम में लगे रहें।

**सिंह:** अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**कन्या:** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनै-शनै बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है।

**तुला:** पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें। दान-पुण्य का कार्य करें। यात्रा शुभ रहेगी।

**वृश्चिक:** दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ।

**धनु:** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

**मकर:** मनोरथ सिद्ध होंगे। पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी।

**कुम्भ:** स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।

**मीन:** सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति होगी।

## रुपौली उपचुनाव में पार्टी की हार की होगी समीक्षा : मनीष वर्मा

एजेंसी

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मनीष वर्मा को जदयू के राष्ट्रीय महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी है। शनिवार को दिल्ली से पटना लौटते ही एयरपोर्ट पर कार्यकताओं ने मनीष वर्मा का जोरदार स्वागत किया। मनीष वर्मा ने कहा कि मैं अपनी शक्ति और बुद्धि का उपयोग करके प्रदेश और राष्ट्र स्तर पर पार्टी को मजबूत करूंगा। इस दौरान उन्होंने रुपौली उपचुनाव में जेडीयू की हार की समीक्षा के बाद वजह साफ होने की बात कही। उन्होंने कहा कि, राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने हम पर भरोसा करके इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी को मजबूत करने के लिए जो भी आवश्यक है, हम उसके लिए जरूरी कदम उठाएंगे।

लोकसभा चुनाव के परिणाम ने स्पष्ट कर दिया कि बिहार की जनता सुशासन और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ है। 2025 का चुनाव जदयू और एनडीए पूरी मजबूती के साथ लड़ेगा और मुझे उम्मीद है कि सभी सीटों पर हम जीत हासिल करेंगे। रुपौली विधानसभा के उपचुनाव में जदयू उम्मीदवार की हार और निर्दलीय उम्मीदवार की जीत पर उन्होंने कहा कि चुनाव में हार जीत होती रहती है। मैं शंकर सिंह को जीत की बधाई देता हूं। साथ ही अपनी पार्टी के प्रत्याशी की हार के कारणों की समीक्षा की जाएगी।




## मप्र के मंदसौर में पति से विवाद

# चार बच्चों के साथ कुएं में कूदी महिला, बच्चों की मौत

एजेंसी

**मंदसौर।** मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले में रविवार सुबह एक महिला अपने चार बच्चों के साथ कुएं में कूद गई। इस घटना में चारों बच्चों की डूबने से मौत हो गई। ग्रामीणों ने महिला को बचा लिया। लोगों से पूछताछ में यह पता चला है कि महिला का अपने पति से किसी बात को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद महिला ने अपनी दो बालिकाओं और दो बालकों के साथ कुएं में छलांग लगाई। पुलिस के अनुसार घटना गरोठ इलाके के पीपलखेड़ा गांव में रविवार सुबह करीब 6 बजे हुई। यहां पति से झगड़े के बाद महिला ने ये कदम उठाया। बच्चों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए गरोठ के शासकीय अस्पताल ले जाया गया है। गरोठ एएसपी हेमलता कुरील ने बताया कि पीपलखेड़ा गांव की सुगना बाई (40) को उसका पति रोड सिंग बंजारा प्रताड़ित करता था। शनिवार रात को भी सुगना से मारपीट की थी। पति से बचकर महिला रात में चारों बच्चों को लेकर आंगनबाड़ी केंद्र चली गई। रातभर आंगनबाड़ी में रहने के बाद महिला सुबह बच्चों के साथ खेत पर पहुंची और यहां कुएं में छलांग लगा दी। बंटी (9), अनुष्का (7), मुस्कान (4) और कार्तिक (2) की डूबने से मौत हो गई।



### डिफेंस कॉरिडोर में वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर पर 950 करोड़ खर्च कर रही योगी सरकार

**लखनऊ।** देश को रक्षा उत्पाद के मामले में आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रदेश में आकार ले रहे डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में योगी सरकार वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप कर रही है। इसके लिए सरकार की ओर साढ़े नौ सौ करोड़ रुपए खर्च किये जा रहे हैं। इसके अंतर्गत सड़क, बिजली, पानी, सीवर और सुरक्षा के उच्च कोटि के प्रबंध किये जा रहे हैं। प्रदेश में डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के 6 नोड हैं, इनमें से 5 नोड के लिए ये रकम तय की गई है। यूपीडा के अधिकारियों की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार अब तक करीब 187 करोड़ रुपए के कार्य पूरे हो गये हैं। वहीं 537 करोड़ रुपए से अधिक के कार्य चल रहे हैं। यूपीडा की ओर से कराए जा रहे इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के कार्यों में अलीगढ़, कानपुर, झांसी, लखनऊ और चित्रकूट नोड में 941.19 करोड़ रुपए खर्च होने हैं। इसमें अलीगढ़ नोड के लिए 122 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किये जा रहे हैं।

# एनइपी हजारों साल पुरानी संस्कृति व भाषाओं से भी छात्रों को जोड़ेगी : शाह

एजेंसी

**इंदौर।** मध्य प्रदेश को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में रविवार को बड़ी सौगात मिली। इंदौर में आयोजित समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रदेश के 55 प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस की शुरूआत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा, पीएम नरेंद्र मोदी ने हम सबके लिए एक लक्ष्य रखा है, वर्ष 2047 में जब देश की आजादी के 100 साल होंगे, तब तक हमारा देश हर क्षेत्र में विश्व भर में प्रथम होगा, ऐसे भारत का निर्माण करना है। ऐसा शिक्षा नीति को मजबूत किए बगैर नहीं हो सकता, इसीलिए पीएम मोदी ने वर्ष 2020 में आगामी 25 साल की जरूरत को पूरा करने वाली सभी चीजों को विजुलाइज करके नई शिक्षा नीति (एनइपी) बनाई। यह नई शिक्षा नीति आगामी 25 सालों तक भारत के विद्यार्थियों को विश्व भर के विद्यार्थियों के साथ स्पर्धा के योग्य बनाएगी और दूसरी ओर हजारों साल पुरानी हमारी संस्कृति और भाषाओं के साथ भी विद्यार्थियों को जोड़ने का काम करेगी। उन्होंने मध्य प्रदेश सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा, "पूरे देश में अगर सबसे पहले नई शिक्षा नीति कहीं जमीन पर उतरी तो वह मध्य प्रदेश है। पूरे देशभर में इंजीनियरिंग और मेडिकल साइंस का अभ्यास क्रम अगर किसी राज्य ने अपनी भाषा में अनुवादित किया तो वह मध्य प्रदेश ने किया था। इससे बहुत सारे गरीब बच्चों को मातृभाषा में उच्च शिक्षा, मेडिकल साइंस और इंजीनियरिंग का ज्ञान लेने में लाभ मिला है। आज 500 करोड़ की लागत से कॉलेज आफ एक्सीलेंस का शुभारंभ हो रहा है, यह सिर्फ नाम बदलने का कार्यक्रम नहीं है। इसके पैरामीटर, क्राइटेरिया तय किए गए हैं। यह सभी कॉलेज तय मापदंडों को पूरा करते हैं।" मुख्यमंत्री मोहन यादव और उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने भी नई शिक्षा नीति से होने वाले लाभों का जिक्र किया। राज्य के सभी जिलों में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस की शुरूआत हुई है। वर्तमान में मौजूद कॉलेजों को ही अपग्रेड कर नया दर्जा दिया गया है। साथ ही जरूरत के मुताबिक आने वाले समय में प्रोफेसर्स की पदस्थापना की जा रही है।



*पूरे देश में अगर सबसे पहले नई शिक्षा नीति कहीं जमीन पर उतरी तो वह मध्य प्रदेश है*

## एक नजर

### हमने अपना सबसे महान गेंदबाज खो दिया' : जो रूट



**नई दिल्ली।** जो रूट को उम्मीद है कि गस एटकिंसन की गेंद से यादगार शुरूआत के बाद इंग्लैंड की गेंदबाजी इकाई का भविष्य उज्वल होगा। उन्होंने संन्यास ले चुके जेम्स एंडरसन को भी 'अब तक का सबसे महान गेंदबाज' बताया। एंडरसन ने 12 जुलाई, शुक्रवार को लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। तेज गेंदबाज एंडरसन ने अपने आखिरी टेस्ट पारी में चार विकेट लेकर अपने करियर का शानदार अंत किया। उनका करियर 21 साल तक चला और 41 वर्षीय यह खिलाड़ी 704 विकेट के साथ टेस्ट क्रिकेट में तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने, जो शेन वार्न (708) और मुथैया मुरलीधरन (800) से ठीक पीछे हैं। लॉर्ड्स में उसी टेस्ट मैच में गस एटकिंसन ने पदार्पण किया और गेंद से चमकते हुए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता उन्होंने टेस्ट में 12 विकेट लिए और 106 रन दिए और एंडरसन के करियर के सर्वश्रेष्ठ आंकड़ों को पार कर लिया।

### पाकिस्तान के पूर्व ऑलराउंडर बिली इबादुल्ला का निधन

**नई दिल्ली।** टेस्ट डेब्यू पर शतक बनाने वाले पहले पाकिस्तानी पूर्व ऑलराउंडर बिली इबादुल्ला का शुक्रवार को 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने मृतक क्रिकेटर के परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। बोर्ड ने एक बयान में कहा, 'पीसीबी उनके दोस्तों और परिवार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है।' इबादुल्ला ने 1964 में कराची में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था।




# IND vs ZIM टीम इंडिया ने 4-1 से जीती टी20 सीरीज

**एजेंसी। नई दिल्ली**

शुभमन गिल के नेतृत्व में टीम इंडिया ने जिमबाब्वे के खिलाफ 5 टी20 मैचों की सीरीज में 4-1 से जीत हासिल कर ली है। भारत ने सीरीज का पहला मुकाबला 13 रन से गंवा दिया था लेकिन इसके बाद टीम इंडिया ने जोरदार वापसी की। यशस्वी जायसवाल और अभिषेक शर्मा की ताबड़तोड़ पारियां, रवि बिश्नोई की फिरकी और मुकेश कुमार की तेज गेंदबाजी के कारण भारतीय टीम ने लगातार 4 मुकाबले जीतकर सीरीज का सुखद अंत कर दिया। 5वें टी20 में भारतीय टीम ने पहले खेलते हुए पावरप्ले में 3 विकेट गंवा दिए थे लेकिन सैमसन ने 58 रन बनाकर स्कोर 167 तक पहुंचा दिया। जवाब में खेलने उतरी जिमबाब्वे की टीम 125 रन पर आऊट हो गई और मैच 42 रन से गंवा दिया। मुकेश ने 4 विकेट लिए।

**भारत 167/6 (20 ओवर)**

यशस्वी जायसवाल ने टीम इंडिया को बढ़िया शुरूआत दी। उन्होंने रजा की पहली दो गेंदों पर छक्के जड़े। जायसवाल (12), अभिषेक शर्मा (14), शुभमन गिल (13) पावरप्ले में ही आऊट हो गए। इसके बाद सैमसन और पराग ने पारी को आगे बढ़ाया। सैमसन ने रजा पर छक्का जड़ा। पराग ने ब्रेंडन मावुता पर 107 मीटर का अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला छक्का मारा। सैमसन ने 13वें ओवर में फिफ्टी पूरी की। उन्होंने 45 गेंदों पर 4 छक्कों की मदद से 58 रन बनाए। इसके बाद रियान पराग ने 24 गेंदों पर 22, शिवम दुबे ने 12 गेंदों पर 26 तो रिंकू सिंह ने 11 रन बनाकर स्कोर 167 तक पहुंचा दिया।

**जिमबाब्वे 125/10 (18.3 ओवर)**

लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिमबाब्वे को पहले ही ओवर में झटका लगा जब वेस्ले 0 पर मुकेश की गेंद पर बोल्ड होंगे। तीसरे ओवर में मुकेश ने ब्रियान को भी पवेलियन की राह दिखा दी। मारुमनि ने 27 तो डियोन मायर्स ने 32 गेंदों पर चार चौकों की मदद से 34 रन बनाकर पारी संभाली लेकिन इनके विकेट गिरते ही जिमबाब्वे की पारी लड़खड़ा गई। कप्तान सिकंदर रजा 8, जोनाथन कैम्बेल 4, क्लाइव 1 रन बनाकर आऊट हो गए। फराज अकरम (27) ने एक छोर संभालकर जोर लगाया लेकिन पुछल्ले बल्लेबाजों से सहयोग न मिलने के कारण वह टीम को जीत नहीं दिला पाए। भारत के लिए मुकेश कुमार ने कुल 4 विकेट लिए।




# 57वां बील इंटरनेशनल शतरंज : प्रज्ञानन्दा और वैशाली करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व


**एजेंसी। स्विट्जरलैंड**

बील शतरंज महोत्सव का 57वां संस्करण इस शनिवार से शुरू हो रहा है, जो दुनिया भर के शतरंज प्रेमियों को आकर्षित करेगा।

**इस बार दो राउंड रॉबिन ग्रांड मास्टर्स टूर्नामेंट होंगे:** जीएमटी-मास्टर्स और जीएमटी-चैलेंजर्स, जिनमें प्रत्येक में छह खिलाड़ी भाग लेंगे जो क्लासिकल, रैपिड और ब्लिट्ज में मुकाबला करेंगे । इस टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ी और विश्व नंबर 8, प्रग्गनानंधा देश का नेतृत्व करेंगे साथ ही 2762 रेटिंग वाले प्रज्ञानन्दा टूर्नामेंट के टॉप सीड होंगे , इस टूर्नामेंट में प्रज्ञानन्दा के अलावा - विन्सेंट केमर (जर्मनी), लियम क्वांग ले (वियतनाम), जावोखिर सिंदारोव (उजबेकिस्तान), हाइक मार्टिरोस्यान (आर्मेनिया) और अभिमन्यु मिश्रा (यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका) भाग लेंगे । वहीं प्रज्ञानन्दा की बहन और भारत की नंबर 3 महिला खिलाड़ी आर वैशाली चैलेंजर्स वर्ग में भाग लेंगी चैलेंजर्स वर्ग में जोनास ब्जेरे (डेनमार्क), अलेक्जेंडर डोंचेंको (जर्मनी), सलेम सालेह (यूएई), मार्क' एंड्रिया मौरिजी (फ्रांस) ,इहोर सामुनेन्कोव (यूक्रेन) भी भाग लेंगे ।



# 21 साल के अल्काराज ने रचा इतिहास




**एजेंसी। नई दिल्ली**

दुनियाभर की नजरें जिस मुकाबले पर थी उसे 21 साल के स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने एकतरफा बना दिया. पूर्व नंबर एक और 23 ग्रैंड स्लैम विजेता सर्बिया के नोवाक जोकोविच को डिफेंडिंस चैंपियन ने मैच में टिकने ही नहीं दिया। बिल्कुल आसानी से लगातार दो सेट जीतने के बाद टाई ब्रेकर में तीसरा सेट जीतकर स्पेन के युवा सनसनी ने धमाका कर दिया। 6-2, 6-2, 7-6 से मुकाबला अपने नाम कर चौथा ग्रैंड स्लैम हासिल किया।

### जीता विंबलडन का खिताब

शुरूआत से ही स्पेन के अल्काराज सर्बिया के नोवाक जोकोविच पर हावी नजर आए। पहले सेट में इस पूर्व नंबर एक खिलाड़ी को उन्होंने टिकने का मौका नहीं दिया और 6-2 से इसे अपने नाम किया। दूसरे सेट में भी नजारा ऐसा ही था। इसे भी अल्काराज ने 6-2 से अपने नाम किया। तीसरे सेट में नोवाक ने वापसी संघर्ष किया और इसे टाई ब्रेकर तक ले जाने में कामयाब हुए लेकिन यह काफी नहीं था। 7-6 अल्काराज ने आखिरी सेट अपने नाम कर खिताब पर कब्जा जमाया।

सर्बिया के नोवाक जोकोविच के 24वें ग्रैंड स्लैम जीतने का सपना स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने तोड़ दिया। चोट के बाद वापसी कर रहे इस धुरंधर खिलाड़ी को 21 साल के युवा ने टिकने का मौका ही नहीं दिया। मैच का नतीजा देखने के बाद सबकुछ साफ हो जाता है। 21 साल के अल्कारेज अपने सारे फाइनल को जीतने का रिकॉर्ड बरकरार रखते हुए एक और ग्रैंड स्लैम अपने नाम किया।

# इंग्लैंड बनाम स्पेन यूरो 2024 फाइनल मैच आज

**एजेंसी। बर्लिन**

इंग्लैंड और स्पेन 2024 यूरो के फाइनल में ओलंपियास्टेडियन बर्लिन स्टेडियम में यूरोपीय गौरव की लड़ाई में आमने-सामने होंगे। स्पेन इस प्रतिष्ठित खिताब (जर्मनी) का संयुक्त रिकॉर्ड विजेता है, जिसके नाम तीन खिताब हैं। ला रोजा को विश्व फुटबॉल में शीर्ष पर रहने की आदत है, लेकिन पिछले दशक में देश को प्रमुख टूनामेंटों में अपनी छाप छोड़ने के लिए संघर्ष करते देखा गया है। टीम ने टूनामेंट का 2012 संस्करण (4-0 बनाम इटली) जीता, लेकिन 2016 यूरो के 16वें राउंड और 2020 यूरो के सेमीफाइनल में उसी टीम के खिलाफ हार गई।



**समय : देर रात भारतीय समयानुसार 12:30 बजे**
**प्रसारण : सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क**

# सुपर यूनाइटेड रैपिड शतरंज : करूआना रहे शीर्ष पर

जागरेब , क्रोसिया ( निकलेश जैन ) सुपर यूनाइटेड रैपिड शतरंज टूनामेंट के तीनों दिन के खेल के बाद यूएसए के विश्व नंबर 3, फबियानों करूआना, ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन को बरकरार रखते हुए कुल 15 अंकों के साथ पहला स्थान हासिल किया। इससे पहले रोमानिया क्लासिक का खिताब अपने नाम करने वाले करूआना इस समय जोरदार लय में नजर आ रहे हैं।तीसरे दिन करूआना ने अपने तीनों मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए किसी को कोई मौका नहीं दिया और रैपिड में पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने दिन की शुरूआत भारत के डी गुकेश को मात देकर की और उसके बाद नीदरलैंड के अनीश गिरि और फ्रांस के मकसीम लागरेव को पराजित किया। अब देखना यह होगा कि क्या ब्लिट्ज शतरंज में भी वह अपना यह प्रदर्शन बरकरार रखते हुए एक और खिताब अपने नाम करेंगे। भारत के डी गुकेश ने रैपिड में 9 अंक बनाकर सातवां और विदित ने 4 अंक बनाकर नौवां स्थान प्राप्त किया। इस शानदार प्रदर्शन के बाद, फबियानों करूआना अब ब्लिट्ज शतरंज में भी अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे। उनके शानदार प्रदर्शन को देखते हुए यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या वह एक और खिताब अपने नाम करेंगे।




## 11 काउंट डाउन पेरिस ओलंपिक

### 26 जुलाई से 11 अगस्त तक



### ओलंपिक के पांच रंगीन रिंग का मतलब

रंगीन ओलंपिक रिंग आधुनिक ओलंपिक के पिता कहे जाने वाले पियरे डी कुबर्टिन की मूल दृष्टि का प्रतीक हैं। ओलंपिक के झंडे में कुल छह रंग हैं। सफेद पृष्ठभूमि पर नीला, पीला, काला, हरा और लाल रंग के पांच रिंग हैं। यह ओलंपिकवाद की सार्वभौमिकता का प्रतीक है। ओलंपिक रिंग दुनिया के 5 बड़े महाद्वीपों का प्रतीक हैं। ये पांच महाद्वीप हैं... अफ्रीका, उत्तर और दक्षिण अमेरिका, एशिया, यूरोप और ऑस्ट्रेलियाई महाद्वीप के आसपास आने वाले सभी देशों को एक ही महाद्वीप के रूप में गिना गया है।

### नीरज चोपड़ा-किशोर जेना जैवलिन में भारत को दिला सकते हैं पदक



**नई दिल्ली।** किसने सोचा था कि ओलंपिक में भारत जैवलिन थ्रो में एक मजबूत दावेदार होगा। यह एक ऐसा खेल है, जहां भारत कई वर्षों तक संघर्ष करता आया है। लेकिन पहले जूनियर मंच और फिर भारत के लिए ऐतिहासिक टोक्यो ओलंपिक में नीरज चोपड़ा के रूप में भारत को पदक का एक मजबूत दावेदार मिला। यहां से देश भर में जैवलिन की एक ऐसी लहर पैदा हुई कि चंद वर्षों में ही भारत जैवलिन का पावरहाउस बन गया। जैवलिन में ऐसा दबदबा कभी जर्मनी और चेक गणराज्य का हुआ करता था। 'गोल्डन ब्वाय' नीरज चोपड़ा की स्वर्णिम सफलता ने तो अनगिनत भारतीय थ्रोअर्स को प्रेरित किया है, जिसका सबसे बड़ा उदाहरण किशोर जेना हैं। इस एथलीट ने बेशक नीरज चोपड़ा जितनी सुर्खियां नहीं बटोरी लेकिन कौशल में किशोर जेना भी नीरज से किसी भी पैमाने पर कम नहीं हैं।

### इस ओलंपिक में रिफ्यूजी टीम भी

इस ओलंपिक में 196 ओलंपिक समितियों में ओलंपिक रिफ्यूजी टीम भी एक अलग टीम होगी। इस टीम के अंतर्गत वो एथलीट आते हैं जिन्हें उनके देश से कोई सहायता नहीं मिल रही हो जैसे अफगानिस्तान में तालिबान सरकार ने हाल ही में 3 महिला एथलीटों को मान्यता देने से इनकार कर दिया। ऐसे में संभव है कि ये 3 एथलीट ओलंपिक रिफ्यूजी टीम का प्रतिनिधित्व करें।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# भारत में 2030 तक रिटेल डिजिटल पेमेंट दोगुना होकर 7,000 अरब डॉलर होगा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

डिजिटल भुगतान तेजी से बढ़ रहा है, ऐसे में भारत में खुदरा डिजिटल भुगतान 2030 तक मौजूदा स्तर से दोगुना होकर 7,000 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। कीर्ने और अमेजन पे ने अपने एक अध्ययन में यह बात कही है।

रिपोर्ट शहरी भारतीय कैसे भुगतान करते हैं में कीर्ने और अमेजन पे ने कहा कि ऑनलाइन खरीद में डिजिटल भुगतान को मजबूती से अपनाने से उपभोक्ता व्यवहार में स्थायी बदलाव आने की संभावना है, जिससे ऑफलाइन खरीद को भी बढ़ावा मिलेगा।

सर्वेक्षण में शामिल 90 प्रतिशत लोगों ने ऑनलाइन खरीदारी करते समय डिजिटल भुगतान को प्राथमिकता दी, लेकिन सबसे अधिक डिजिटल भुगतान उपयोग (डीडीपीयू) के साथ संपन्न उपभोक्ता आगे रहे। ऐसे उपभोक्ता अपने 80 प्रतिशत लेन-देन के लिए डिजिटल भुगतान के विभिन्न तरीकों का उपयोग करते हैं। रिपोर्ट में कहा गया, युवा पीढ़ी सभी प्रकार के डिजिटल भुगतान साधनों को अपनाने में अग्रणी हैं। पुरुष और महिलाएं, दोनों ही अपने लगभग 72 प्रतिशत लेन-देन में डिजिटल भुगतान का उपयोग करते हैं, जो लैंगिक समानता को दशार्ता है। शोध 120 शहरों में ऑफलाइन और ऑनलाइन तरीके से 6,000 से अधिक उपभोक्ताओं और 1,000 से अधिक व्यापारियों के बीच किए गए ऑनलाइन सर्वेक्षण पर आधारित है। इसमें विभिन्न क्षेत्रों, आय समूहों, शहर श्रेणियों, आयु वर्गों का प्रतिनिधित्व है। भारत में ई-कॉमर्स क्षेत्र में उछाल देखा गया है, जिसका बाजार मूल्य 2022 में 75 अरब डॉलर से 80 अरब डॉलर के बीच है। इसके 2030 तक सालाना 21 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है।




# केंद्र ने थोक पैकिंग वाली वस्तुओं पर अनिवार्य लेबलिंग का रखा प्रस्ताव

Ministry of Consumer Affairs, Food & Public Distribution
Government of India
सत्यमेव जयते

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने रविवार को विधिक माप विज्ञान (पैकेज्ड कमोडिटीज) नियम, 2011 में संशोधन का प्रस्ताव रखा है। इसके तहत खुदरा बाजार में बेची जाने वाली 25 किलोग्राम से अधिक वजन या 25 लीटर से अधिक माप वाली पैक की गई वस्तुओं पर महत्वपूर्ण जानकारी की घोषणा को अनिवार्य करने का प्रस्ताव है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि इस प्रस्?ताव पर 29 जुलाई तक सार्वजनिक टिप्पणियां आमंत्रित की गई हैं। केंद्र सरकार पैकेज्ड वस्तुओं के लिए एकरुपता स्थापित करने के उद्देश्य से विधिक माप विज्ञान (पैक की हुई वस्तुएं) नियम, 2011 में संशोधन करने पर विचार कर रही है। सरकार के इस कदम का उद्देश्य उस खामी को दूर करना है, जिसके तहत वर्तमान में ऐसी थोक पैकिंग पर अधिकतम खुदरा मूल्य, समाप्ति तारीख, निमार्ता की जानकारी और मूल देश जैसी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदर्शित करने से छूट दी जाती है। मंत्रालय ने कहा कि प्रस्तावित संशोधन के तहत निमार्ताओं, पैकर्स और आयातकों को खुदरा बिक्री के लिए सभी पूर्व-पैकेज्ड सामानों पर व्यापक लेबलिंग करना जरूरी होगा, चाहे उनकी मात्रा कितनी भी हो। संशोधित प्रावधान द्वारा ये नियम औद्योगिक उपभोक्ताओं या संस्थागत उपभोक्ताओं के लिए पैक की गई वस्तुओं को छोड़कर खुदरा में बेची जाने वाली सभी पैक की गई वस्तुओं पर लागू होंगे।

# पहली छमाही में चीन में विदेशी निवेश वाले नव स्थापित उद्यमों की संख्या बढ़ी



**बीजिंग।** चीन के वाणिज्य मंत्रालय से मिली खबर के अनुसार, इस वर्ष की पहली छमाही में चीन में 26,870 विदेशी-निवेशित नये उद्यम स्थापित हुए, जो गत वर्ष के इसी अवधि की तुलना में 14.2 प्रतिशत की वृद्धि है। उद्योग के दृष्टिकोण से देखा जाए, तो विनिर्माण उद्योग में विदेशी निवेश का वास्तविक उपयोग 141.86 अरब युआन है, जो देश के विदेशी निवेश के वास्तविक उपयोग का 28.4 प्रतिशत है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि से 2.4 प्रतिशत की वृद्धि है।उच्च तकनीक विनिर्माण उद्योग में विदेशी निवेश का वास्तविक उपयोग 63.75 अरब युआन है, जो देश के विदेशी निवेश के वास्तविक उपयोग का 12.8 प्रतिशत है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि से 2.4 प्रतिशत की वृद्धि है।चिकित्सा उपकरण और उपकरण निर्माण उद्योग और पेशेवर तकनीकी सेवा उद्योग में विदेशी पूंजी का वास्तविक उपयोग क्रमशः 87.5 प्रतिशत और 43.4 प्रतिशत बढ़ गया। उत्पत्ति के संदर्भ में, जर्मनी और सिंगापुर से चीन में वास्तविक निवेश में क्रमशः 18.1 प्रतिशत और 10.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

# मुरादाबाद-देहरादून के बीच पहली फ्लाइट के लिए आज से शुरू होगी टिकटों की बुकिंग

**नई दिल्ली। मुरादाबाद**

उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद हवाई अड्डे से देहरादून तक 17 जुलाई को होने वाली पहली उड़ान के लिए सोमवार से टिकट बुकिंग शुरू होगी। 19 सीटर बी-1900डी विमान शाम 4 बजकर 20 मिनट पर मुरादाबाद से उड़ान भरेगा और 1 घंटा 10 मिनट का सफर तय कर शाम 5 बजकर 30 मिनट पर देहरादून पहुंचेगा। बुधवार को देहरादून के लिए हवाई यात्रा शुरू होने के बाद यह विमान देहरादून से प्रतिदिन दोपहर 2 बजकर 30 मिनट पर उड़ान भरेगा और दोपहर 3 बजकर 55 मिनट पर मुरादाबाद पहुंचेगा। डीजीसीए, एएआई और कंपनी की बैठक के बाद उड़ान का शेड्यूल जारी किया गया है।







एक दशक के लंबे इंतजार के बाद 17 जुलाई को मुरादाबाद से हवाई सेवा शुरू हो जाएगी। विगत 10 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुरादाबाद हवाई अड्डे के साथ प्रदेश के पांच एयरपोर्ट का वर्चुअल शुभारंभ किया था। इसमें मुरादाबाद के अलावा आजमगढ़, अलीगढ़, चित्रकूट और श्रावस्ती हवाई अड्डे थे। मुरादाबाद को छोड़कर अन्य जगहों से उड़ान शुरू हो चुकी है लेकिन मुरादाबाद में फ्यूल स्टेशन के कारण पेंच अटक गया था। बुधवार को मुरादाबाद एयरपोर्ट से पहली उड़ान देहरादून के लिए होगी। एचपीसीएल कंपनी को पेट्रोलियम एक्सप्लोसिव एंड सेफ्टी ऑर्गेनाइजेशन से अनुमति मिलने के बाद फ्यूल का टैंकर हवाई अड्डे पर खड़ा कर दिया गया है। देहरादून से विमान में फ्यूल भरकर भेजा जाएगा। जरूरत पड़ने पर यहां खड़े टैंकर से आपूर्ति की जाएगी। इस बीच फ्यूल स्टेशन का निर्माण भी चलता रहेगा।

फ्लाई बिग कंपनी ने अपनी वेबसाइट को अपडेट कर लिया है। सोमवार से टिकट की बुकिंग भी शुरू हो जाएगी। आनलाइन के अलावा यात्री हवाई अड्डे पर जाकर भी बुकिंग कर सकेंगे। सोमवार को किराया सूची भी जारी हो जाएगी। 17 जुलाई को हवाई अड्डे पर फ्लाइट के उद्घाटन के समय एक कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी है। इसके लिए सोमवार को एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) और जिला प्रशासन के बीच बैठक होगी।

## एक नजर

### हैदरनगर के हाजियों का एयरपोर्ट पर हुआ जबरदस्त स्वागत

**हैदरनगर।** शनिवार की रात मक्का मदीना से वापस बिहार के गया एयरपोर्ट पर लौटे हाजियों का रात आठ बजे स्वागत किया गया। हाजियों को लेकर हवाई जहाज गया एयरपोर्ट पर लैंड करने की सूचना पर हैदरनगर के भाई बिगहा निवासी हाजी शकील खान, अहलिया हलीमा प्रवीण शामिल हैं। देर रात सभी हाजी गया से सीधा अपने घर हैदरनगर सकुशल पहुंच गए हैं। गया एयरपोर्ट पर इनके स्वागत में समाजसेवी के अलावा कई लोग पहुंचे थे।

### विरोध प्रदर्शन के कारण बंद रही सभी सरार्फा दुकानें

**हुसैनाबाद।** राज्य में स्वर्णकारों की सुरक्षा को लेकर दिया गया आश्वासन पूरा न होने और कोई कार्रवाई न होने पर स्वर्णकार संघ ने विरोध प्रदर्शन का निर्णय लिया है। रविवार को हुसैनाबाद व हैदरनगर की सभी स्वर्णकार और सरार्फा व्यवसायी अपनी दुकानों को बंद रखा। इस संबंध में हुसैनाबाद संघ के सदस्य उदय सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि 14 जुलाई को सभी सराफा दुकानें बंद रही। यह बंदी पलामू प्रशासन के वादों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के रूप में की गई है।यहां के सभी सरार्फा व्यवसायी मेदिनीनगर में भी विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए।

### बुजुर्ग का पेड़ से लटका मिला शव

**लातेहार।** बारेसांढ़ थाना क्षेत्र के मंगरा गांव में 63 वर्षीय बुजुर्ग सुखु बृजिया नें फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पत्नी किसनी देवी ने बताया कि शनिवार की रात में खाना खाकर सोए थे। रात के करीब दो बजे शौच जाने की बात कहकर बाहर निकले थे। सुबह ग्रामीणों ने देखा कि उसके पति का शव महुआ के पेड़ पर लटका है। ग्रामीणों ने शव को उतारा और अंतिम संस्कार तैयारी करने लगे। इसी दौरान सूचना पाकर थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

### स्कूल में बच्चों की उपस्थिति बनाए रखना जरुरी : पूनम

**लातेहार।** समाहरणालय सभागार में स्कूल रूआर-2023 ( बैक टू स्कूल कैंपन) का जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद पूनम देवी, आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पूनम देवी ने कहा कि बच्चों को स्कूल में वापस लाने और उनकी नियमित उपस्थिति बनाये रखना अति आवश्यक है। इसके लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है।

# बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की बदौलत ही होता है चुनाव में जीत-हार का फैसला : सीपी सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू।** जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के टाउन हॉल में रविवार को भाजपा के अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा में मुख्य अतिथि और रांची के विधायक सीपी सिंह ने कहा कि बूथ कमेटी के सदस्यों की भारतीय जनता पार्टी में अहम भूमिका रहती है। भाजपा के सभी बूथ स्तर के कार्यकर्ता सिर्फ चुनाव के दिन ही नहीं, बल्कि साल के 365 दिन आम लोगों के बीच काम करते हैं। आम जनता की समस्याओं से सालों भर रूबरू होते हैं एवं तत्परता से उसका निदान करते हैं। चुनाव में जीत हार का फैसला बूथ स्तर के कार्यकताओं की बदौलत ही होता है। उन्होंने कार्यकताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि इस बार झारखंड में पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनानी है। प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि क्षेत्र से भाजपा कार्यकताओं की कड़ी मेहनत के बदौलत ही भाजपा उम्मीदवार ने लोकसभा चुनाव में डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र से तकरीबन 86,000 मतों से राजद प्रत्याशी से बढ़त बनाई थी। जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं की विचारधारा पर आधारित है। कार्यकर्ता ही पार्टी की पूंजी है। इस पार्टी में बूथ स्तर के कार्यकर्ता सबसे अहम हैं। यही कारण है कि भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। सांसद पलामू विष्णु दयाल राम ने क्षेत्र के कार्यकताओं का इस भीषण गर्मी में लोकसभा चुनाव में बूथ पर डटकर कार्य करने और इतने भारी बहुमत से जीत दिलाने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार में इस क्षेत्र की जनता का कल्याण नहीं हो सकता। यह सरकार जन एवं विकास विरोधी नीतियों के साथ भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों का संरक्षण और संसाधनों के दोहन में लगी हुई है। विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर विधानसभा चुनाव में जीत का लक्ष्य संकल्प के साथ रखना है ताकि आने वाले समय में भ्रष्टाचार में डूबी हेमंत सोरेन सरकार को उखाड़ फेंकेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अमित तिवारी एवं संचालन नगर मंडल अध्यक्ष अविनाश सिन्हा छोटू ने किया। इससे पहले कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करने के बाद दीप प्रज्जवलित कर की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्याम नारायण दुबे, विपिन बिहारी सिंह, प्रेम सिंह, परशुराम ओझा, नरेंद्र पांडे, विभाकार नारायण पांडे, विनोद सिंह, दुर्गा जौहरी, अजय तिवारी, उदय शुक्ला, अरुणा शंकर, मंगल सिंह, प्रभात कुमार भुईयां एवं काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### अबुआ आवास पर आवाज उठाने को एससी-एसटी केस में फंसाने की दी धमकी

**हैदरनगर।** हैदरनगर प्रखंड कार्यालय में कार्यरत प्रखंड कोडीर्नेटर चंद्रशेखर के मनमाने रवैया से तंग आकर मुखिया संघ के सदस्यों ने मुखिया संतोष कुमार सिंह के आवासीय परिसर में बैठक की। इसकी अध्यक्षता मुखिया संघ के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने की। बैठक में प्रखंड के सभी पंचायतों के मुखिया ने कहा कि प्रखंड कोडीर्नेटर (आवास) लगातार मनमानी रवैया अपना कर अबुआ आवास की प्रतीक्षा सूची में छेड़छाड़ कर गलत लाभुकों से मोटी रकम लेकर उन्हें आवास आवंटित कर रहे हैं। जबकि वास्तविक लाभुको को आवास का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

## न्यूज बॉक्स

### 16 को होगी फसलों के प्रत्यक्षण व कलस्टर चयन पर चर्चा

**हैदरनगर।** जिला कृषि पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में प्रगतिशील किसानों के हित में 16 जुलाई को दोपहर 12 बजे से प्रखंड सभागार हैदरनगर में आवश्यक बैठक आहूत की गई है। इस संबंध में बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने लिखित सूचना जारी कर बताया है कि खरीफ वर्ष 2024-25 में राज्य योजनान्तर्गत बिरसा बीज उत्पादन, विनिमय, वितरण एवं फसल विस्तार योजना के तहत बिरसा फसल बिस्तार योजनान्तर्गत मक्का, मूंगफली फसल का प्रत्यक्षण कार्य को बढ़ाने की दिशा में चर्चा होगी। जिसमें इन फसलों के प्रत्यक्षण के लिए कलस्टर का चयन भी किया जाना है। इस बैठक में जिला परिषद सदस्य, प्रमुख/ उप प्रमुख, सांसद और विधायक प्रतिनिधि, अध्यक्ष/ उपाध्यक्ष 20 सुत्री कार्यक्रम समिति, सभी मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी, सभी जनसेवक और कृषि मित्र, सहायक तकनिकी प्रबंधक, प्रगतिशील किसानों को ससमय उपस्थिति सुनिश्चित करने की उन्होंने अपील की है।

### नागपुर के लिए निकला एमबीबीएस का छात्र अनूप कुमार यादव लापता

**हुसैनाबाद।** झारखंड के पलामू जिला अंतर्गत हुसैनाबाद थाना के राम बिगहा निवासी राजेश यादव के 21 वर्षीय पुत्र अनूप कुमार यादव दिनांक 10 जुलाई 2024 को घर से नागपुर के लिए निकला था। कटनी रेलवे स्टेशन से उन्होंने अपने घर बात की थी। उन्होंने कहा था की नागपुर पहुंच कर बात करेंगे। परंतु आज तक वह नागपुर अपने डेरा या कॉलेज में नहीं पहुंचा। उसका मोबाइल फोन भी बंद है। अनूप कुमार यादव की माता राधिका देवी ने रविवार को हुसैनाबाद थाना में सनहा दर्ज करायीं है इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रामाशंकर पटेल ने बताया कि इस मामले में सनहा दर्ज कर ली गई हैं। साथ ही वितंतु संवाद के माध्यम से सभी थाना क्षेत्र को सूचना दे दी गई है। साथ ही उसकी मां ने बताया कि किसी को अनूप कुमार यादव से संबंधित जानकारी मिलती है तो वह कृपया मोबाइल नंबर-9347260562 पर या हुसैनाबाद थाना को जानकारी दे सकते हैं।



### राष्ट्रीय लोक अदालत में बना रिकॉर्ड, 37178 मामलों का हुआ निपटारा, फैमिली कोर्ट में एक मामला सलटा

**पलामू।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस बार आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में एक बार फिर से रिकॉर्ड बना। इसे लेकर गठित 13 बेंच में निर्धारित लक्ष्य से अधिक रिकॉर्ड 37178 मामलों का निपटारा किया गया। इस बार लोक अदालत में एस सिटी व फैमिली कोर्ट केस के ज्यादा से ज्यादा निपटारे पर जोर था। फैमिली कोर्ट के एक मामले में दोनों पक्षों के बीच सहमति बनी और दोनों ने साथ रहने का फैसला किया। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 450221015 रुपए के मामले के केस का निपटारा किया गया। इसमें बैंक ने 195 वसूली मामले में 20862050 रुपए की वसूली की। विभिन्न बेंचों में जीआर/कंपनी केस के 734, आबकारी अधिनियम मामले के 14, एनआई एक्ट के 49, बिजली विभाग के 206, वन अधिनियम के 2, एमएसीटी के 28 मामलों का निपटारा किया गया। वहीं सिविल के 57, रेलवे के 621 व अन्य 34263 समेत कुल 37178 मामलों का निपटारा किया गया।

### घर में हुई चोरी, लाखों रुपए के जेवरात ले उड़े चोर

**मेदिनीनगर।** चोरी की घटनाओं में लगातार होते इजाफा पर मेदिनीनगर वासीयों में खासा आक्रोश है। राष्ट्रीय उच्च पथ पर स्थित रांची रोड रेड़मा में घनी आबादी के बीच स्थानीय प्रतिष्ठित परिवार के घरों को निशाना बनाए जाने पर पुलिस प्रशासन की विधि व्यवस्था पर लोगों ने सवाल उठाया है। जब बीती रात सड़क किनारे स्थित राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी के बड़े भाई सह प्रतिष्ठित ठेकेदार प्रदीप तिवारी के घर में चोरों ने लाखों के गहने पर हाथ साफ किया है। दोमंजिला मकान पर चढ़कर खिड़की में लगे लोहे का ग्रील खोलकर अज्ञात चोरों ने अलमारी तोड़कर घटना को अंजाम दिया है । हालांकि मौके पर पुलिस पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। लेकिन जांच में शिकार परिवार और स्थानीय युवकों की मदद से छानबीन किए जाने पर अब तक सुराग मिल रहे हैं, जिसपर स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। जांच में प्रथम दृष्टया स्थानीय चोर का शामिल होने का संदेह जताया जा रहा है।

# हुसैनाबाद में आचार्य सिद्धेश्वर फाउंडेशन ने 87 टॉपर्स छात्रों को किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** आचार्य सिद्धेश्वर फाउंडेशन बुधुआ जपला द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह 2024 आयोजित की गई है। यह समारोह सोमवार को स्थानीय छत्तरपुर रोड स्थित उदयनाथ विश्वकर्मा कम्प्लेक्स के सभागार में आयोजित की गई। समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता फाउंडेशन के अध्यक्ष अंगद किशोर व संचालन कोषाध्यक्ष श्रवण कुमार अग्रवाल ने किया। अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती व आचार्य सिद्धेश्वर पाठक के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इसमें क्षेत्र के विभिन्न विद्यालय के 87 टॉपर्स विद्यार्थियों को बैग पैक व प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया। सम्मानित कर सभी विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया गया। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। अधिवक्ता चन्द्रेश्वर प्रसाद ने छात्र- छात्राओं को जीवन मे और बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। कहा कि शिक्षा आपके समेकित विकास के लिए आवश्यक है। फाउंडेशन द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह से विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में बहुत कुछ सीखने व आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करेगा। पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि प्रतिभा का सम्मान से जीवन में बदलाव आता है। यह एक सराहनीय पहल है। शिक्षा हमें समृद्ध करती है। समाज में उच्चतर स्थान व सम्मान प्राप्त करने का मार्ग प्रदान करती है। उन्होंने विद्यार्थियों को हर सम्भव मदद का भरोषा दिया। उनका उत्साहवर्धन किया। फाउंडेशन के सचिव आलोक कुमार ने बताया कि प्रतिभा सम्मान समारोह में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालय के 87 प्रतिभावान विद्यार्थियों को बैग पैक व प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनका उत्साह वर्धन किया गया। अध्यक्ष अंगद किशोर ने बताया कि आचार्य सिद्धेश्वर फाउंडेशन वर्ष 2012 से लगातार शिक्षा, चिकित्सा व अन्य क्षेत्र में सेवा देती आ रही है। जो आगे भी जारी रहेगा। साथ ही उन्होंने आचार्य सिद्धेश्वर पाठक के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्हें दान, पुण्य व तपस्या का त्रेविनी बताया। सेवानिवृत शिक्षक राजेन्द्र सिंह, भाजपा नेता अजय प्रसाद गुप्ता, अजाप्टा सचिव निर्मल कुमार, अध्यक्ष अंगद किशोर, सचिव आलोक कुमार, कोषाध्यक्ष श्रवण अग्रवाल, डॉ.शिवकुमार विश्वकर्मा, उदयनाथ विश्वकर्मा, सतेंद्र शर्मा, सुनील कुमार, प्रमोद मेहता आदि मौजूद थे।



### हुसैनाबाद में ये टॉपर्स हुए सम्मानित

गौतम कुमार, नितेश कुमार, रिशु कुमार, अदनान हसन, अमृता कुमारी, तेजल कुमारी, स्वीटी कुमारी, सौरभ चन्द्रवंशी, साक्षी कुमारी, रेशमी कुमारी, सत्यम कुमार, रितेश प्रजापति, मनीष कुमार, पूजा कुमारी, अंजली सिंह, सोनी कुमारी, दीपिका कुमारी, प्रियांशु कुमार, पीयूष कुमार, भोला कुमार, रौशन कुमार, ब्यूटी कुमारी, प्रिंस कुमार रंजन, पवन कुमार, नितेश प्रजापति, सुप्रिया कुमारी, मुस्कान कुमारी, अवंतिका कुमारी, संध्या कुमारी, खुशबू कुमारी, प्रेमशीला कुमारी, वसुंधरा सिंह, रौनक कुमार, राहुल वर्मा, नम्रता शर्मा, अर्चना कुमारी, सुमित राणा, आशुतोष मिश्र, प्रणय शेखर, आशुतोष शर्मा, निशा रानी, वैभव कुमार, रुद्रप्रताप सिंह आदि टॉपर्स को सम्मानित किया गया।

## पेज एक का शेष

### हेमंत सोरेन ने पत्नी...

साथ में विधायक पत्नी कल्पना सोरेन भी थीं। पत्नी संग माता विंध्यवासिनी की विधिवत पूजा अर्चना की। मीडिया से बातचीत में सोरेन ने कहा कि यहां वो मां का आशीष लेने आए थे। उन्होंने कहा, सरकार के साथ आगे बढ़ने के लिए मां से आशीर्वाद मांगने आया हूं। 6 महीने जेल में रहा। न्याय प्रक्रिया के तहत बाहर आया। मां के आशीर्वाद से ही बल मिलता है। जो हमारा संकल्प है उसे जारी रखेंगे। देश की जनता का निर्णय है। हम लोग देश के जरूरतमंद लोगों के लिए समर्पित रहते हैं। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें विश्वास है कि जनता उनके साथ है। बोले, लोग अपनी-अपनी बातें रखते हैं। देश की जनता को जो समझ आता है। उसके अनुरूप हमें परिणाम भी मिलते हैं। हमें लगता है कि जनता का आशीर्वाद हमारी बड़ी ताकत है। झारखंड की कमान संभालने के बाद हेमंत सोरेन कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल समेत कई नेताओं से मुलाकात कर चुके हैं। हेमंत सोरेन को जमानत मिलने के फैसले का विपक्षी नेताओं ने स्वागत किया था।

### डोनाल्ड ट्रंप पर जानलेवा हमला...

राष्ट्रपति जो बाइडेन ने राष्ट्र के नाम अपने संदेश में कहा कि उन्होंने ट्रंप से बात करने की कोशिश की पहली बार बाइडेन ने सार्वजनिक रूप से ट्रंप को डोनाल्ड कहकर संबोधित किया। उन्होंने कहा, मैं जल्द ही उनसे बात करने की कोशिश करूंगा। उन्होंने आगे कहा, अमेरिका में इस तरह की हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। यह बहुत ही घिनौना है। रैली बिना किसी समस्या के शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित की जानी चाहिए थी। बाइडेन ने इस पर कुछ नहीं कहा कि क्या यह हत्या का प्रयास था। उन्होंने कहा कि वे पूरी जानकारी आने तक इंतजार करेंगे। सीक्रेट सर्विस के संचार प्रमुख एंथनी गुग्लिल्मी ने एक बयान में कहा, पूर्व राष्ट्रपति सुरक्षित हैं।

### एक्स पर पीएम मोदी...

और समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव के 19.9 मिलियन फॉलोअर्स हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के 7.4 मिलियन, राजद के लालू प्रसाद यादव के 6.3 मिलियन, तेजस्वी यादव के 5.2 मिलियन और राकांपा प्रमुख शरद पवार के 2.9 मिलियन फॉलोअर्स हैं। मोदी की फॉलोइंग की खास बात ये है कि ये कई देशों की पूरी आबादी से भी ज्यादा है। उदाहरण के तौर पर, उनके फॉलोअर्स कनाडा की आबादी से 2.5 गुना, ब्रिटेन की आबादी से 1.4 गुना, जर्मनी की आबादी से 1.2 गुना, इटली की आबादी से 2.5 गुना, ऑस्ट्रेलिया की आबादी से 3.7 गुना और न्यूजीलैंड की आबादी से 18 गुना ज्यादा हैं। सोशल मीडिया पर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के 38.1 मिलियन, दुबई के शेख मोहम्मद के 11.2 मिलियन फॉलोअर्स हैं। पोप फ्रांसिस 18.5, जियोर्जिया मेलोनी 2.4, जस्टिन ट्रूडो 6.5 मिलियन के साथ मोदी से काफी पीछे हैं। सोशल मीडिया पर पीएम मोदी की अपार लोकप्रियता ने विश्व नेताओं का ध्यान भी आकर्षित किया है। उनके फॉलोअर्स की संख्या कई प्रमुख एथलीटों और खेल हस्तियों से ज्यादा है। विराट कोहली के 64.1 मिलियन, ब्राजीलियन फुटबॉलर नेमार जूनियर 63.6 मिलियन, अमेरिकी बास्केटबॉल खिलाड़ी लेब्रोन जेम्स 52.9 मिलियन के साथ मोदी से पीछे हैं। इतना ही नहीं, पीएम मोदी ने टेलर स्विफ्ट (95.3 मिलियन फॉलोअर्स), लेडी गागा (83.1 मिलियन) और किम कार्दशियन (75.2 मिलियन) जैसी मशहूर हस्तियों को भी पीछे छोड़ दिया है। पिछले तीन वर्षों में, एक्स पर पीएम मोदी के 30 मिलियन यूजर्स का विस्तार हुआ है। यूट्यूब पर भी उनके लगभग 25 मिलियन सब्सक्राइबर्स हैं, और इंस्टाग्राम पर भी फॉलोअर्स 91 मिलियन से अधिक हैं। पीएम मोदी 2009 में एक्स पर आए थे और उन्होंने इस प्लेटफार्म को लोगों के साथ जुड़ने के लिए सार्थक तौर पर इस्तेमाल किया है।

# हुसैनाबाद में छह मुहर्रम को निकाला गया ताबूत के साथ जुलूस

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** झाझा गोदाम स्थित जाकिर अली हुसैन के घर से कर्बला वालों की याद में छह मुहर्रम को जुलूस निकाला गया। जो हुसैनाबाद के मधुशाला रोड से होते हुए सदर इमामबारगाह तक पहुंचा।जहां जुलूस के बाद एक तकरीर सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मौलाना डॉ. सैयद जहीर हैदर नकवी, पंजाब ने अपने संबोधन में इमाम हुसैन और उनके परिवार वालों की शहादत को याद किया। उन्होंने कहा कि आज हम इमाम का गम मनाने के लिए यहां जमा हुए हैं। यह गम 1400 सालों से मनाया जा रहा है। कर्बला में जालिमों ने जुल्म की हद कर दी थी। वहां हर तरफ सिर्फ और सिर्फ यातनाएं थी। मालूम हो कि मुहर्रम की पहली तारीख से लेकर 10 तारीख तक सदर इमामबारगाह में हर दिन मजलिस का आयोजन किया जाता है। आज विशेष प्रकार से हजरत इमाम हुसैन( अ स.)की बहन बीबी जैनब (सअ) के बच्चों का गम मनाया जाता है । उनकी याद में ताबूत भी निकाले गए। जुलूस में आलम, ताबूत और जुलजनाह के साथ लोग मौजूद थे। जुलूस में अकीदतमंदो ने अपनी छातियों को पीट कर मातम कर रहे थे।जुलूस का नेतृत्व मुतवली सैयद हसनैन जैदी ने किया। नोहा खानी सैयद मिसम रिजवी, मुन्ना मिर्जा, राजू हुसैन, शब्बर हुसैन, नक्की रिजवी, हसन अली आदि ने किया। मुख्य रूप से मुख्य रूप से सैयद तक्की हुसैन रिजवी,सैयद फिरोज हुसैन, सैयद इकबाल हुसैन, गौहर मिर्जा, इमरान राइन, सैयद तनवीर हुसैन, बब्लू हुसैन, अमीन मिर्जा, नेहाल मिर्जा, इसलाम मिर्जा के अलावा काफी संख्या में लोग मौजूद थे।



# शिक्षा मंत्री से मिला सहायक अध्यापकों का प्रतिनिधिमंडल

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** झारखंड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा, लातेहार के जिला अध्यक्ष अतुल कुमार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने सूबे के शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ से लातेहार आवासीय परिसर में मुलाकात की। इस दौरान सहायक अध्यापकों ने सूबे के सहायक अध्यापकों को वेतनमान देने, आयु सीमा 65 वर्ष निर्धारित करने और छतरपुर, नौडीहा व पलामू के 512 सहायक अध्यापकों की समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया। जिला अध्यक्ष अतुल कुमार ने बताया कि शिक्षा मंत्री ने समस्याओं का सामाधन करने की बात कही है। प्रतिनिनिध मंडल में प्रदेश सदस्य सह चंदवा प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अहमद और संरक्षक प्रमोद पांडेय शामिल थे।



**बैद्यनाथ राम को शिक्षा मंत्री बनने पर बधाई दी**

सहायक अध्यापकों ने लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम को शिक्षा मंत्री बनने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री सहायक अध्यापकों द्वारा वर्षों से की जा रही वेतनमान की मांग पर पहल कर इसे सरकार द्वारा लागू करायेंगे। बधाई देने वालों में ऋषिकेश पाठक, अभिनव कुमार मिश्र, पवन कुमार यादव, शेखर यादव, प्रवीण सिंह, रुद्र प्रताप सिंह, लाल आशीष नाथ शाहदेव, शेखर यादव, ओम प्रकाश क्षत्रिय, सौरभ सिंह, अमित सिंह, गोविदा कुमार, उमेश साहू, सुनील सिंह, समोधी यादव, प्रदीप दुबे, मनोज सहाय, गुलाम अनवर, संजय सिंह, अजय सिंह, दिलीप प्रसाद, दिनेश ठाकुर, राजेश सिंह, सतपाल उरांव और राजेश गुप्ता शामिल रहे।

# खुले बाजार में सालों साल तक नहीं होती खाद्य व पेय पदार्थों की जांच

*बेखौफ ऊंचे दाम पर बेचे जाते हैं सामग्री*

*सरकार को लग रहा है राजस्व का चूना*

*लाखों के कारोबार पर आयकर और जीएसटी की भी पकड़ नहीं*

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पलामू जिला मुख्यालय से करीब 90 किलोमीटर दूर जपला, हैदरनगर, मोहम्मदगंज के बाजारों में नकली कोल्ड ड्रिंक, चालू मार्का के दूध पाउडर से मिठाइयां, किराना दुकानों में दो नंबर के मसाले सहित अन्य कई खाद्य पदार्थों को बेखौफ बिक्री की जाती रही है। विडंबना तो यह कि इसकी रोकथाम के लिए स्थापित संबंधित विभाग की टीम सालों साल कोई कार्यवाई करती नहीं दिखती। अव्वल तो यह भी कि इस अवैध कारोबार और ग्राहकों से वसूले जा रहे ऊंचे दर पर नियंत्रण के लिए कभी छापेमारी तक नहीं की जाती। जिससे अवैध कारोबारियों का धंधा भी बेधड़क फल फूल रहा है। शनिवार की देर शाम मुहर्रम पर्व पर निकली मजलिस में शामिल लोगों के बीच कई बेनामी कोल्ड ड्रिंक का वितरण किया गया। जिनकी बोतलों पर एक्सपायरी डेट रहने के बाद भी ग्राहकों से बिक्री कर दिया गया। इसके पीने से कई लोगों की तबियत भी खराब होने पर आनन फानन में स्थानीय स्तर पर इलाज कराया गया। उधर हैदरनगर बाजार में दो दर्जन से अधिक होजीयरी, मिठाई, आभूषण के ऐसे प्रतिष्ठान हैं। जो साल में फुटी कौड़ी भी आयकर नहीं देते। इसके साथ ही विभिन्न उत्पादों पर लगने वाले राज्य और केन्द्र सरकार का जीएसटी का भी चूना लग रहा है। किसी व्यवसाय में जब एक नंबर के बिल ही ग्राहक को नहीं मिलते, तो व्यवसायी को कोई टैक्स देने की जरूरत ही क्यों पड़ेगी। अब तक सेल्स टैक्स विभाग के कारनामे ही किसी पर्व त्योहारों में देखने को मिलते हैं। संबधित अधिकारी और उनके अरदलियों का काफिला के सलामी लेने की धमक जैसे ही आती है। क्षेत्र में उनके आने की भी पूर्व सूचना व्यवसायियों को मिलते ही उनके प्रतिष्ठान धडाधड़ बंद हो जाते हैं। इससे पूरे बाजारों में सन्नाटा पसरते ही चर्चा शुरू होती है कि सेक्स टैक्स वाले आए हैं। आए तो सही, पर वारा न्यारा करके चले भी गए।



बाजार में उपलब्ध दो नंबरी का कोल्ड ड्रिंक

# पंचायत भवनों को क्रियाशील करने की कवायद शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड के सभी निष्क्रिय पड़ी 12 पंचायत भवनों को क्रियाशील करने की पहल बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने शुरू की है। उन्होंने इस बावत अधिसूचना जारी कर संबधित पंचायत के कनीय अभियंता को दो दिनों के भीतर क्रियाशील पंचायतों की रिपोर्ट भी अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को समर्पित करने का निर्देश भी दिया गया है। साथ ही 15 वे वित्त के प्रखंड समन्वयक को सभी पंचायत भवन में बायोमैट्रिक डिवाइस स्थापित कर प्रगति रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है। क्रियाशील पंचायतों में ही संबधित मुखिया, पंचायत और रोजगार सेवक और वीएलई को अपने पंचायत में प्रतिदिन उपस्थित रहकर सभी जन कल्याणकारी योजना का निष्पादन करने को कहा गया है। उन्होंने सभी पंचायतों को क्रियाशील करने के लिए पंचायत सेवकों की उपस्थिति की रोस्टर भी जारी की है। जिसमें ननदेव उरांव सोम, गुरु को परता, मंगल, शुक्र को इमामनगर बरेवा, बुध और शनि को कुकही पंचायत सचिवालय का कमान संभालेंगे। युगेश्वर यादव सोम, बुध, शुक्र को संड़ेया, मंगल, गुरु, शनि को खरगाड़ा जबकि जय कृष्ण सिंह हैदरनगर पश्चिमी पंचायत सचिवालय में छुट्टी को छोड़ सभी दिन उपस्थित रहेंगे। पंकज कुमार दास सोम, बुद्ध, शुक्र को चौकड़ी, मंगल , गुरु, शनि को हैदरनगर पूर्वी पंचायत का कार्यभार संभालेंगे। शैलेंद्र कुमार चौधरी सोम, बुध, शुक्र को बभंडी, मंगल, गुरु, शनि को बिलासपुर जबकि पंचायत सेवक महेंद्र कुमार सोम, बुध, शुक्र को बरडंडा, मंगल, गुरु और शनिवार को मोकहर कला पंचायत में उपस्थिति दर्ज करेंगे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


ब्रीफ न्यूज

## जेल से भाग रहे कैदियों और सुरक्षाबलों के बीच गोलीबारी, आठ लोगों की मौत

**मोगादिशु।** सोमालिया की राजधानी मोगादिशु में सुरक्षाबलों और भागने का प्रयास कर रहे कैदियों के बीच भारी गोलीबारी हुई। इस घटना में पांच कैदियों और तीन सैनिकों की मौत हो गई, जबकि 18 अन्य कैदी घायल बताए जा रहे हैं। कस्टोडियल कोर कमांड के प्रवक्ता अब्दिकानी मोहम्मद खलफ ने शनिवार को बताया कि इस ऑपरेशन के दौरान तीन सैनिक भी घायल हुए हैं।सेंट्रल जेल से भागने का प्रयास कर रहे हथियारों से लैस कैदी अल-शबाब आतंकवादी समूह के सदस्य थे। जेस से भागने के प्रयास के दौरान जेल अधिकारियों और कैदियों के बीच गोलीबारी हुई।

## परमाणु हथियार का इस्तेमाल किया तो प्योंगयांग शासन को कर देंगे तबाह

**सोल।** दक्षिण कोरिया ने रविवार को चेतावनी दी कि यदि उत्तर कोरिया ने परमाणु हथियारों का इस्तेमाल किया तो वह पड़ोसी देश के शासन को तबाह कर देगा। दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, "हम कड़ी चेतावनी देते हैं कि परमाणु हथियारों के इस्तेमाल के बाद उत्तर कोरिया के शासन के बचने की कोई सूरत ही नहीं होगी। सोल की तरफ से यह बयान उत्तर कोरिया के शनिवार को जारी एक बयान की प्रतिक्रिया में दिया गया है।

## चार साल में आठ करोड़ नौकरियां देने के दावे को लेकर पीएम पर तंज

**नई दिल्ली ।** बेरोजगारी के मुद्दे पर कांग्रेस ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पलटवार किया। उसने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री झूठ का जाल बुन रहे हैं। दरअसल, एक दिन पहले प्रधानमंत्री ने मुंबई में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दावा किया था कि बीते तीन-चार वर्षों में आठ करोड़ नौकरियां पैदा हुई हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि नौकरियों पर झूठ फैलाने वाले अब बेनकाब हो चुके हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री को संबोधित करते हुए एक्स पर लिखा, "कल आप मुंबई में नौकरियां देने पर झूठ का मायाजाल बुन रहे थे।

# विदेश में रहने वाले भारतीय देश के विकास में बराबर के भागीदार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्र निर्माण में प्रवासी भारतीयों के योगदान की सराहना करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि विदेशों में रहने वाले भारतीय भारत के विकास और आधुनिकीकरण में बराबर के भागीदार हैं। रूस में रह रहे भारतीय देश के ब्रैंड एंबेसडर हैं और अपने कार्यों, योगदान और उपलब्धियों से ही वे भारत की छवि गढ़ते हैं। बिरला ने कहा कि रूस में भारतीय समुदाय के लोगों को अनुशासनप्रिय, मेहनती और कानून का पालन करने वाले प्रवासियों के रूप में जाना जाता है और इन्हीं प्रवासियों ने रूस और भारत दोनों देशों के विकास में योगदान करके प्रत्येक भारतीय को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि संख्या में कम होने के बावजूद, भारत के सांस्कृतिक कार्यक्रमों और त्योहारों में उनकी सक्रिय और जीवंत भागीदारी रहती है। रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में 10वें ब्रिक्स संसदीय मंच में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल का नेतृत्व कर रहे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मॉस्को में प्रवासी भारतीयों को संबोधित किया।

उन्होंने प्रवासी भारतीयों से रूस में अपनी मातृभूमि के बारे में जानकारी देने और दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत बनाने का आग्रह किया। भारतीय त्योहारों में रूस के लोगों के शामिल होने के बारे में बात करते हुए बिरला ने कहा कि दोनों देशों के लोगों के बीच घनिष्ठ संबंध ही हमारे द्विपक्षीय संबंधों का आधार हैं।



सेंट पीटर्सबर्ग में बोले, **ओम बिरला**

### रूस के लोगों में भारतीय संस्कृति के बारे में जानने की उत्सुकता

इस बात का उल्लेख करते हुए कि रूस के लोगों के मन में भारतीय संस्कृति और विविधताओं के बारे में जानने की उत्सुकता है। उन्होंने प्रवासी भारतीयों से आग्रह किया कि वे भारत की समृद्ध सनातन संस्कृति, योग, पुरातन ज्ञान और यहां की विविधताओं के बारे में रूस के लोगों को जानकारी दें और उन्हें भारत आने के लिए प्रोत्साहित करें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हाल में की गई रूस यात्रा और रूस में भारतीय समुदाय के साथ उनकी बातचीत का उल्लेख करते हुए बिरला ने कहा कि वर्तमान सरकार के प्रयासों से देश में बदलाव, विकास और समृद्धि का एक नया युग आरंभ हुआ है। बिरला ने यह भी कहा कि तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद भी मोदी जी की ऊर्जा, देश सेवा के लिए उनके उत्साह और विकसित भारत के उनके संकल्प से सभी को निस्वार्थ भाव से देश की सेवा करने की प्रेरणा मिलती है।

## केपी ओली नेपाल के पीएम नियुक्त, आज लेंगे शपथ

एजेंसी



**काठमांडू।** नेपाल में पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड' के नेतृत्व वाली सरकार के शुक्रवार को संसद में विश्वास का मत प्राप्त करने में विफल रहने के बाद राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल ने रविवार को नेकपा (एमाले) के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली को प्रधानमंत्री नियुक्त किया। चौथी बार प्रधानमंत्री पद पर नियुक्त हुए ओली सोमवार को अपने मंत्रियों के साथ राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में पद एवं गोपनीयता की शपथ लेंगे। नेकपा (एमाले) और नेपाली कांग्रेस की गठबंधन सरकार के सभी महत्वपूर्ण विभागों के मंत्रियों के नाम तय कर लिये गए हैं। राष्ट्रपति भवन शीतल निवास से जारी बयान में कहा गया है कि सरकार बनाने का दावा पेश करने वाले केपी शर्मा ओली को नेपाल के संविधान की धारा 76(2) के तहत प्रधानमंत्री पद पर नियुक्त किया गया है। इसी बीच राष्ट्रपति भवन में शपथग्रहण की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। राष्ट्रपति के प्रमुख सलाहकार डॉ. सुरेश चालिसे ने बताया कि शपथग्रहण के लिए सोमवार को पूर्वाह्न 11 बजे का समय तय किया गया है। नेपाली कांग्रेस के प्रकाशमान सिंह और नेकपा (एमाले) की तरफ से विष्णु पौडेल को उपप्रधानमंत्री बनाया जाएगा।

## तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को गुजारा भत्ता दिए जाने का फैसला शरीयत से अलग : मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की ओर से तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को गुजारा भत्ता दिये जाने के फैसले पर मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने एतराज जताया है। सर्वोच्च न्यायालय के इस फैसले के विरोध में मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की वर्किंग कमेटी की बैठक रविवार को दिल्ली में हुई। बैठक के बाद कमेटी ने कहा कि तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को गुजारा भत्ता दिये जाने का फैसला शरीयत से अलग है। मुसलमान शरीयत से अलग नहीं सोच सकता है। हम शरीयत के पाबंद हैं। हमारे लिए इससे अलग सोचना गलत होगा। जब किसी शख्स का तलाक हो गया, तो फिर गुजारा भत्ता कैसे मुनासिब है। कमेटी ने कहा कि भारत का संविधान हमें हक देता है कि हम अपने धार्मिक भावनाओं और मान्यताओं के हिसाब से रह सकते हैं, ऐसे में सुप्रीम कोर्ट का फैसला हम लोगों के हित में नहीं है। शादी-विवाह के मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला दिक्कत पैदा करेगा।

## नीट विवाद : एनटीए ने मामलों को सुप्रीम कोर्ट में स्थानांतरित करने के लिए नई याचिकाएं दायर कीं

एजेंसी





**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने राजस्थान उच्च न्यायालय के समक्ष कथित नीट (यूजी) पेपर लीक से जुड़े लंबित मामलों को सुप्रीम कोर्ट में स्थानांतरित करने के लिए नई याचिकाएं दायर की हैं। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर जारी वाद सूची के अनुसार, इस मामले पर 15 जुलाई को भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली खंडपीठ सुनवाई करेगी जिसमें न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं। इससे पहले 20 जून को शीर्ष अदालत ने देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों के समक्ष नीट (यूजी) पेपर लीक से जुड़े लंबित मामलों की सुनवाई पर रोक लगा दी थी और एनटीए को ग्रेस मार्क्स में गड़बड़ी से जुड़ी याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट में स्थानांतरित करने के आवेदन वापस लेने की अनुमति दी थी।

## एजुकेशन/करियर

**रजनीश ।** एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग में आपको हवाई उड़ान, डिज़ाइन, निर्माण, स्पेस रिसर्च, डिफेन्स टेक्नोलॉजी, कमर्शियल व मिलिट्री एयर क्राफ्ट के पुर्जों के साथ- साथ अंतरिक्ष यानों, उपग्रह और मिसाइलों से जुड़ी जानकारी प्रदान की जाती है। एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग अपने आप में ही एक चुनौती पूर्ण सजग क्षेत्र है।

# जानिए कहां है एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग के लिए कॉलेज



### दिल्ली में एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग कॉलेज

- स्कूल ऑफ एरोनॉटिक्स
- यूपीईएस दिल्ली
- दिल्ली वैमानिकी विज्ञान संस्थान
- आगरा कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी
- मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज

### एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग और एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में अंतर

एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग और एयरोस्पेस इंजीनियरिंग दोनों ही अलग अलग फील्ड है लेकिन इन दोनों ही फील्ड का काम लगभग मिलता जुलता है। एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग उन वायुयानों के डिजाइन और विकास के लिए है जो पृथ्वी के वायुमंडल के भीतर उड़ान भरते हैं, जबकि एयरोस्पेस इंजीनियरिंग उड़ान भरने वाले सभी हवाई जहाजों के साथ-साथ पृथ्वी के बाहर के वातावरण का भी अध्ययन कराती है। इस प्रकार इसमें मिसाइल्स, रॉकेट्स, सैटेलाइट्स, स्पेसक्राफ्ट, स्पेस स्टेशन आदि का अध्ययन शामिल है।

### कॉलेजों की सूची

### इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी

जब इंजीनियरिंग की बात आती है, तो आईआईटी एजुकेशन में कोई समझौता नहीं करता है। आईआईटी की लिस्ट में, खड़गपुर, मुंबई, और मद्रास को भारत में एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग कॉलेज के शीर्ष कॉलेजों के रूप में जाना जाता है जो एयरक्राफ्ट और स्पेसक्राफ्ट के डिजाइन और निर्माण से जुड़ा युनीक नॉलेज प्रोवाइड करते हैं। आईआईटी खड़गपुर को वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2023 में इंटरनेशनल लेवल पर 270वां स्थान दिया गया, जबकि।आईआईटी कानपुर न एशिया रैंकिंग 2021 में 264वां स्थान प्राप्त किया है। वहीं आईआईटी दिल्ली ने 174वां स्थान प्राप्त किया।

### इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग देहरादून

भारत में एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग कॉलेज की लिस्ट में आईआईटीज के बाद इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग देहरादून छात्रों को एयरोनॉटिकल और एयरोस्पेस दोनों कोर्सेस में थ्योरेटिकल और प्रैक्टिकल ज्ञान प्रोवाइड करता है। जो छात्र भारत या विदेश में एक अच्छे करियर की तलाश कर रहे हैं उनके लिए यह एक गेटवे इंस्टीट्यूट है। यहां छात्रों को एयरक्राफ्ट स्ट्रक्चर, एरोडायनमिक्स, एयरोप्लेन प्रोपल्शन, एयरक्राफ्ट मैटेरियल्स, डायनामिक्स और कंट्रोल्स, एवियोनिक्स और व्यवसाय, आदि जैसे विषयों की गहराई से पढ़ाई कराई जाती है।

### पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज चंडीगढ़

1962 में एयरोस्पेस इंजीनियरिंग विभाग की स्थापना के बाद से पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज हमेशा तकनीकी प्रगति के लिए प्रयासरत रहा है और इस इंस्टीट्यूट ने फिर पीछे मुड़ कर कभी नहीं देखा। भारत में एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग कॉलेज में से एक उत्कृष्ट इंस्टीट्यूट होने के नाते, पीएसी नवोदित इंजीनियरों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने में अग्रणी है। यहां के उच्च शिक्षा प्राप्त प्रोफेसर थर्मोडायनामिक्स, एयरोडायनामिक्स, एयरक्राफ्ट प्रोपल्शन, एयरक्राफ्ट स्ट्रक्चर, एयरो-इंजन डिज़ाइन, गैस डायनेमिक्स, कम्प्यूटेशनल फ्लूइड डायनेमिक्स और एयरक्राफ्ट मैटेरियल्स एंड प्रोसेसेज को पढ़ाने के विशेषज्ञ हैं। एनआईआरएफ( NIRF ) रैंकिंग 2022 के अनुसार इस प्रतिष्ठित सार्वजनिक इंस्टीट्यूट ने देश के शीर्ष 100 इंजीनियरिंग कॉलेजों में 87वाँ स्थान प्राप्त किया है।

### इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी तिरुवनंतपुरम

एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग में बीटेक, एमटेक और पीएचडी कोर्सेस प्रोवाइड करने वाले भारत में एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग कॉलेज की इस उत्कृष्ट लिस्ट में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी ने हमेशा से ही एयरक्राफ्ट के डिजाइन और डेवलपमेंट, लॉंच पैड, स्पेसक्राफ्ट जैसे सिस्टम्स को सबसे ज्यादा महत्व दिया है। यहाँ बीटेक प्रोग्राम के अंतर्गत विषयों में सॉलिड मैकेनिक्स, थर्मोडायनेमिक्स, हीट ट्रांसफर एंड मैटेरियल साइंस, फ्लूइड मैकेनिक्स, गैस डायनेमिक्स, प्रोपल्शन आदि शामिल हैं, जबकि एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग के अंतर्गत एमटेक प्रोग्राम में थर्मल और प्रोपल्शन, स्ट्रक्चर्स एंड डिजाइन, एरोडायनामिक्स और फ्लाइट मैकेनिक्स शामिल हैं।

### मद्रास इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी अन्ना यूनिवर्सिटी

एयरोनॉटिकल इंजीनियर बनने की इच्छा रखने वाले सभी छात्रों के लिए मद्रास इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एक पवित्र स्थान रहा है। इंस्टीट्यूट का एयरोस्पेस इंजीनियरिंग विभाग एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री प्रोवाइड करता है और अपने उच्चशिक्षित फैकल्टी और प्रयोगशालाओं के माध्यम से इस फील्ड में शिक्षा और अनुसंधान को संचालित करने में अग्रणी रहा है।

### बैंगलोर में एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग कॉलेज

- दयानंद सागर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग
- डॉ अम्बेडकर इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी
- नीति मीनाक्षी इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी
- आचार्य इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी
- एएमसी इंजीनियरिंग कॉलेज
- एमवीजे कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग
- एसीएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग
- ग्लोबल एकेडमी ऑफ टेक्नोलॉजी

### मुंबई में एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग कॉलेज

- गुरु ग्राम इंस्टिट्यूट ऑफ़ एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी
- अन्नासाहेब डांगे कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी
- शास्त्री ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस
- संजय घोड़ावत विश्वविद्यालय
- प्रियदर्शनी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग

### करियर स्कोप

- रिसर्च असिस्टेंट
- लेक्चरर/प्रोफेसर
- एयरक्राफ्ट तकनीशियन
- एयरोस्पेस मेडिसिन एक्सपर्ट
- ऐरक्रैश इन्वेस्टीगेशन एक्सपर्ट
- एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस इंजीनियर
- टेक्निकल अफसर
- एयरक्राफ्ट डिज़ाइन इंजीनियर
- क्यूए इंजीनियर
- एयरवर्दीनेस इंजीनियर
- एरोडायनमिस्ट
- स्ट्रक्चर एंड मटीरियल इंजीनियर
- एकॉस्टिक एक्सपर्ट्स
- स्ट्रेस एनालिस्ट

